CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : $24^{\circ}$C
न्यूनतम : $08^{\circ}$C

मुरादाबाद, गुरुवार 19 मार्च 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 213 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 29 रमज़ान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



नवनिर्माण के नौ वर्ष: 'डबल इंजन' से बदली उप्र की पहचान: योगी पेज 2



मेहंदी हसन मिराज ने वनडे और मिचेल सैंटनर ने टी-20 रैंकिंग में लगाई बड़ी छलांग खेल टाइम्स



अमेरिका-ईरान युद्ध का भारत पर प्रभाव सम्पादकीय



कांग्रेस के सामने पेश होंगे शीर्ष अमेरिकी अधिकारी पेज 12

# ईरान ने इजरायल पर तेज किए जवाबी हमले, तेल अवीव में भारी नुकसान

**तेहरान/तेल अवीव/कैनबरा।** ईरान ने बुधवार को इजरायल पर ताजा हमले करते हुए अपने शीर्ष नेताओं की हत्या का बदला लेने की घोषणा की है। तड़के तेल अवीव और यरुशलम में प्रत्यक्षदर्शियों ने आकाश में चमक देखे जाने की सूचना दी, जिनमें तेल अवीव के ऊपर क्लस्टर म्युनिशन मिसाइल जैसा दृश्य भी शामिल था।

तेल अवीव के कई इलाकों में गिरते मलबे से भारी नुकसान हुआ, जिसके बाद बम निरोधक दस्तों और आपातकालीन सेवाओं को तैनात किया गया। इससे पहले बुधवार को मध्य इजरायल में मिसाइल के छर्रों से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तेल अवीव के उत्तर में स्थित ब्नेई ब्राक शहर में एक अन्य व्यक्ति घायल हुआ। आपातकालीन सेवाओं के हवाले से यह जानकारी मीडिया रिपोर्टों में दी गई है। ईरानी सेना ने कहा कि उसने इजरायल के खिलाफ तीव्र हमले किए हैं। एक कमांडर ने इस कार्रवाई को तेज रफ्तार हमला बताया। ईरान की अर्द्ध-आधिकारिक तस्नीम समाचार एजेंसी ने ऐसे वीडियो प्रसारित किए, जिनमें तेल अवीव की ओर दागी गई मिसाइलें दिखाई गईं। इनमें खोर्रमशहर-4 मिसाइल भी शामिल बताई गई है, जिसे विशेषज्ञ 80 तक छोटे बम ले जाने में सक्षम -शेष पृष्ठ दो पर



- ईरानी सुप्रीम नेता मुजतबा खामेनेई ने कहा: लारीजानी की हत्या का लेंगे बदला
- ईरानी हमले में संयुक्त अरब अमीरात में ऑस्ट्रेलियाई सैन्य ठिकाना निशाना बना

## इजरायल का दावा: ईरान के खुफिया मंत्री खतीब मारे गए

**तेल अवीव।** इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने दावा किया है कि ईरान की राजधानी तेहरान में रात भर किए गए इजरायली हवाई हमले में ईरानी खुफिया मंत्री इस्माइल खतीब मारे गए हैं। इजरायली अखबार टाइम्स ऑफ इजरायल ने यह जानकारी दी है। रक्षा मंत्री ने एक सुरक्षा समीक्षा बैठक के दौरान यह भी संकेत दिया कि मंगलवार को सभी मोर्चों पर चौंकाने वाली जानकारी मिल सकती है। रक्षा मंत्री कार्यालय द्वारा जारी बयान के अनुसार, श्री काट्ज ने कहा कि ईरान और लेबनान में हिजबुल्लाह के खिलाफ चलाए जा रहे युद्ध की तीव्रता बढ़ाई जा रही है। उन्होंने पुष्टि की कि रात के समय किए गए हमलों में ईरानी खुफिया मंत्री खतीब को मार दिया गया है।

## पीएम मोदी ने कुवैत के क्राउन प्रिंस से की बात, क्षेत्र में शांति और होर्मुज पर चर्चा हुई


**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुवैत के क्राउन प्रिंस शेख सबाह अल-खालिद अल-हमद अल-मुबारक अल-सबाह से बातचीत की। इस दौरान पीएम मोदी ने ईद के लिए अग्रिम हार्दिक शुभकामनाएं दीं। दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया की बदलती स्थिति पर अपने विचार साझा किए। हाल के घटनाक्रमों पर भी गंभीर चिंता व्यक्त की गई। पीएम मोदी ने कहा कि हमने पश्चिम एशिया में बदली स्थिति पर विचार-विमर्श किया और हाल के घटनाक्रमों पर चिंता जताई। हमने कुवैत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर हमलों की निंदा को दोहराया। होर्मुज स्ट्रेट से सुरक्षित और निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हम इस बात पर सहमत हुए कि क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए निरंतर राजनयिक संपर्क जरूरी है।

## सऊदी में नहीं दिखा चांद, भारत में 21 को मनेगी ईद

**नई दिल्ली।** सऊदी अरब में बुधवार को शव्वाल का चांद नहीं देखा गया है, इसलिए वहां गुरुवार (आज) नहीं, बल्कि 20 मार्च को ईद मनाई जाएगी। दरअसल, सऊदी में चांद दिखने के आधार पर ही भारत में ईद की संभावित तारीख तय होती है। अगर सऊदी में बुधवार को चांद दिख जाता, तो वहां गुरुवार को ईद मनाई जाती। इसके बाद भारत में भी ईद की तारीख भी तय हो जाती। मगर वहां बुधवार को शव्वाल का चांद नहीं देखा गया है। इसका मतलब ये हुआ कि सऊदी में गुरुवार (आज) ईद नहीं मनाई जाएगी।

## 29वां रोज़ा

### दुआ का पैगाम देता है माहे रमज़ान का आखिरी दिन



आज उन्तीसवां रोज़ा है। अगर ईद का चांद आज शाम को नज़र आता है, तो माहे-रमज़ान के आखिरी अशरे यानी दोजख से निजात के अशरे का यह आखिरी रोज़ा होगा, लेकिन आज चांद नजर नहीं आता है, तो इंशाअल्लाह कल तीसवां और आखिरी रोज़ा होगा यानी सवाब का एक और दिन। उन्तीसवां रोज़ा रमज़ान की रुखसत के इशारे के साथ रोज़ेदारों और नेक बंदों से अल्लाह पर ईमान के साथ दुआ का पैगाम दे रहा है। माहे-रमज़ान में रोज़े रखते हुए तिलावते कुरआन करते हुए इबादत करते हुए अनजाने में जो भूलें या गलतियां हुई हैं, रोज़ेदार की किसी बात से किसी का दिल दुख गया हो। फर्ज में कोई कमी रह गई हो, न चाहते हुए भी यानी जब्त करने के बाद भी गुस्सा आ गया हो, वादाखिलाफी हो गई हो। अनजाने ही कोई कोताही हो गई हो, तो तौबा-ए-अस्तगफार करके अल्लाह से अपने मां-बाप, मुल्क और दुनिया की भलाई के लिए कसरत से दुआ मांगनी चाहिए।

# राज्यों को 10 प्रतिशत एक्स्ट्रा एलपीजी कोटा मिलेगा

## सरकार ने माना: एलपीजी की किल्लत जारी, मोदी-पेट्रोलियम मंत्री के बीच 2 घंटे चली बैठक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** ईरान-इजरायल जंग के बीच भारत में एलपीजी सिलेंडर की किल्लत बनी हुई है। इसी बीच केंद्र सरकार ने बुधवार को कहा कि राज्यों को 10 प्रतिशत ज्यादा एलपीजी कोटा देने का आफर दिया गया है। साथ ही राज्यों से धीरे-धीरे एलपीजी की जगह पीएनजी अपनाने में मदद करने को कहा गया है।

पेट्रोलियम मंत्रालय की अधिकारी सुजाता शर्मा ने कहा कि घरेलू एलपीजी उत्पादन 40 प्रतिशत बढ़ा है, लेकिन हालात पूरी तरह ठीक नहीं हुए हैं। एलपीजी की दिक्कत अभी भी बनी हुई है। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन बुकिंग बेहतर हुई है, लेकिन डिस्ट्रीब्यूटर के यहां अभी भी लंबी लाइनें लग रही हैं। वहीं कच्चे तेल-गैस की सप्लाई को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को संसद भवन में पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी के साथ बैठक की। इसमें कच्चे तेल और गैस की उपलब्धता, उनके इम्पोर्ट और संभावित संकट से निपटने की रणनीति पर चर्चा की गई। करीब 2 घंटे चली बैठक में सरकार ने अपने आपातकालीन तेल भंडार -शेष पृष्ठ दो पर



- केंद्र सरकार ने राज्यों से धीरे-धीरे एलपीजी की जगह पीएनजी अपनाने में मदद करने को कहा

### यूएई से 81 हजार टन कच्चा तेल लेकर गुजरात पहुंचा भारतीय टैंकर

**नई दिल्ली।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से करीब 81 हजार टन कच्चा तेल लेकर एक भारतीय टैंकर 'जग लाडकी' बुधवार को गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह पर पहुंचा। बंदरगाह की संचालक कंपनी अडानी पोर्ट्स ने बताया कि 274.19 मीटर की लंबाई वाले और 50.04 मीटर चौड़े हल वाले इस टैंकर में 80,886 टन कच्चा तेल लाया गया है। यह यूएई के फुजैरा बंदरगाह से तेल भरकर रवाना हुआ था। अडानी पोर्ट्स ने कहा है कि इस खेप से बड़ी तेल शोधन कंपनियों को आपूर्ति जारी रखने में मदद मिलेगी जो पश्चिम एशिया में जारी व्यवधान के बीच देश की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने में मुंद्रा बंदरगाह की भूमिका को उजागर करता है। उल्लेखनीय है कि ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजरायल की संयुक्त सैन्य कार्रवाई तथा ईरान द्वारा जवाबी हमले से पश्चिम एशिया से और पश्चिम एशिया के रास्ते आने वाली आपूर्ति प्रभावित हुई है।

### भारत ने जंग के बीच ईरान को मेडिकल मदद भेजी

**तेहरान।** इजरायल-अमेरिका और ईरान जंग के बीच भारत ने ईरान को मेडिकल सहायता की पहली खेप भेजी है। एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक, यह खेप ईरान की रेड क्रिसेंट सोसाइटी को सौंपी गई, जिसमें जरूरी दवाइयां और मेडिकल सप्लाई शामिल हैं। भारत में ईरान के दूतावास ने इस सहायता के लिए भारतीय लोगों का आभार जताया। दूतावास ने कहा कि यह मदद सफलतापूर्वक पहुंचा दी गई है और इसे भारत के लोगों की ओर से मिला सहयोग बताया।

# दिल्ली में चार मंजिला इमारत में लगी आग, नौ लोगों की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पालम स्थित साध नगर में एक रिहायशी 4 मंजिला बिल्डिंग में बुधवार सुबह करीब 7 बजे भीषण आग लग गई। हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई, जिनमें 3 नाबालिग लड़कियां शामिल हैं। 2 लोगों ने जान बचाने के लिए बिल्डिंग से छलांग लगा दी। दोनों को गंभीर चोटें आई हैं।

करीब 30 फायर ब्रिगेड मौके पर मौजूद हैं। आग पर काबू पा लिया गया है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी और तेजी से फैल गई। इमारत में उस समय 10-15 लोग मौजूद थे। इनमें कुछ शव बरामद किए जा चुके हैं। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। बिल्डिंग के बेसमेंट, ग्राउंड और फर्स्ट फ्लोर पर कपड़े और कॉस्मेटिक सामान के स्टोरेज के लिए किया जा रहा था। सेकेंड और थर्ड फ्लोर पर लोग रहते थे। चौथे फ्लोर पर एक टिन शेड बना हुआ था। आग की लपटें वहां तक पहुंच गई थीं। घटना में मारे गए 8 लोगों के शव -शेष पृष्ठ दो पर



- मृतकों में तीन नाबालिग लड़कियां, दो ने छलांग लगाकर जान बचाई, मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका

### इंदौर में ईवी ब्लास्ट, घर के डिजिटल लॉक नहीं खुलने से आठ लोग जिंदा जले

**इंदौर।** इंदौर में इलेक्ट्रिक कार टाटा पंच में चार्जिंग के दौरान शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई, जिसने तीन मंजिला मकान को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में रबर कारोबारी मनोज पुगलिया, उनकी गर्भवती बहू सिमरन सहित 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 4 लोग घायल हैं। मारे गए लोगों में से 6 मनोज के रिश्तेदार थे, जो मंगलवार को बिहार के किशनगंज से आए थे। घटना बुधवार तड़के 3.30 से 4 बजे के बीच बंगाली चौराहे के पास ग्रेटर बृजेश्वरी कॉलोनी की है। आग ने घर के अंदर रखे गैस सिलेंडरों को अपनी चपेट में ले लिया। इससे एक के बाद एक सिलेंडर फटने लगे। धमाका इतना तेज था कि मकान का एक हिस्सा ढह गया। घर में लगे डिजिटल लॉक खुल नहीं पाए, इसके कारण अंदर सो रहे लोगों को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला। रहवासियों ने बताया कि फायर ब्रिगेड की गाड़ियां सूचना देने के करीब एक घंटे बाद मौके पर पहुंचीं।

## परिषद की सीट रिक्त घोषित करने का ICAI का निर्णय रद्द

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) द्वारा क्षेत्रीय परिषद की एक सीट को रिक्त घोषित करने के निर्णय को रद्द कर दिया और कहा कि बैठकों के आयोजन में प्रक्रियात्मक खामियों का उपयोग स्वत: अयोग्यता के लिए नहीं किया जा सकता है। यह विवाद तब शुरू हुआ जब 2025-2029 कार्यकाल के लिए उत्तरी भारत क्षेत्रीय परिषद के निर्वाचित सदस्य गौरव अग्रवाल को छह नवम्बर, 2025 को सूचित किया गया कि उन्होंने अपनी सीट खो दी है।

- दिल्ली हाईकोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में आदेश किया जारी

## आंधी और बारिश के साथ उप्र में बदला मौसम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उप्र के पश्चिमी जिलों में मौसम ने बुधवार शाम अचानक करवट ली। देर शाम दिल्ली से सटे जिलों नोएडा, गाजियाबाद, मुजफ्फरनगर आदि जिलों में झोंकेदार हवाओं व गरज-चमक के साथ बारिश शुरू हो गई।

मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मौसम का यह बदलाव 21 मार्च तक जारी रहेगा। इस दौरान बारिश वाले क्षेत्रों में 40 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है। तेज हवाओं और बारिश के असर से प्रदेशभर में अगले दो दिनों में अधिकतम तापमान में 5 से 7 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट के संकेत हैं। गुरुवार को पश्चिमी यूपी व मध्यांचल के 23 जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश का पूर्वानुमान जारी किया गया है, जबकि सहारनपुर, शामली और मुजफ्फरनगर समेत छह जिलों में ओलावृष्टि का अलर्ट है। बुधवार को बांदा सबसे गर्म रहा, जहां अधिकतम तापमान 39.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक 19 मार्च से बदलाव के साथ 20 मार्च को प्रदेशभर में तेज हवाओं और बारिश का व्यापक असर -शेष पृष्ठ दो पर

- पश्चिमी जिलों में गरज- चमक के साथ हुई बारिश

## ईडी की छापेमारी के दौरान ममता बनर्जी का दखल अच्छी स्थिति नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को प. बंगाल से कहा कि ईडी की छापेमारी के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का दखल देना अच्छी स्थिति नहीं है। आई-पैक कार्यालय में ईडी की छापेमारी को लेकर शीर्ष कोर्ट ने यह टिप्पणी की।

बार एंड बेंच के अनुसार, जस्टिस पंकज मिश्रा और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने कहा कि ईडी जैसी केंद्रीय एजेंसी के काम में बाधा आने पर उसे बिना किसी उपाय के नहीं छोड़ा जा सकता। बेंच की यह टिप्पणी उस समय आई, जब पश्चिम बंगाल की ओर से यह दलील दी गई कि कोई केंद्रीय एजेंसी संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत सीधे सुप्रीम कोर्ट नहीं जा सकती। सुनवाई के दौरान पश्चिम बंगाल की ओर से वकील श्याम दीवान पेश हुए। उन्होंने कहा कि ईडी कोई अलग कानूनी इकाई नहीं है, यह केवल सरकार का एक विभाग है। इसकी अपनी कोई अलग पहचान नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर कोई मौलिक अधिकार लागू ही नहीं होता, तो अनुच्छेद 32 के तहत याचिका दायर नहीं की जा सकती। वकील दीवान ने दलील दी कि अगर ईडी जैसी केंद्रीय एजेंसियों को अनुच्छेद 32 का इस्तेमाल करने की अनुमति दी गई, तो यह संघीय ढांचे के लिए खतरनाक उदाहरण बन सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसा होने पर सांविधानिक व्यवस्था में मौजूद संतुलन और नियंत्रण की प्रक्रिया पूरी तरह दरकिनार हो जाएगी और एक विभाग दूसरे के खिलाफ इस अनुच्छेद का इस्तेमाल करने लगेगा।

आई-पैक कार्यालय में ईडी की छापेमारी को लेकर शीर्ष कोर्ट ने की टिप्पणी



## 33 हजार करोड़ की लागत से बनेंगे 100 इंडस्ट्रियल पार्क

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बुधवार को कैबिनेट बैठक में कई अहम फैसले लिए। सरकार ने औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए 'भव्य' (भारत औद्योगिक विकास योजना) को मंजूरी दी है।

33,660 करोड़ रुपये लागत वाली इस योजना के तहत देशभर में 100 इंडस्ट्रियल पार्क विकसित किए जाएंगे। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि योजना के तहत बनने वाले इंडस्ट्रियल पार्क में उद्योगों के लिए जमीन, बिजली, पानी और अन्य बुनियादी सुविधाएं पहले से उपलब्ध कराई जाएंगी। सरकार का मानना है कि इस योजना से देश में निवेश बढ़ेगा और बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे। कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश के बाराबंकी से बहराइच के बीच 4-लेन एक्सेस-कंट्रोल्ड नेशनल हाईवे-927 के निर्माण को भी मंजूरी दी गई है। इस परियोजना पर करीब 6,969 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। केंद्र सरकार ने देश में नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए 2,585 करोड़ रुपये की स्मॉल हाइड्रो पावर डेवलपमेंट स्कीम को मंजूरी दी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस योजना के तहत 1,500 मेगावाट क्षमता की छोटी जल विद्युत परियोजनाएं विकसित की जाएंगी। यह योजना अगले पांच सालों में 2030-31 तक लागू की जाएगी। इसके तहत परियोजनाएं रन-ऑफ-द-रिवर मॉडल पर विकसित होंगी, जिससे बड़े बांध बनाने की जरूरत नहीं पड़ेगी और लोगों के विस्थापन से बचा जा सकेगा। सरकार के अनुसार देश में 7,133 स्थानों पर छोटे हाइड्रो प्रोजेक्ट्स की संभावना है, जिनकी कुल क्षमता करीब 21,000 मेगावाट है। फिलहाल 1,196 स्थानों पर 5,100 मेगावाट क्षमता के प्रोजेक्ट संचालित हो रहे हैं। सरकार का अनुमान है कि इस योजना से करीब 15,000 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित होगा और स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। केंद्र सरकार ने कपास किसानों को राहत देने के लिए सीसीआई को 1,718.56 करोड़ रुपये की फंडिंग मंजूर की है। यह फैसला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) ने लिया।

- भव्य योजना को केंद्र सरकार ने दी मंजूरी, यूपी में बाराबंकी-बहराइच के बीच 7000 करोड़ से बनेगा 4-लेन हाईवे
- कैबिनेट बैठक में 2,585 करोड़ की स्मॉल हाइड्रो पावर स्कीम को मंजूरी, कपास किसानों को राहत, सरकार खरीदेगी पूरी उपज



# उत्तम नगर में हत्या के विरोध में प्रदर्शन

## आरोपियों को फांसी व परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अखिल भारतीय खटीक समाज ने आज उत्तम नगर (दिल्ली) के तरूण खटीक के हत्यारों को गिरफ्तार कर फांसी देने एवं पीड़ित परिजनों को सरकारी नौकरी एवं समुचित मुआवजा दिए जाने की मांग को लेकर जिला मुख्यालय पर मौन जुलूस निकाला और डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को पांच सूत्रीय ज्ञापन प्रेषित किया।




अखिल भारतीय खटीक समाज के तत्वाधान जनपद भर से खटीक समाज के लोग एजाज अली हाल पार्क में एकत्रित हुए। जिला अध्यक्ष सुनील पाल मनोहारिया, भाजपा नेत्री डा. रचनापाल खटीक, युवा जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर खटीक, विनोद धारीवाल और नितिन खटीक के नेतृत्व कलेक्ट्रेट तक मौन जुलूस निकाला। जुलूस पालिका चौक से डाकखाना चौराहा, रोडवेज बस स्टैंड, विकास भवन, एसपी कार्यकाल होता हुआ डीएम कार्यालय पहुंचा जहां नारेबाजी करते हुए राष्ट्रपति को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन डीएम को सौंपा। प्रदर्शनकारी हाथों में तख्ती लिए हुए थे। जिस पर उत्तम नगर, दिल्ली के तरुण खटीक के हत्यारों को फांसी देने, न्याय देने की मांग लिखी थी।

ज्ञापन में तरूण खटीक की असामाजिक तत्वों द्वारा की गई निर्मम हत्या पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा गया कि इस घटना से तरूण खटीक के परिवारजन सहित संपूर्ण खटीक समाज को गहरा आघात पहुंचा है। जिसकी भरपाई नहीं की जा सकती हैं। ज्ञापन में मृतक तरूण खटीक के हत्यारों को अविलंब गिरफ्तार कर फांसी की सजा दिलवाई जाने, हत्यारों की समस्त चल व अचल संपत्ति कुर्क कराई जाए और बुलडोजर की कार्रवाई कराने, तरुण खटीक की पारिवारीक आर्थिक स्थिति को देखते हुए परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी दिए जाने तथा साथ ही समुचित आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने, उत्तम नगर क्षेत्र दिल्ली के वर्तमान खतरनाक हालातों के मद्देनजर पीड़ित परिवार को पुलिस सुरक्षा मुहैया करवायी जाने निर्दोष हिंदू युवकों को मारने आदि की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में नितिन खटीक उर्फ नीटू, शम्मीपाल खटीक, अनिल खटीक, रामभरोसे खटीक, रामगोपाल खटीक, वीरेंद्र खटीक, रघुनाथ खटीक, राजू खटीक, शिवम खटीक, आदित्य खटीक, अक्षय खटीक, कृष्ण कुमार, कुणाल, मोहित कुमार आदि मौजूद रहे। बाद में भाजपा नेत्री डा. रचनापाल खटीक के आवास पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। जिसमें वक्ताओं ने तरुण खटीक के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश में अभूतपूर्व विकास एवं सतत समृद्धि एवं नवनिर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने पर सीएम द्वारा प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण आज पूर्वाह्न दस बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह एवं डीएम जसजीत कौर की अध्यक्षता में देखा गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह ने प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने पर कहा कि प्रदेश में आज पर्यटन के लिए करोड़ों लोग विभिन्न धार्मिक स्थलों सहित अन्य दर्शनीय स्थलों के दर्शन के लिए आते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से दलितों, वंचितों, अतिपिछड़ों और गरीबों के कल्याण के लिए कदम उठाए गए हैं और सबका-साथ, सबका-विकास के पथ पर कार्य करते हुए योजनाओं का लाभ बिना किसी जाति, धर्म संप्रदाय देख सभी को लाभ प्रदान कर रही है।

इस मौके पर सीडीओ रणविजय सिंह, सीएमओ कौशलेंद्र सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए दिनकर भारती, उपायुक्त मनरेगा आरबी यादव, डीडीओ रचना गुप्ता, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी लक्ष्मी देवी सहित अन्य संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

## एक नजर

### ईद की नमाज ईदगाह में आठ बजे

**चांदपुर।** ईद उल फितर की नमाज ईदगाह में सुबह आठ बजे अदा की जाएगी। यह जानकारी देते हुए शहर ईमाम मुफ्ती मौहम्मद आमिर ने बताया कि चांदपुर में ईद उल फितर की नमाज ईदगाह में 8 बजे और शहर जामा मस्जिद में साढ़े आठ बजे अदा की जाएगी। उन्होंने समस्त मुस्लिम भाईयों से ईद उल फितर का त्यौहार आपसी भाईचारे के साथ मिलजुलकर मनाने और किसी तरह की कोई नई परम्परा को कायम न करने की अपील की। उन्होंने सख्त हिदायत के तौर पर कहा कि शासन-प्रशासन को कोई शिकायत का मौका न दे और अपनी-अपनी मनाजे ईदगाह और अन्य मस्जिदों में ही अदा करे। सड़कों पर या गलियारों में नमाज अदा करने से बचे।

### हाशिम उर्फ कट्टो दिल्ली से गिरफ्तार

**हीमपुर दीपा।** बीती 17 फरवरी को पुलिस ने एक गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन शातिर चोर आदिल पुत्र शौकीन निवासी ग्राम सब्दलपुर तेली थाना चांदपुर, रोहताश पुत्र स्व. रमेश सिंह निवासी ग्राम पाइंदापुर थाना डिलारी (मुरादाबाद) हाल निवासी ग्राम मुकरपुर गुर्जर, थाना हीमपुर दीपा और वाजिद पुत्र कसीमुद्दीन निवासी ग्राम सब्दलपुर तेली, थाना चांदपुर को गिरफ्तार किया था। जिनके कब्जे से कई ई रिक्शा, ट्रैक्टरों के बैटरी सहित बड़ी संख्या में चोरी का सामान बरामद हुआ था। जहां इन लोगों को हीमपुर दीपा पुलिस पूर्व में ही जेल भेज चुकी है, वहीं इनका सरगना हाशिम उर्फ कट्टो बीते एक माह से फरार चल रहा था। जिसकी तलाश में हीमपुर दीपा तलाश में जुटी थी। सूत्र बताते हैं कि हीमपुर दीपा पुलिस ने हाशिम उर्फ कट्टो को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। जिससे लगातार पूछता जारी है। सूत्र बताते हैं कि पुलिस को शक है कि गिरोह के सरगना कट्टो को कई अन्य चोरियों और इस गैंग में शामिल अन्य शातिर चोरों के बारे में बहुत सी जानकारी है, जिसे पुलिस उगलवाने में लगी है।

### नवरात्रि पर्व पर नगीना पुलिस अलर्ट



**नगीना।** ईद व नवरात्रि को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। सीओ डा. अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने नगर के संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया और जनता से शांति बनाए रखने की अपील की। साथ हो उन्होंने अधीनस्थ अधिकारियों व पुलिस बल के साथ रामलीला मैदान स्थित दुर्गा मंदिर का स्थलीय भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिक. ारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान मंदिर कमेटी के लोग भी मौजूद रहे।

### भाजपा नेताओं का स्वागत

**नजीबाबाद।** भाजपा के नवनियुक्त जिला महामंत्री और नगर पंचायत के नामित सदस्य का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। आदर्श नगर में बुधवार को भाजपा के जिला महामंत्री बलराज त्यागी के आवास पर हुए एक कार्यक्रम में नवनियुक्त जिला महामंत्री बलराज त्यागी और जलालाबाद नगर पंचायत के नामित सदस्य दीपक वाल्मीकि का धामपुर की पूर्व अध्यक्ष लीना सिंघल ने फूल मालाओं और शॉल ओढ़ा कर स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व पालिका अध्यक्ष लीना सिंघल ने पार्टी कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों और सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। नवनियुक्त जिला महामंत्री बलराज त्यागी ने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता मिशन 2027 में तन-मन से जुटे हैं। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से आपस में समन्वय स्थापित कर पार्टी को और मजबूत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष वरुण आत्रे, इंदु त्यागी, अमन कुमार विश्नोई, कोमल सिंह हल्दिया, अतुल कुमार, संजय सैनी, अजय दास आदि उपस्थित थे।

### ईद से पहले ईदगाह का निरीक्षण

**नगीना।** ईद-उल-फितर त्योहार के मद्देनजर पालिका प्रशासन सक्रिय हो गया है। ईओ आशुतोष राम प्यारे जायसवाल ने ईदगाह में साफ-सफाई, पेयजल और प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को समय रहते सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि ईद पर बड़ी संख्या में लोग नमाज अदा करने के लिए ईदगाह पहुंचते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि साफ-सफाई और व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान सफाई निरीक्षक धीरज राय वर्मा, लिपिक रोहि. हत कुमार, सफाई नायक सोनू कुमार व उनकी टीम के भीम, नरेश, सचिन, विक्रम सहित कई कर्मचारी उपस्थित रहे।

# महिला की ट्रक के पहिए से कुचलकर दर्दनाक मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** काशीपुर-हरिद्वार नेशनल हाईवे पर अंगदपुर बस स्टैंड के पास एक कंटेनर ने आगे चल रही बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर पीछे बैठी महिला की ट्रक के पहिए से कुचलकर दर्दनाक मौत हो गई। जबकि बाइक चालक युवक घायल हो गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार अफजलगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम ऊद्योवाला निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक राजेंद्र चौहान की पत्नी पार्वती देवी (50 वर्ष) आज दोपहर लगभग 12 बजे अपने पड़ोसी युवक नीतीश कुमार पुत्र भूपेंद्र सिंह के साथ बाइक से काशीपुर उत्तराखंड स्थित चामुंडा अस्पताल में भर्ती अपने बीमार भांजे संतोष कुमार को देखने गई थी। वहां से नीतीश कुमार और पार्वती देवी बाइक द्वारा गांव वापस लौट रहे थे। इसी दौरान काशीपुर-हरिद्वार नेशनल हाईवे पर अंगदपुर बस स्टैंड के पास

### बाइक चालक युवक घायल

शाम लगभग साढ़े चार बजे काशीपुर की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार कंटेनर ने नीतीश की बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर बैठी पार्वती देवी की कंटेनर के पहियों से कुचलकर दर्दनाक मौत हो गई। जबकि नीतीश कुमार पुत्र भूपेंद्र सिंह घायल हो गया। चालक कंटेनर लेकर फरार हो गया। सूचना पर थाना अध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीणों से दुर्घटना की जानकारी ली।

थानाध्यक्ष ने बताया कि पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका अपने पीछे पति राजेंद्र सिंह चौहान व पुत्र मनीष चौहान को रोता बिलखता छोड़ गई है।

# जगह-जगह रोजा इफ्तार कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** रमजान मुबारक के आखिरी अशरे में इबादत रहमत और बरकत का सिलसिला चरम पर है। नगर में जगह-जगह रोजा इफ्तार कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में नगर के वरिष्ठ चिकित्सक एवं समाजसेवी डा. खुर्शीद कुरैशी के निवास पर एक भव्य एवं शानदार रोजा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नगर के कई गणमान्य और सम्मानित लोग शामिल हुए इफ्तार से पहले सभी लोगों ने मिलकर अल्लाह की बारगाह में हाथ उठाकर मुल्क में अमन-चैन तरक्की और खुशहाली के लिए दुआएं मांगीं जैसे ही अज़ान हुई सभी ने खजूर और पानी से रोजा इफ्तार किया। पूरे आयोजन के दौरान धार्मिक माहौल सादगी और भाईचारे की झलक साफ नजर आई।



### डा.खुर्शीद कुरैशी के निवास पर भव्य आयोजन

डा. खुर्शीद कुरैशी अपनी पेशेवर जिम्मेदारियों के साथ-साथ सामाजिक और धार्मिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं वे एक कुशल चिकित्सक होने के साथ-साथ एक नेक मिलनसार और धार्मिक विचार धारा के इंसान के रूप में जाने जाते हैं गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करना उनकी पहचान बन चुका है। रमजान के मुकद्दस महीने में उनके द्वारा किया गया यह आयोजन न सिर्फ इबादत का जरिया है, बल्कि समाज में एकता और इंसानियत का पैगाम भी देता है।

इस मौके पर पत्रकार फहीम कुरैशी, जुबेर कुरैशी, शमशाद एड., एहसान वकील, वसीम उर्फ बबली कुरैशी, अरशद अंसारी, मौहम्मद अहमद अंसारी, जुबैर अहमद, वसीम कुरैशी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

डा. खुर्शीद कुरैशी ने सभी मेहमानों का दिल की गहराइयों से आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने सभी से गरीबों और जरुरतमंदों की मदद करने की अपील भी की।

### रेलवे क्रॉसिंग पर फ्लाईओवर ब्रिज में जीना ना बनाने का मामला

# मानवाधिकार आयोग ने दी कार्रवाई की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** रेलवे क्रॉसिंग पर बने फ्लाईओवर ब्रिज पर जीने का निर्माण न होने पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने कार्यवाही की चेतावनी दी है।



आदर्श नगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने पूर्व में रेलवे क्रॉसिंग संख्या 480 और 484 पर पैसा उपलब्ध होने के बावजूद उत्तर प्रदेश सेतु निगम द्वारा जीना न बनाए जाने के संबंध में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को बीते वर्ष अवगत कराया था। जिस पर आयोग द्वारा पूर्व में संबंधित विभाग को नोटिस जारी हुए, लेकिन विभाग द्वारा इस संबंध में कोई जवाब आयोग में प्रस्तुत नहीं किया गया। मानवाधिकार आयोग ने कहा है कि उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम के प्रमुख सचिव को पुनः ऑनलाइन माध्यम से एक अंतिम रिमाइंडर जारी किया जाए, जिसमें उनसे चार सप्ताह के भीतर कमीशन को की गई कार्रवाई की ज़रूरी रिपोर्ट सौंपने को कहा जाए। अन्यथा ऐसा न करने पर कमीशन को मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 की धारा 13 लागू करने के लिए विवश होना पड़ेगा। पूर्व में रेलवे लिखित में बता चुका है कि जीने के अभाव में कई लोगों की जान चली गई है। क्योंकि आमजन को रेलवे लाइन क्रॉस कर एक सिरे से दूसरे सिरे को जाना पड़ता है।

# स्योहारा को बड़ी सौगात




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** क्षेत्रवासियों के लिए एक बेहद राहत भरी खबर सामने आई है। नगर के प्रख्यात समाजसेवी एवं चिकित्सक डा. मनोज वर्मा ने स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल की है। जिसके तहत स्योहारा में ही आधु. निक ब्लड बैंक की शुरुआत होने जा रही है। अब तक आपात स्थिति में मरीजों और उनके परिजनों को ब्लड की व्यवस्था के लिए धामपुर, मुरादाबाद जैसे शहरों की दौड़ लगानी पड़ती थी। इस दौरान समय की कमी और भागदौड़ के चलते कई बार मरीजों की हालत गंभीर हो जाती थी। लेकिन अब इस समस्या से क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिलने

### अब ब्लड के लिए नहीं भागना पड़ेगा बाहर

वाली है। स्टेशन रोड स्थित वर्मा मैटरनिटी सेंटर में डा. मनोज वर्मा द्वारा संचालित अत्याधुनिक ब्लड बैंक अप्रैल माह से शुरू होगा। इस ब्लड बैंक में सभी ग्रुप का सुरक्षित ब्लड उपलब्ध रहेगा। जिससे इमरज. ेंसी के दौरान मरीजों को तुरंत सहायता मिल सकेगी। गौरतलब है कि डा. मनोज वर्मा नगर ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र में अपनी सामाजिक सेवाओं और जनहित के कार्यों के लिए एक अलग पहचान रखते हैं। उनकी यह पहल भी समाज के प्रति उनके समर्पण और संवेदनशीलता को दर्शाती है।

# सनशाइन में विद्यार्थियों का ग्रुप फोटो सेशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** सन शाइन पब्लिक स्कूल फजलपुर तबेला में कक्षानुसार ग्रुप फोटो सेशन किया गया तथा विद्यार्थियों को उनकी विभिन्न गतिविधियों में प्रतिभाग करने पर शिल्ड व प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

सन शाइन पब्लिक स्कूल में आज सभी विद्यार्थियों का ग्रुप फोटो सेशन करके उनकी अच्छी गतिविधियों जैसे-क्रेटिव स्टार, हेल्पिंग हैंड, शाइनिंग स्टार, रेगुलेटरी स्टार, मोस्ट इम्प्रूव्ड, बैस्ट अटेंडेंस, आदि के लिए विद्यालय के एमडी विनोद मित्तल व प्रधानाचार्य आलोक अग्रवाल द्वारा शिल्ड व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा बारहवीं तक के विद्यार्थियों में वैष्णवी, सृष्टि, अशित, दक्ष, ख्याति, नींव, अभिनव, प्रियांशी, जुकरा, विधि, हर्षित, उज्ज्वल, बुलबुल, हेमंत, अनायजा, टीना, दैविक, जतिन, प्रणव, कार्तिक, रिया, अरहमा, त्रिशा, आयुष, अनाया, अनवि, शीनू, दिपांशु, प्रभात, वंदना, मूसा, मानव, तनिष्क, प्रिंस, नैना, गरिमा, मनि, विनय, शौर्य, हसनैन, ज़िकरा, अफ्फान, भूमिका, ईशू,




दिव्या, ओवेस, प्रगति, तानिया, आदर्श, फरहान, माहिरा, आर्यन, कशिश, रीत, अलिशा, सुनैना, आयुषी, आदित्य, कनिका, आकाश, श्वेता, अर्शलान, आभाष, अंजिल, प्रिंस, कावल आदि सभी ने अच्छे कार्यों में नाम कमाकर विद्यालय का नाम रोशन किया।

बच्चों की उपलब्धियों के लिए विद्यालय के एमडी सर विनोद मित्तल व समस्त स्टाफ ने बच्चों को उनके कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इसी तरह सभी बच्चे अपने जीवन में आगे बढ़ते रहें तथा बाकि सभी बच्चों को भी आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यालय के एमडी विनोद मित्तल विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि विद्यालय वह पूर्व प्रबंधक अपनी माता जी स्व. मालती अग्रवाल की स्मृति में पांच विद्यार्थियों छात्रवृत्ति देगें, यह कक्षा छह से कक्षा बारह तक की छात्राओं के लिए होगा। जिसके लिए छात्राओं को कुछ शर्तों के साथ स्कॉलरशिप टेस्ट देना पड़ेगा।

# कांस्टेबल की सजगता से बची बच्चे की जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** परिजनों की डांट से क्षुब्ध बालक आत्महत्या के इरादे से खो नदी पर के पुल पर जा पहुंच गया। अचानक एक पुलिसकर्मी की नजर उस पर पड़ गई और उसे ऐसा करने से बचा लिया गया। बालक को उसके परिजनों के सपुर्द कर दिया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार नगर के एक मौहल्ला निवासी दस वर्षीय बालक को उसके माता-पिता ने किसी बात को लेकर डांट दिया। माता पिता की डांट से क्षुब्ध बालक आत्महत्या करने के इरादे से खो नदी के पुल पर जा पहुंचा। बालक नदी में कूदने ही वाला था कि अचानक खो नदी से बाइक से गुजर रहे पुलिसकर्मी प्रदीप यादव की नजर उस पर पड़ गई। पुलिसकर्मी ने तुरन्त ही अपनी बाइक रोक कर बालक को दबोच लिया और उसे पुलिस चौकी ले आए। बालक से पूछताछ कर उसके परिजनों को घटना से अवगत कराया गया। सूचना मिलते ही बालक के दादा पुलिस चौकी पंहुचे और बालक को अपने साथ ले गए। उन्होंने बताया कि बालक को उसकी मम्मी ने किसी बात को लेकर डांट दिया था।

कस्बे में तैनात कांस्टेबल प्रदीप यादव के द्वारा बच्चे को आत्महत्या करने से बचा लेने पर उनकी सजगता की प्रशंसा हो रही है। यदि समय रहते प्रदीप यादव ना देखते, तो परिवार का चिराग बुझ जाता।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ईरान ने...**

मानते हैं। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने कहा कि ये हमले राष्ट्रीय सुरक्षा प्रमुख अली लारिजानी की हत्या के प्रतिशोध में किए गए हैं, जिन्हें कथित तौर पर मंगलवार को इजरायली हमले में मार दिया गया था। उधर, बुधवार तड़के ईरान के विभिन्न हिस्सों में भी विस्फोटों की खबरें सामने आई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, फारस की खाड़ी के प्रमुख बंद. रगाह शहर बंदर अब्बास में नौसैनिक और बंदरगाह सुविधाओं के पास कई धमाके हुए। सुबह लगभग 8:00 बजे नौसेना क्षेत्र और शाहिद बहोनर बंदरगाह के पास विस्फोट सुने गए। इसके बाद 8:15 बजे जहानबर क्षेत्र में तथा 8:40 बजे शाहिद राजाई बंदरगाह के तेल टर्मिनल और नियंत्रण टॉवर के पास भी धमाकों की सूचना मिली। दक्षिण-पश्चिमी खुजेस्तान प्रांत के प्रमुख शहर अहवाज में सुबह करीब 9:30 बजे जैतून करमांदी इलाके में जोरदार विस्फोट हुआ, जिससे आसपास के इलाकों में खिड़कियां टूटने की खबर है। कर्मानशाह प्रांत के सोंगहोर कस्बे में सुबह करीब 5:00 बजे विस्फोट की सूचना मिली, जबकि फॉर्स प्रांत के काजेरून के पास लगभग 6:55 बजे धमाका सुना गया। तेहरान के पश्चिम में मालार्ड क्षेत्र में सुबह 6:50 से 7:10 बजे के बीच कई विस्फोट हुए, जबकि पास के अलबोर्ज प्रांत के फर्दीस क्षेत्र में भी लगभग 7:11 बजे कई धमाकों की आवाजें सुनी गईं। वहीं ईरान के बुधवार को संयुक्त अरब अमीरात स्थित अल मिनहाद एयर बेस पर किए गए हमले में ऑस्ट्रेलियाई रक्षा बल (एडीएफ) के किसी भी कर्मी के हताहत होने की सूचना नहीं है। यह एयर बेस एडीएफ कर्मियों की तैनाती के लिए एक महत्वपूर्ण केन्द्र है। ऑस्ट्रेलिया के रक्षा विभाग ने पुष्टि की कि यह हमला 18 मार्च की सुबह हुआ, जिसमें बेस के उस हिस्से को निशाना बनाया गया, जहां एडीएफ की लंबे समय से उपस्थिति रही है। हमले से बेस के ऑस्ट्रेलियाई हिस्से में बुनियादी ढांचे को मामूली नुकसान पहुंचा, जिसमें एक आवासीय ब्लॉक और एक चिकित्सा सुविधा शामिल है।

**राज्यों को...**(एसपीआर) की भी समीक्षा की है। जरूरत पड़ने पर इसका इस्तेमाल किया जा सकता है। अधिकारियों के मुताबिक देश के पास कुछ हफ्तों का तेल स्टॉक मौजूद है, जिससे फिलहाल संकट की संभावना कम है। दरअसल होर्मुज स्ट्रेट के बंद होने से दुनियाभर में तेल सप्लाई पर असर पड़ा है। हालांकि युद्ध के माहौल में भारत के तीन जहाज शिवालिक, नंदा देवी और जग लाडकी तेल-गैस लेकर गुजरात के पोर्ट्स पर पहुंचे हैं। पेट्रोलियम मंत्रालय की अधिकारी ने बताया कि बुधवार को 93 प्रतिशत एलपीजी बुकिंग ऑनलाइन हुई है। सरकार ने लोगों से कहा है कि एजेंसी पर जाने से बचें और सिर्फ आधिकारिक एप या वेबसाइट से ही बुकिंग करें, अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने बताया कि कालाबाजारी रो. कने के लिए सरकार सख्ती कर रही है। इसी के तहत मंगलवार को देशभर में 2300 से ज्यादा एलपीजी दुकानों पर अचानक जांच की गई। अधिकारी ने बताया कि सरकार ने लोगों से अपील की है कि जहां पीएनजी सुविधा है, वहां एलपीजी की जगह पीएनजी अपनाएं, इससे सप्लाई का दबाव कम होगा और यह ज्यादा सुरक्षित भी है। उन्होंने बताया कि एलपीजी कैरिअर नंदादेवी और शिवालिक से एलपीजी डिस्चार्ज चल रहा है। किसी भी पोर्ट पर कोई कंजेक्शन नहीं है। मंत्रालय पूरे हालात की निगरानी कर रही है।

**दिल्ली में...**

मणिपाल अस्पताल और एक महिला का शव आईजीआई अस्पताल लाया गया था। घायलों में दो का इलाज आईजीआई अस्पताल में चल रहा है, जबकि एक व्यक्ति को सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों में प्रवेश (33), कमल (39), आशु (35), लाडो (70), हिमांशी (22), दीपिका (28) और तीन नाबालिग लड़कियां (15, 6 और 3 साल) शामिल हैं। अनिल (32) और 2 साल की एक बच्ची आईजीआई अस्पताल में भर्ती हैं। सफदरजंग अस्पताल में भर्ती सचिन (29) लगभग 25 फीसदी झुलस चुके हैं। दिल्ली फायर सर्विस के अधिकारी एसके दुआ ने बताया कि आग सुबह करीब 7 बजे लगी थी। जब हमारी पहली टीम मौके पर पहुंची, तो नीचे आग की लपटें और ऊपर घना धुआं था। हमारे पहुंचने से पहले दो लोग इमारत से कूद गए थे, जिन्हें लोगों ने अस्पताल पहुंचाया। अधिकारी के मुताबिक, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि कितने लोग घायल हैं। आग पर अब पूरी तरह काबू पा लिया गया है, हालांकि कूलिंग ऑपरेशन जारी है। इसके बाद बिल्डिंग में एक बार फिर सर्च और रेस्क्यू किया जाएगा। पालम आग हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शोक जताते हुए मुआवजे का ऐलान किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हादसे में जान गंवाने वालों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से 2 लाख की आर्थिक सहायता दी जाएगी, जबकि घायलों को 50 हजार दिए जाएंगे।

**आंधी और बारिश...** देखने को मिलेगा। सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, आगरा, फिरोजाबाद, बिजनौर व आसपास के इलाकों में ओलावृष्टि की संभावना है। सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासग. ंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर बरेली, संभल, बदायूं व आसपास के इलाकों में 40 से 60 किमी प्रति घंटे वाली झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना है। सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, संभल, बदायूं व आसपास के इलाकों में मेघगर्जन व वज्रपात के आसार हैं।

# हर घर नल से जल को नई रफ्तार, यूपी-केंद्र में एमओयू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता को सुदृढ़ करने की दिशा में उप्र ने एक और अहम कदम बढ़ाया है। जल जीवन मिशन 2-0 के तहत केंद्र सरकार और राज्य सरकार के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

इस अवसर पर योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल वर्चुअल माध्यम से मौजूद रहे। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 'हर घर नल से जल' के लक्ष्य को जमीन पर उतारने की दिशा में यह समझौता मील का पत्थर साबित होगा। इससे पेयजल योजनाओं के क्रियान्वयन में गति, पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित होगी,



### जल जीवन मिशन 2-0 पर समझौता

जिसका सीधा लाभ ग्रामीण परिवारों को मिलेगा। उन्होंने केंद्र और राज्य के बेहतर समन्वय को इस पहल की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए नरेंद्र मोदी का आभार जताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अंतिम व्यक्ति तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने का संकल्प अब तेजी से साकार हो रहा है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में पेयजल व्यवस्था में आए व्यापक बदलाव का उल्लेख करते हुए कहा कि पहले जहां सीमित गांवों तक ही पाइप पेयजल की सुविधा थी। वहीं अब हजारों गांवों में नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित हो रही है। पूर्वी उप्र में इंसेफेलाइटिस जैसी बीमारियों पर नियंत्रण में स्वच्छ जल और बेहतर स्वच्छता की अहम भूमिका रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार का फोकस केवल कनेक्शन उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि योजनाओं के दीर्घकालिक संच. ालन और रखरखाव पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। वर्तमान में बड़ी संख्या में गांवों में जलापूर्ति के साथ अनुरक्षण व्यवस्था को भी मजबूत किया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि अब योजना को उन सभी गांवों तक विस्तारित किया गया है, जहां अभी तक पाइप पेयजल की सुविधा नहीं पहुंची थी।

मुकद्दस रमजान माह की मुबारकबाद



29वां रोजा वक्त इफ्तार 19 मार्च शाम 6:31

30वां रोजा वक्त सहरी 20 मार्च सुबह 4:57

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौहम्मद गाजी
पूर्व विधायक
बढ़ापुर व अफजलगढ़
विधानसभा क्षेत्र



मुकद्दस रमजान की बधाई
डॉ. मनोज वर्मा
वर्मा मैटरनिटी एवं
नर्सिंग होम
स्टेशन रोड, स्योहारा



# मंडावर में दलित किशोरी से गैंग रेप

## दीपू उर्फ दीपक गिरफ्तार, आशु फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** योगी सरकार इज्जत के लुटेरों को चौराहों पर सबक सिखाने का दावा करती है। लेकिन उसके दावे में कोई सच्चाई दिखाई नहीं देती है। दलित किशोरी के साथ गैंग रेप के बाद पुलिस ने एक आरोपी को बिना सबक सिखाए बाइज्जत जेल भिजवा दिया। जबकि दूसरा आरोपी अभी फरार है।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना क्षेत्र के एक ग्राम में नाबालिग के साथ दो युवकों ने गैंग रेप किया। नाबालिग सोमवार की देर शाम घर से दुकान पर सामान लेने गई थी। इसी दौरान पड़ोस के ही दीपू उर्फ दीपक पुत्र सुबे व आशु पुत्र भागमल निवासी ग्राम नई बस्ती सीमला उसे बहाने से बहला फुसलाकर पास के खाली प्लॉट में ले गए। वहां उन्होंने उसके साथ गैंग रेप किया। इज्जत लूटने के बाद पीड़िता किसी तरह जान बचाकर घर पहुंची और अपनी मां को पूरी घटना बताई। यह सुनकर मां सदमे में आ गई। मां ने तुरंत बेटी को लेकर मंडावर थाने पहुंच कर तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 73/2026 धारा 70/2 बीएनएस व 3/4 पॉक्सो एक्ट व 3 (2) 5 एससीएचटी एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया है। आज घटनास्थल पर सीओ संग्राम सिंह आदि पहुंचे और घटना की जांच की। पुलिस के द्वारा पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। पुलिस ने दीपू उर्फ दीपक को गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया है। जबकि आशु अभी फरार है। इस मामले में सबसे गंभीर बात यह है कि योगी सरकार की लाइन से हट कर पुलिस ने दीपू को कोई सबक नहीं सिखाया। क्षेत्र में इसकी चर्चा है।

# पुराना धामपुर प्रकरण को तूल देने से पाशा नाराज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** राष्ट्रीय विकलांग एसो. के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने पुराना धामपुर प्रकरण को बेवजह तूल दिए जाने की निंदा करते हुए कहा कि राजनीतिक फायदे के लिए आपसी विवादों व झगड़ों को तूल नहीं दिया जाना चाहिए। उन्होंने पुराना धामपुर प्रकरण की निंदा करते हुए कहा कि समाज में भाईचारा व आपसी सौहार्द कायम रहना चाहिए।

उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन ने पूरे विवाद में बेहद गंभीरता से काम लिया है। उन्होंने कहा कि हमें किसी भी कीमत पर माहौल नहीं बिगड़ने देना चाहिए। कुछ लोग समाज में आपसी सद्भाव व भाईचारा नहीं चाहते है। उन्होंने कहा कि हमें उनकी नापाक साजिशों को समझना होगा।

उन्होंने ईद उल फितर के मौके पर प्रशासन के दिशा निर्देशों का पालन करने का आह्वान करते हुए कहा कि सभी त्यौहारों को आपस में



### आपसी सद्भाव व भाईचारे पर जोर

मिल जुलकर मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आपसी सद्भाव से त्यौहार मनाने में ज्यादा आनंद आता है। उन्होंने कहा कि ईदगाहों व मस्जिदों में ही नमाज पढ़ी जाए। किसी भी हालत में सरकार की गाइड लाइन का उल्लंघन नहीं किया जाना चाहिए। मुल्क में शांति की दुआ होनी चाहिए।

# माया पाल के भाजपा जिला उपाध्यक्ष बनने से खुशी का माहौल : जिम्मी सिंह



**बिजनौर।** भाजपा द्वारा माया पाल को जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। हनुमंत अलवर दैवीय स्थल ट्रस्ट की ट्रस्टी एवं समाजसेवीका जिम्मी सिंह ने पार्टी हाईकमान का आभार व्यक्त किया है। जिम्मी सिंह ने कहा कि भाजपा लगातार महिलाओं को नेतृत्व के अवसर देकर उन्हें सशक्त बना रही है। उन्होंने कहा कि माया पाल को जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने से न केवल पार्टी मजबूत होगी, बल्कि महिलाओं की भागीदारी भी और बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा का मूल मंत्र सबका साथ, सबका विकास, जमीनी स्तर पर दिखाई देता है और इसी सोच के साथ माया पाल समाज व महिलाओं के हित में बेहतर कार्य करेंगी। जिम्मी सिंह ने विश्वास जताया कि माया पाल अपने पद की जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा के साथ निभाते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगी और क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देंगी। इस नियुक्ति को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों में उत्साह देखा जा रहा है, वहीं माया पाल को लगातार बधाइयां मिल रही हैं।

# आसपा हमेशा मजलूमों के साथ : जावेद

## पुराना धामपुर प्रकरण में आसपा ने ही निभाई जिम्मेदार भूमिका

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आसपा के जिला संगठन मंत्री एवं धामपुर विधानसभा क्षेत्र से संभावित प्रत्याशी जावेद अली ने कहा कि उनकी पार्टी हमेशा दबे व कुचले एवं पीड़ित समाज के साथ खड़ी दिखाई देती है। जबकि दूसरी पार्टी के नेताओं को सिर्फ इस समाज के वोट ही अच्छे लगते है और वह बुरे वक्त में कभी भी पीड़ितों के साथ खड़े दिखाई नहीं देते है।

उन्होंने कहा कि पुराना धामपुर में जिस तरह से आपसी झगड़े व एक व्यक्ति की गलत हरकत को तूल दिया गया, वह कतई ठीक नहीं था। उन्होंने कहा कि घटना के बाद जिस तरह से घरों में घुस कर बर्ताव किया गया, वो भी गलत था। उन्होंने कहा कि पुलिस ने इस मामले में जिम्मेदार भूमिका निभाई है और शांति व्यवस्था



बनाए रखने में प्रशासन ने सराहनीय काम किया है। उन्होंने कहा कि आसपा के नेताओं ने भी अपनी जिम्मेदार भूमिका का ईमानदारी से पालन किया। उन्होंने कहा कि समाज को समझना चाहिए कि कौन वोट की राजनीति करता है और कौन आपस में लड़वाकर फायदा उठाना चाहता है। उन्होंने कहा कि सभी को यहीं रहना है, इसलिए भाईचारा बनाए रखें।

## अधिक किराया वसूलने की शिकायत

**नजीबाबाद।** साहनपुर में रिक्शा यूनियन द्वारा बिना अनुमति किराया बढ़ाने पर सामाजिक संस्था ने आपत्ति जताते हुए शिकायत की है। क्षेत्रीय एनजीओ ने रिक्शा चालकों पर सवारियों से गलत तरीके 10 की जगह 15 रुपए किराया वसूलने का आरोप लगाया है। क्षेत्रीय सामाजिक संस्था एंटी करप्शन ब्यूरो एंड वेलफेयर फाउंडेशन की डिस्ट्रिक एनमिनिस्ट्रेटिव रंजना सैनी ने एसडीएम व डीएम को लिखित शिकायत भेजी है।

## वाजिद मकरानी ने हाफिजों को किया सम्मानित

**नजीबाबाद।** मंडावली निवासी वाजिद मकरानी संभावित प्रत्याशी जिला पंचायत सदस्य ने खत्म शरीफ के मौके पर मस्जिद के इमाम व हाफिज को सम्मानित किया है। वाजिद मकरानी ने ग्राम सैदपुरी, शहजादपुर, नांगल सोती में कलाम पाक मुकम्मल होने व खत्म शरीफ के मौके पर मस्जिद के इमामों व हाफिजों को कलाम पाक सुनाने पर सम्मानित किया। वाजिद मकरनी द्वारा रमजान के मौके पर तराबीह में मस्जिदों में कलाम पाक सुनने व सुनाने वाले इमामों व मौअज्जनों को हदिया देकर उनकी ताजपोशी की।

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
एम.आर पाशा
राष्ट्रीय अध्यक्ष- राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन
ब्रांड एंबेसडर
लोकसभा चुनाव 2024



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
वहाब कुरैशी
उत्तरी सहकारी समिति
के पूर्व वाइस चेयरमैन
नहटौर



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मनोज पारस
सपा विधायक
नगीना
विधानसभा क्षेत्र



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. आसिफ शान
चेयरमैन
नगर पंचायत, मण्डावर



मुकद्दस रमजान माह की दिल की गहराईयों से सभी रोजेदारों को मुबारकबाद
अजमल उमर एड.
वरिष्ठ समाजसेवी
पूर्व प्रत्याशी चेयरमैन पद- भाजपा
नगर पंचायत, मण्डावर





रमजान माह की शुभकामनाएं
रामअवतार सैनी
सपा विधायक
नूरपुर विधानसभा क्षेत्र
जनपद-बिजनौर



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
राशिद हुसैन
पूर्व जिलाध्यक्ष
समाजवादी पार्टी
जनपद-बिजनौर
पूर्व चेयरमैन, झालू



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
जावेद रहमान शम्सी
मुरादाबाद मण्डल अध्यक्ष/
प्रभारी-पश्चिमी उ. प्र. उद्योग
व्यापार मण्डल, मुरादाबाद
इंडियन बुक डिपो व
स्पोर्ट्स, धामपुर



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. इमरान समी कुरैशी
ग्राम प्रधान
कोतवाली देहात
जनपद बिजनौर



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
साजिद कुरैशी
प्रधान पद के भावी
उम्मीदवार
ग्राम करौंदा मुस्लिम,
कोतवाली देहात



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
कपिल कुमार
जिला पंचायत सदस्य
पूर्व प्रत्याशी-19
बढ़ापुर वि.स. क्षेत्र
समाजवादी पार्टी



मुकद्दस रमजान की बधाई
विवेक सेन
सदस्य जिला पंचायत
जिला योजना समिति बिजनौर
मुरादाबाद मंडल महासचिव
आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संस्थापक सदस्य-आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संभावित प्रत्याशी-धामपुर विधानसभा-20






मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
हाजी मौ. इलियास
पूर्व लोकसभा प्रभारी
बसपा, मुरादाबाद
निवास-स्योहारा



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. साईम राजा
मैनेजर
मौलाना मौहम्मद अली
जौहर हायर एजुकेशन
इंस्टीट्यूट, किरतपुर



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
अब्दुल मन्नान
चेयरमैन
नगर पालिका
किरतपुर



रमजान माह की शुभकामनाएं
चौधरी रवि कुमार सिंह
चेयरमैन
नगर पालिका, धामपुर



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
हाजी अब्दुल कादिर
वरिष्ठ समाजसेवी
नहटौर



रमजान माह की बधाई
मूलचन्द चौहान
पूर्व मंत्री
उत्तर प्रदेश सरकार



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
नजीबुल हसन
युवा सपा नेता
मुस्लिम चौधरियान
स्योहारा





मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौहम्मद जैद रशीद
युवा समाजसेवी, नहटौर
अनस इकरार
चेयरपर्सन नगर पालिका, नहटौर



# गलत रिपोर्ट देने पर दो लेखपाल सस्पैंड

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** तहसीलदार सदर ने जानकारी देते हुए बताया कि इंडियन कारपोरेशन लिमिटेड मुरादाबाद मंडल कार्यालय ख्वाजा फिलिंग स्टेशन के पीछे एन एच -9 पाकबाड़ा मुरादाबाद द्वारा ग्राम खेड़की हेमराज के खसरा संख्या 8/ 1, 8/70/1, 8/87/2 जो श्रेणी -1(ख) में दर्ज है, जिसमें रिटेल आउट पंप लगाने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत किए जाने के संबंध में सर्वे लेखपाल अनिल कुमार एवं राजस्व लेखपाल मौहम्मद अरशद तथा राजस्व निरीक्षक कुंभकरण सिंह द्वारा भ्रामक आख्या प्रस्तुत की गई है। जिसके उपरांत भूमि श्रेणी -1(ख) में दर्ज होने के कारण जिला शासकीय अधिवक्ता (राजस्व) के नवीनतम पत्र के आलोक में अवैध रूप से जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र को तत्काल निरस्त करने के लिए आख्या जिलाधिकारी को प्रेषित कर दी गई है। उन्होंने बताया कि उसे संबंध में उच्च अधिकारियों द्वारा आवश्यक कार्यवाही करते हुए सर्वे लेखपाल अनिल कुमार राजस्व व लेखपाल मौहम्मद अरशद को तत्काल निलंबित कर दिया गया है तथा राजस्व निरीक्षक कुंभकरण सिंह के विरुद्ध कार्यवाही के लिए आख्या पर प्रेषित कर दी गई है।

## ट्रैक्टर सवारों पर मुकदमा दर्ज

**नगीना।** आजाद कॉलोनी निवासी कसीम अहमद पुत्र मौहम्मद यामीन ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि 14 मार्च की शाम करीब चार बजे उनका छोटा भाई शमीम अहमद वैन लेकर नगीना की तरफ आ रहा था। डबल फाटक के पास एक ट्रैक्टर ने वैन में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे गाड़ी की हेडलाइट क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के समय कसीम अहमद भी वहीं थोड़ी दूरी पर मौजूद थे और अपनी बाइक से मौके पर पहुंच गए। पीड़ित का आरोप है कि जब उन्होंने और उनके भाई ने ट्रैक्टर चालक से नुकसान की भरपाई के लिए कहा, तो चालक और उसके साथ आए एक अन्य युवक ने साफ इनकार कर दिया। इसके बाद आरोपी ट्रैक्टर लेकर काला खेड़ी की तरफ भागने लगे। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# भाईचारे की मिसाल बने पूर्व सभासद अशोक सम्मानित



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** भाईचारे और अमन-चैन को बनाए रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले पूर्व सभासद अशोक आर्य को सपा नेता अनुज मलिक ने उनको शॉल ओढ़ाकर व फूलमालाएं पहनाकर सम्मानित किया।

गौरतलब है कि टी-20 विश्व कप के फाइनल मैच के दिन एसआरएस मॉल के पास कुछ शरारती तत्वों ने एक मुस्लिम युवक को घेरकर जबरन नारे लगवाने का दबाव बनाया था। इस दौरान मौके पर मौजूद समाजसेवी एवं पूर्व सभासद अशोक आर्य ने तुरंत हस्तक्षेप किया और युवक को उन लोगों के चंगुल से सुरक्षित बाहर निकाला। उनके इस साहसिक कदम ने संभावित तनाव को टाल दिया और नगर की गंगा-जमुनी तहजीब को बरकरार रखा। इस घटना के बाद अशोक आर्य के इस नेक कार्य की सराहना करते

### अनुज मलिक ने बढ़ाया हौंसला

हुए सपा नेता अनुज मलिक ने अपनी टीम के साथ उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर अनुज मलिक ने कहा कि ऐसे कार्य समाज में एकता और सद्भाव की मजबूत नींव रखते हैं। अनुज मलिक ने अशोक आर्य को फूलमालाएं पहनाई और शॉल ओढ़ाकर उनका अभिनंदन किया।

इस अवसर पर प्रशांत उर्फ सोनू चौधरी, अनिल चौधरी, प्रवेश चौधरी, विनय चौधरी, कुलवीर चौधरी, राहुल शेखपुरा, अमित चौधरी सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अनुज मलिक ने इस मौके पर सभी से अपील की है कि वे भाईचारे को मजबूत बनाए रखें और किसी भी कीमत पर सामाजिक सौहार्द बिगड़ने न दें। अशोक आर्य के इस प्रयास को नगरवासियों ने भी खूब सराहा है।

## रेहड़ में कुरान मुकम्मल

**रेहड़।** स्थानीय जामा मस्जिद में नमाज ए तरावीह के दौरान कुरआन मुकम्मल हुआ। इस मौके पर कुरआन सुनाने वाले हाफिज मौ. इमरान और कुरआन सुनने वाले जामा मस्जिद के इमाम-ओ-खतीब मौलाना शहबाज आलम कासमी को मस्जिद कमेटी व कई नमाजियों ने ऐजाज-ओ-इनामात से नवाजा। इस बाबरकत मौके पर नूरानी महफिल का इनअकाद किया गया। जिसे खिताब करते हुए। मौलाना मौ. रिहान कासमी ने माहे रमजान की बरकतों का जिक्र करते हुए कहा कि यह बाबरकत महीना जा रहा है। बदनसीब हैं, वो लोग जो इस मुकद्दस महीने में भी अल्लाह की रहमतों से महरूम रहे। इस मौके पर अकबर अली जुल्फिकार फरीदी, हाफिज नसीम, समीर मंसूरी, फुरकान, आसिफ, इरफान अहमद आदि मौजूद रहे।

### हाफिज इमरान को सराहा



**रेहड़।** जामा मस्जिद में नमाज ए तरावीह के दौरान कुरआन सुनाने वाले मौहल्ला बासफोड़ान निवासी फरीद अहमद के 17 वर्षीय पुत्र हाफिज मौ. इमरान बचपन से ही नाबीना हैं। इस बदकिस्मती के बावजूद भी वह खुद को इसलिए बहुत ही खुशकिस्मत वाला मानते हैं कि उन्होंने 15 साल की उम्र में कारी खलील अहमद की जेर-ए-निगरानी में रेहड़ की मक्की मस्जिद वाले मदरसे में कुरआन हिफ्ज कर लिया था। इस बार उनकी यह दूसरी महराब थी, जिसमें उन्होंने बहुत ही खूबसूरत अंदाज में कुरआन सुनाया है।

**न्यायालय सिविल जज (जू.डि.) नगीना**

प्रकीर्ण वाद सं. 51/2024

मूलवाद सं. 1315/2022

**जाहिदा बेगम बनाम हशमत बेगम आदि**

मौ. जव्वाद हुसैन पुत्र मौ. तहसीन निवासी मौ. इतवार का बाजार/शेखान, कस्बा सहसपुर, परगना स्योहारा, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर। (आदि)

**... प्रतिपक्षीगण**

**(सूची शेष प्रतिवादीगण/प्रतिपक्षीगण)**

1. मौ. तहसीन, 2. मौ. जव्वाद, 3. कु. सना तहसीन, 4. कु. निदा तहसीन पुत्र एवं पुत्रीगण मौ. यासीन नि. मौ. शेखान, कस्बा सहसपुर, परगना स्योहारा, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर। 5. फरीदा बेगम पुत्री अ. सलाम पत्नी जमालुदीन नि. मौ. सी-62 बी. अबुफजल एन्कलेव जामिया नगर नई दिल्ली। 6. मौ. अनवर, 7. मौ. नव्वर, 8. मौ. शाहनवाज, 9. मौ. तौसीफ, 10. कु. चमनबोनी, 11. मौ. नदीम, 12. कु. गुलनाज पुत्र एवं पुत्रीगण स्व. अफजाल अहमद निवासी मकान सं. सी-50 चौथी मंजिल ठोकर नं. 4 अबुल फजल ओखला नई दिल्ली-110025, 13. राशिदा बेगम पुत्री अ. सलाम पत्नी शकील अहमद निवासी सी-28/797 चौहान बांगर सीलमपुर दिल्ली-53, 14. मौ. साहिल इकबाल पुत्र स्व. इकबाल अहमद निवासी सी-52/बी अबुल फजल इन्कलेब पार्ट-1 ओखला नई दिल्ली-11002, 15. ताजीम बेगम पुत्री अ. सलाम पत्नी जमील अहमद नि. मौ. शेखान दखनी, कस्बा व परगना नहटौर, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर। 16. कु. शफीया परवीन पुत्री स्व. इकबाल अहमद निवासी सी-62/बी अबुल फजल इन्कलेब पार्ट-1 ओखला नई दिल्ली-11002, 17. श्रीमति फरीदा बेगम पत्नी स्व. इकबाल अहमद निवासी सी-62/बीअबुल फजल इन्कलेब पार्ट-1 ओखला नई दिल्ली-11002, 18. श्रीमति गजाला परवीन पुत्री स्व. इकबाल अहमद पत्नी मौ. आमिर उर्फ बब्बू निवासी सी-62/बी अबुल फजल इन्कलेब पार्ट-1 ओखला नई दिल्ली-11002, 19. कु. नाहिद जहां पुत्री स्व. इकबाल अहमद निवासी सी-62/बी अबुल फजल इन्कलेब पार्ट-1 ओखला नई दिल्ली-11002, 20. कमाल अहमद पुत्र अ. सलाम निवासी मकान नं. 426 गली नं. 19 जाफराबाद, सीलमपुर दिल्ली-53, 21. मौ. अहमल पुत्र अ. सलाम नि. मौ. तिरगरान, कस्बा व परगना नहटौर, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर। 22. जैनुलआवेदीन, 23. तज्जमुल हुसैन पुत्रगण अ. सलाम निवासी मकान नं. 426 गली नं. 19 जाफराबाद, सीलमपुर दिल्ली-53, 24. नबील अहमद पुत्र अ. सलाम निवासी मकान नं. 103, डी. गली नं. 5 जाकिर नगर ओखला दिल्ली-25, 25. सलीम अहमद, 26. फहीम अहमद, 27. अजीम अहमद, 28. कु. फरहाना परवीन, 29. वसीम अहमद, 30. कु. रिजवाना परवीन, 31. कु. समरीन परवीन पुत्र एवं पुत्रीगण स्व. शकील अहमद निवासी मकान नं. सी-55 मालिक मकान का नाम मौ. शाहरूख निकट नीलम दवाखाना न्यू सीलम दिल्ली-53, 32. अकील अहमद पुत्र जमीर अहमद उर्फ जमीरा मकान नं. 426 गली नं. 19 जाफराबाद सीलमपुर दिल्ली-53, 33. श्रीमती जोहरा पत्नी रफी निवासी निकट जैन मंदिर कस्बा व परगना नहटौर, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर। 34. शाहिदा पत्नी मलिक अख्तर, 35. उजरा पुत्री मलिक अख्तर, 36. श्रीमति रूबीना पत्नी कामरान, 37. श्रीमति अजरा पत्नी कामरान, 38. सलीम अख्तर पुत्र मौ. याकूब, 39. श्रीमति जहाआरा पत्नी जहांगीर, 40. सुलेमान पुत्र मौ. याकूब, 41. नईम अख्तर पुत्र मौ. याकूब निवासीगण मकान नं. 274 मेन रोड जाकिर नगर ओखला नई दिल्ली-110025

चूंकि उपरिनामांकित वादी/वादीगण ने इस न्यायालय में आदेश 9 नियम 9 व 151 सी.पी.सी. का प्रर्कीण वाद दायर किया है कि-एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त प्रकीर्ण वाद में अपना पक्ष रखने हेतु संदर्शित करने के लिये दिनांक 02.04.2026 को 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या समयक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा।

नियत दिनांक :- 02.04.2026

**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज (जू.डि.) नगीना**

## एक नजर

## दिनेश सैनी बने भाजपा जिला महामंत्री



**धामपुर।** भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बॉबी ने संगठन को मजबूत करने की दिशा में अपनी नई टीम का गठन करते हुए धामपुर क्षेत्र के ग्राम सरकड़ा चकराजमल निवासी दिनेश कुमार सैनी को भाजपा जिला बिजनौर का जिला महामंत्री नियुक्त किया है। दिनेश कुमार सैनी की इस नियुक्ति से क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं और उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। नियुक्ति की जानकारी मिलते ही उनके समर्थकों ने एकत्र होकर उन्हें मिठाई खिलाकर बधाई दी और उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने कहा कि दिनेश सैनी लंबे समय से संगठन से जुड़े हुए हैं और पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा एवं सक्रियता को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके नेतृत्व में संगठन को और अधिक मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। नव नियुक्त जिला महामंत्री दिनेश कुमार सैनी ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को मजबूत बनाने के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेंगे। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे, जिन्होंने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की आशा व्यक्त की।

## थाने में शांति समिति बैठक



**नहटौर।** ईद-उल-फितर के त्यौहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से थाने में शांति समिति बैठक आयोजित की गई। बैठक में गणमान्य नागरिकों, धर्मगुरुओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। अधिकारियों ने सभी से अपील की कि ईद का त्यौहार आपसी प्रेम और भाईचारे के साथ मनाया जाए। उन्होंने अफवाहों पर ध्यान न देने और शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने का आग्रह किया। त्यौहार के दौरान मस्जिदों और ईदगाहों के आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जाएंगे। साथ ही भीड़भाड़ वाले इलाकों में पुलिस गश्त बढ़ाई जाएगी। पालिका प्रशासन को निर्देश दिए गए कि ईदगाह और प्रमुख रास्तों पर विशेष साफ-सफाई, चूने का छिड़काव और पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। नमाज के समय यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए रूट डायवर्जन और पार्किंग को लेकर भी चर्चा की गई, ताकि राहगीरों को असुविधा न हो। कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालने वालों पर पैनी नजर रखी जा रही है। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल थाने में देने का आग्रह किया गया। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया और त्यौहार को हर्षोल्लास के साथ मनाने का संकल्प लिया। ईओ ओम गिरी, जेई चेतराम सिंह, खुर्शीद आलम अंसारी, सलीम मंसूरी, मौहम्मद शराफत, महफूज उर्फ गुड्डे, मोबिन अहमद, अनीस अहमद, सलीम अहमद, नील अहमद, शकील अहमद, कपिल शर्मा आदि मौजूद रहे।

# शहर की मस्जिदों में पढ़ी जाने वाली नमाज का समय जारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**नगीना।** ईद पर्व के लिए ईदगाह सहित नगर की मस्जिदों में व्यापक तैयारियां की गई हैं। सामूहिक ईद की नमाज के लिए निर्धारित समय की घोषणा भी कर दी गई है।

नगीना ईदगाह में ईद उल फितर की नमाज सुबह 8:00 बजे अदा की जाएगी। वहीं नगर की ऐतिहासिक जामा मस्जिद में नमाज सुबह 8:30 बजे अदा होगी। नगीना-बढ़ापुर मार्ग पर स्थित ईदगाह पर मौलाना डा. खलीक अहमद कासमी नमाज अदा कराएंगे, जबकि जामा मस्जिद में मुफ्ती मौहम्मद उवैस अकरम नमाज पढ़ाएंगे। अकबराबाद नगीना मार्ग पर स्थित मस्जिद फारूकी में ईद की नमाज सुबह 7:00 बजे मुफ्ती फहीम द्वारा अदा कराई जाएगी। मौहल्ला

### ईदगाह सहित मस्जिदों में तैयारियां पूरी

पंजबियान स्थित मस्जिद दौलत शाह वाली में ईद उल फितर की नमाज सुबह 8:15 बजे मौलाना उमेर अदा कराएंगे। मौहल्ला बिश्नोई सराय स्थित मस्जिद खजूर वाली में ईद उल फितर की नमाज सुबह 8:45 बजे मौलाना इस्लामुद्दीन द्वारा अदा की जाएगी। मौहल्ला काजी सराय स्थित मस्जिद पत्थर वाली में ईद उल फितर की नमाज सुबह 8:45 बजे मुफ्ती उबैदुल्लाह अयाज अदा कराएंगे। यह जानकारी विभिन्न मस्जिदों के जिम्मेदारान से प्राप्त हुई है।

# एडवोकेट एसो. ने कराया रोजा इफ्तार



शाह टाइम्स संवाददाता

**किरतपुर।** एडवोकेट एसोसिएशन किरतपुर द्वारा नगर के एक बैंवेट हॉल में रफत अली एड. की देखरेख में भव्य रोज़ा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर के अधिवक्ताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं पत्रकारों ने बड़ी संख्या में शिरकत कर आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया।

इफ्तार पार्टी का आयोजन बेहद सादगी और अनुशासन के साथ किया गया। जिसमें रोजेदारों के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे। अजान के साथ सभी ने मिलकर रोजा खोला और देश व समाज में अमन-चैन, तरक्की और आपसी एकता के लिए दुआएं मांगी गई। इस मौके पर रफत अली एड. ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में प्रेम, भाईचारे और एकता को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि रमजान का महीना इंसानियत, सहनशीलता और आपसी सहयोग का पैगाम देता है, जिसे हम सभी को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। कार्यक्रम में मौजूद वरिष्ठ अधिवक्ताओं और गणमान्य लोगों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए ऐसे आयोजनों को समाज के लिए बेहद जरूरी बताया। उन्होंने कहा कि इससे विभिन्न वर्गों के लोगों के बीच आपसी संवाद और संबंध मजबूत होते हैं। इफ्तार पार्टी के दौरान अधिवक्ताओं और पत्रकारों के बीच सामाजिक मुद्दों पर चर्चा भी हुई, जिसमें क्षेत्र की समस्याओं और उनके समाधान पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी मेहमानों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया और भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों को जारी रखने का संकल्प लिया गया।

एडवोकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहन लाल एडवोकेट व महासचिव मौहम्मद आजम एडवोकेट ने आने वाले सभी मेहमानों का आभार व्यक्त किया।

### जनपद की सबसे बड़ी ईदगाह का निरीक्षण

**किरतपुर।** ईद-उल-फितर को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जनपद की सबसे बड़ी ईदगाह का प्रशासन व पुलिस अधिकारियों ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम नजीबाबाद, सीओ नीतेश प्रताप, थाना प्रभारी पुष्पेंद्र कुमार तथा पालिका चेयरमैन अब्दुल मन्नान, ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष डा. एहसान उल करीम व कमेटी के सदस्य मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने ईदगाह परिसर व आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग, यातायात नियंत्रण और सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया। संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए कि सभी तैयारियां समय से पूरी कर ली जाएं, ताकि नमाजियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

सीओ ने बताया कि ईद को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात रहेगा। वहीं चेयरमैन अब्दुल मन्नान ने कहा कि नगर पालिका द्वारा सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। इस मौके पर नगर के कई गणमान्य लोग व नगर पालिका के कर्मचारी उपस्थित रहे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, बिजनौर (जनपद-बिजनौर)**

पत्रांक: /न.पा.परि.बि./2025-26,

दिनांक:-

संबंधित को नोटिस अन्तर्गत धारा-143 (1)/147 (1) नगर पालिका अधिनियम-1916

एतद्द्वारा सूचित हो कि सम्पत्ति संख्या-90 मौहल्ला सोतियान बिजनौर जो पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में श्री जगनन्दन प्रसाद शर्मा पुत्र श्री देवकी नन्दन के नाम अंकित है। उक्त सम्पत्ति के संबंध में आवेदक श्रीमति रेखा वशिष्ठ पुत्री श्री जगनन्दन प्रसाद शर्मा निवासी मौ. सोतियान बिजनौर को वसीयत, मृत्यु प्रमाण पत्र व आई.डी. प्रुफ की छायाप्रति संलग्न करते हुए उक्त सम्पत्ति में अपना नाम पालिका के कर-अनुभाग के अभिलेखों में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अत: किसी सम्बन्धित को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति है, तो सप्रमाण इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, उपरोक्त धारा के अन्तर्गत नोटिस मियादी एक माह दिया जाता है। बाद गुजरने मियाद नोटिस हाजा किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा तदोपरान्त उक्त संदर्भित सम्पत्ति में पालिका अभिलेखों में प्रार्थी का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

# मंझोली में सामूहिक इफ्तार पार्टी का आयोजन

## भाईचारे और आपसी सौहार्द का दिया संदेश, सैकड़ों लोग हुए शामिल



शाह टाइम्स संवाददाता

**अफजलगढ़।** मुकद्दस माह रमज़ान के अवसर पर नगर के मौहल्ला मंझोली निवासी हाजी छिद्दू भंडारी शाह परिवार की ओर से एक इज्तिमाई रोज़ा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इफ्तार पार्टी में में नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में जिम्मेदार लोगों, सामाजिक कार्यकर्ता और विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े प्रतिनिधि शामिल हुए। इफ्तार में एकता, भाईचारे और आपसी सौहार्द की अनूठी मिसाल देखने को मिली।

इफ्तार से पूर्व सभी रोजे़दारों ने मिलकर वतन में अमन-चैन, तरक्की और खुशहाली के लिए दुआएं मांगी। इसके बाद समय पर रोजा इफ्तार किया गया। जिसमें खजूर व फलों व खाने के साथ खूबसूरत ढंग से इंतजामात किया गया था। जिससे मेहमानों को किसी तरह की दिक्कत न हो। इफ्तार के दौरान सभी अतिथियों ने एक-दूसरे को रमज़ान की मुबारकबाद दी और आपसी भाईचारे, शांति व सौहार्द बनाए रखने का मजबूत पैग़ाम दिया। मेजबान हाजी छिद्दू भंडारी शाह परिवार के बुंदू शाह, शरीफ शाह, शाहउल्लाह शाह, शकील शाह, फुरकान शाह, शहजाद शाह व इमरान शाह भंडारी ने सभी मेहमानों का गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि रमज़ान का महीना हमें आपसी भाईचारा, सहयोग और इंसानियत का पैगाम देता है, और ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने का काम करते हैं।

इफ्तार पार्टी में पूर्व विधायक शेख सुलेमान, आसपा नेता मौलाना अतीकुर्रहमान, चेयरपर्सन पति जावेद विकार, मेम्बर कलवा कुरैशी, शमीम अंसारी (भट्टे वाले), पूर्व चेयरमैन नफीस कुरैशी, पूर्व चेयरपर्सन पति शेख इरशाद हुसैन, कमरुद्दीन अल्वी, भाजपा नेता मास्टर शमीम अंसारी, इमरान अल्वी, हाजी जावेद अल्वी, हाजी बब्बू अल्वी, बन्ने अल्वी, मौलाना गुलाम नबी, हाफिज अनवर, कारी गुलाम नबी, खुर्शीद अल्वी, राशिद ठेकेदार, सभासद दिलशाद ठेकेदार, मुकीब खां सूरी, कादिर अंसारी, शेख इमरोज, चौधरी भोले कुरैशी, नसीम अल्वी ठेकेदार, नासिर कुरैशी, गुफरान कुरैशी, चाचा अब्दुल रज्जाक ठेकेदार, सलमान भट्टे वाले, सूफी कदीरा, रफीक अहमद मिस्त्री, मौलाना इस्माईल नदवी, अहसान शाह व हासिम अंसारी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## खोया पाया सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश की हाईस्कूल परीक्षा 2016 का प्रमाण-पत्र- सह-अंक पत्र अनुक्रमांक 0845387, इंटरमीडिएट परीक्षा 2018 का प्रमाण-पत्र - सह-अंक पत्र अनुक्रमांक 0679793 तथा रूहेलखण्ड विश्व विद्यालय बरेली की मार्कशीट संख्या 18116299 (1041918) वास्तव में कहीं खो गई हैं। **अमीशा नाज, पिता का नाम शुऐब, माता का नाम रूबी नाज, निवासी मौहल्ला जाटान, बी-4 निकट मेरठ की चुंगी, बिजनौर, उ.प्र.,** 246701

## संबंध विच्छेद सूचना

सर्वसाधारण को सूचित करना है कि मेरे पुत्र प्रताप सिंह व पुत्रवधू रीना देवी एवं पुत्र अमन सिंह व पुत्रवधू काकुल देवी यह चारों मेरे मकान में रहते चले आ रहे है, लेकिन वह मेरे व मेरी पत्नी सलेलता देवी के कहने में नहीं है। यदि समझाते है, तो हम दोनों के साथ आए दिन अमानवीय, अभद्रपूर्ण व्यवहार कर सामाजिक प्रतिष्ठा को खत्म कर रहे है। उनके इस आचरण से दुखी होकर हमने उपरोक्त दोनों पुत्र और दोनों पुत्रवधुओं से संबंध विच्छेद कर दिए हैं। साथ ही अपनी चल अचल संपत्ति से भी बेदखल कर दिया है। अब उनका मेरी व मेरी पत्नी की संपत्ति व हम दोनों से कोई मतलब वास्ता नहीं रहा है।

**जयपाल सिंह वाल्मीकि पुत्र स्व. दिलेराम, रिटायर एसआई, निवासी अम्बेडकर नगर, नगीना, बिजनौर।**

**मोबाइल नम्बर**- 9690194692

## नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राथमिक विद्यालय बेनीपुर, विकास क्षेत्र कोतवाली, जनपद-बिजनौर स्थित आम की बहार की नीलामी दिनांक 26-03-2026 दिन बृस्पतिवार को प्रात: 11 बजे विद्यालय प्रांगण में सार्वजनिक रूप से होगी। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।

**यशोदा प्रधानाध्यापक**
**प्राथमिक विद्यालय बेनीपुर**
**प्रा. क्षे. कोतवाली, बिजनौर**
**मोबाइल नम्बर:**- 9917132369

## मानवता की मिसाल: विद्यालय ने अनाथ एवं निर्धन बच्चों संग बांटी ईद की खुशियां

**नगीना।** सर सय्यद मैमोरियल जूनियर हाईस्कूल में निर्धन एवं अनाथ विद्यार्थियों को ईद किट वितरित की गई। विद्यालय में नि:शुल्क शिक्षा प्राप्त कर रहे पंचास से अधिक विद्यार्थियों को किट दी गई। ईद किट पाकर उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। इस पहल का मकसद जरुरतमंद बच्चों को ईद की खुशियों में शामिल करना और उनके जीवन में उत्साह भरना रहा। इस कार्य में विद्यालय प्रबंधन का महत्वपूर्ण योगदान रहा। विशेष रूप से प्रबंधक हमीरी अहमद की सराहनीय भूमिका रही। जिनके प्रयासों से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि समाज के कमजोर वर्ग के बच्चों की सहायता करना हम सबकी जिम्मेदारी है। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक एवं स्टाफ मौजूद रहा।

## संबंध विच्छेद सूचना



हमारे भाई रिहान व यामीन पुत्रगण शब्बीर निवासी ग्राम अकौंधा अकबरपुर झोझा, गलत संगत में पड़ गये है तथा हमारा कहना नहीं मानते है। बात-बात पर हमसे अभद्र व्यवहार करते है। हम अपने दोनों भाईयों रिहान व यामीन से अत्याधिक दुखी व परेशान है। हमारे भाई रिहान व यामीन किसी से उधार लेते है या कोई गलत कृत्य करते है, तो उसके लिए हम जिम्मेदार नहीं होंगे। उसके लिए हमारे दोनों भाई रिहान व यामीन स्वयं जिम्मेदार होंगे। हमने इन दोनों भाईयों को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति व जिन्दगी से बेदखल कर दिया है। हम उनके किसी भी गलत कार्य व लेनदेन के जिम्मेदार नहीं होंगे।

**अहसान व इमामुद्दीन पुत्रगण शब्बीर, निवासीगण ग्राम अकौंधा, परगना बास्टा, तहसील व थाना चांदपुर, जनपद बिजनौर।**

## ब्लॉक परिसर में पेड़ों का अवैध कटान



**हल्दौर।** विकास खंड कार्यालय परिसर में अज्ञात लोगों द्वारा आज यूकेलिप्टस के कई पेड़ काटे जाने का मामला प्रकाश में आया है। करीब आधा दर्जन से अधिक पेड़ों को बिना अनुमति काट दिया गया। मामले की जानकारी मिलते ही विभागीय अधिकारियों में हड़कंप मच गया। बीडीओ सीपी पांडेय ने घटना को गंभीर मानते हुए तत्काल उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। उन्होंने सीडीओ को पत्र भेजने के साथ ही पुलिस को तहरीर देकर जांच और कार्रवाई की मांग की है। बीडीओ के अनुसार, पेड़ों की कटाई के लिए विभाग स्तर पर कोई अनुमति या टेंडर जारी नहीं किया गया था। ऐसे में यह स्पष्ट रूप से अवैध कटान का मामला प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है। प्रशासन का कहना है कि मामले की गहनता से पड़ताल कर दोषियों को चिन्हित किया जाएगा और उनके खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## मारपीट के आरोपी पर मुकदमा दर्ज

**नगीना।** मौहल्ला कस्बा निवासी निखिल पुत्र राजपाल सिंह ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि 16 मार्च 2026 की शाम करीब साढ़े पांच बजे, जब उनकी बहन सोनिया अपनी सहेली के साथ घर पर मौजूद थी, तभी पड़ोस का रहने वाला श्रवण पुत्र बालेश्वर दत्त छत के रास्ते अवैध रूप से उनके घर में घुस आया। श्रवण ने घर में घुसते ही सोनिया के साथ अभद्रता करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट की और उसका गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया। जब उसकी सहेली ने शोर मचाया, तो आरोपी पकड़े जाने के डर से छत के रास्ते ही भाग निकला। भागते समय आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी। उसने बताया बहन के गले पर चोट के निशान साफ देखे जा सकते हैं। आरोपी ने घर में घुसकर न केवल मारपीट की बल्कि गला दबाकर हत्या करने की कोशिश भी की। निखिल सैनी मामले की गंभीरता को देखते हुए नगीना पुलिस ने तत्काल कार्यवाही की है। थाना प्रभारी अवनीत मान ने बताया कि पीड़िता के भाई की तहरीर के आधार पर आरोपी श्रवण के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

## ख्याति चौधरी का स्वाहेड़ी में सम्मान



**बिजनौर।** ग्राम स्वाहेड़ी की बेटी ख्याति चौधरी ने निशानेबाजी के राष्ट्रीय चयन ट्रायल्स-3 (ग्रुप ए) में शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 मीटर एयर राइफल महिला वर्ग में शीर्ष स्थान हासिल कर जनपद का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। ख्याति ने फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए कड़ी टक्कर के बाद शूट-ऑफ में जीत दर्ज की। मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। जहां उन्होंने बेहतरीन निशानेबाजी का परिचय देते हुए पहला स्थान हासिल किया। ख्याति की इस बड़ी उपलब्धि पर भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान और प्रदेश उपाध्यक्ष गौरव कुमार जंघाला ने उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने ख्याति को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उपलब्धि क्षेत्र की बेटियों के लिए प्रेरणा है। सम्मान समारोह में ग्रामीणों और संगठन के पदाधिकारियों ने भी ख्याति का उत्साहवर्धन किया और उनकी सफलता पर खुशी जताई। ख्याति चौधरी की यह सफलता न केवल बिजनौर बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गौरव की बात है।

# जलीलपुर ब्लॉक के छात्रों ने लहराया परचम

## 23 छात्र-छात्राओं का नवोदय विद्यालय में चयन, चारूल की जिले में 5वी रैंक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** अस्सी सीटों के लिए आयोजित जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा-2026 के घोषित परिणामों में 29 प्रतिशत सीटों पर ब्लॉक जलीलपुर ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। बीईओ गजेंद्र सिंह ने बताया कि जलीलपुर ने अपने ही विगत कीर्तिमान को तोड़कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। जलीलपुर ब्लॉक से 23 विद्यार्थियों का चयन हुआ है।

गौरतलब है कि मंगलवार को जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा- 2026 का परिणाम जारी हुआ जिनमें कुल 80 सीटों में से अकेले जलीलपुर से ही 23 छात्रों का चयनित हुए जिनमें चारुल ने जनपद में शीर्ष 5 में स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा देव, फैसल, शौर्य, अंशिका सैनी, पंकज पाल, अरमान, सत्यम, मिनी, निशांत, यश आदि कुल 23 विद्यार्थियों ने सफलता का परचम



लहराया है। खंड शिक्षा अधिकारी गजेंद्र सिंह ने भी चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए शिक्षकों से आह्वान किया कि अब आगे और अधिक मेहनत से अपने बच्चों की तैयारी कराएं ताकि अधिक से अधिक बच्चों का भविष्य जवाहर नवोदय विद्यालय जैसी नामचीन और प्रमुख संस्था में सुरक्षित कराया जा सके। उन्होंने कहा कि अपने इन सरकारी परिषदीय स्कूलों में समाज के अधिकतम छात्र छात्राएं अपवंचित समुदाय के निर्बल आय वर्ग के परिवारों से ही आते हैं जिनमें अपेक्षाकृत जागरुकता का प्राय: अभाव सा रहता है, लेकिन इन बच्चों का शिक्षकगण अपने श्रमसाध्य सतत प्रयासों से समुचित मार्गदर्शन व जीवन निर्माण कार्य कर रहे हैं।

नवोदय प्रवेश परीक्षा 2026 में कुल 80 सीटों के सापेक्ष 23 छात्रों के चयन से 29 प्रतिशत सीटों पर अकेले जलीलपुर ने बाजी मारी, जबकि गत वर्ष 2025 में कुल 79 सीटों के सापेक्ष 19 छात्र जलीलपुर के थे तो 24 सीटों पर जलीलपुर को सफलता मिली थी। गत वर्ष जलीलपुर के दो छात्र कक्षा 9 में भी चयनित हुए थे।

# गैस किल्लत से बढ़ी महंगाई

## व्यापारियों व आम जनता पर दोहरी मार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में इन दिनों घरेलू गैस सिलेंडर की कमी का असर गहराता जा रहा है।

गौरतलब है कि गैस की अनियमित आपूर्ति के चलते जहां एक तरफ आम लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है वहीं दूसरी तरफ बाजार में महंगाई ने भी रफ्तार पकड़ ली है। हालात यह हैं कि रसोई से लेकर होटल-ढाबों तक हर स्तर पर इसका सीधा असर दिखाई देने लगा है। गैस की कमी के चलते कई परिवारों को मजबूरन लकड़ी, कोयला और अन्य पारंपरिक ईंधनों का सहारा लेना पड़ रहा है। इससे न केवल लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है बल्कि ईंधन सामग्री की मांग बढ़ने से उनके दामों में भी तेजी आई है। पहले जो लकड़ी कम कीमत में आसानी से उपलब्ध हो जाती थी, अब वह ऊंचे दामों पर मिल रही है। जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के सामने अतिरिक्त आर्थिक बोझ खड़ा हो गया है। वहीं होटल और ढाबा संचालकों के सामने भी गैस संकट ने नई परेशानी खड़ी कर दी है। गैस सिलेंडर समय पर न मिलने और वैकल्पिक ईंधन के महंगे होने के कारण उनका खर्च बढ़ गया है। इसका सीधा असर ग्राहकों पर पड़ रहा है। नगर में कई स्थानों पर पहले 10रु. में मिलने वाली चाय अब 15रु. तक पहुंच गई है। इसके अलावा नाश्ते और अन्य खाद्य पदार्थों की कीमतों में भी धीरे-धीरे बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। व्यापारियों का कहना है कि बढ़ती लागत के कारण उन्हें मजबूरी में कीमतें बढ़ानी पड़ रही हैं। जबकि ग्राहक भी महंगाई से परेशान नजर आ रहे हैं। दूसरी तरफ आमजन का कहना है कि गैस की किल्लत ने घरेलू बजट बिगाड़ दिया है। रोजमर्रा की जरुरतों को पूरा करना मुश्किल होता जा रहा है, यदि यही स्थिति बनी रही तो आने वाले दिनों में महंगाई और अधिक बढ़ने की आशंका है। स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग से मांग की है कि गैस आपूर्ति को जल्द से जल्द सुचारु किया जाए, ताकि आम जनता और व्यापारियों को राहत मिल सके।

## एक नजर

### मांस की दुकानें बंद करने की मांग



**चांदपुर।** मौहल्ला गोकुल नगर निवासी आरटीआई एक्टिविस्ट वीरेंद्र राजपूत ने डीएम को प्रेषित पत्र में कल (आज) से शुरु हो रहे नवरात्र पर्व को ध्यान में रखते हुए मांस की दुकानें व होटल बंद कराए जाने की मांग की है। पत्र में कहा कि 20 मार्च से सनातन के पावन नवरात्र का प्रारंभ होने जा रहे है। सनातन समाज आस्था के साथ नौ दिन का उपवास रखते है। इन नौ दिनो में केवल फलाहार कर पूजा-अर्चना करते हैं। उन्होंने कहा कि तहसील सहित जनपद भर में सड़क किनारे मीट की दुकानें, होटल व बिरयानी आदि के ठेलों को पूर्णत: बन्द कराया जाए। ताकि किसी की धार्मिक भावनाओं को ठेस न पहुंचे। उन्होंने कहा कि कुछ शरारती तत्व जानबूझकर सड़क किनारे मुख्य चौराहों पर बिरयानी, कबाब के ठेले लगाते है, उन्हें रोका जाए। चांदपुर में तहसील से सड़क किनारे, गोकुलनगर, काजीजादगान, धनौरा रोड पर सभी मांस के होटलों की निगरानी की जाए।

### चांदी की मूर्ति व सिक्के चारी

**बिजनौर।** चांदपुर नगर के मौहल्ला कटारमल निवासी सदानंद धोडके पुत्र सुखदेव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी ढाली बाजार स्थित उसकी दुकान में सोने, चांदी के आभूषण की गलाई व सफाई का कार्य होता है। चोरों ने दुकान से चांदी के तीन सिक्के व चांदी की लक्ष्मी गणेश की मूर्ति चोरी कर ली, जिनकी कीमत लगभग 50 हजार रुपए है। दुकान स्वामी के अनुसार 23 अक्टूबर 2025 को भी उसकी दुकान में लगभग दो लाख रुपए की चोरी हुई थी।

### जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया



**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिंदू डिग्री कॉलेज की रासेयो छात्र एवं छात्रा इकाई द्वारा जल-जीवन मिशन के अंतर्गत विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डा. उदिता राजपूत के निर्देशन में आयोजित संगोष्ठी में कालेज के एकेडमिक डायरेक्टर प्रो. अनिल कुमार वर्मा ने स्वयंसेवकों को जल संरक्षण की महत्ता बताते हुए भविष्य में होने वाली जल की कमी के प्रति आगाह किया। उन्होंने कहा वर्तमान पीढ़ी का यह नैतिक दायित्व है कि वे आने वाली पीढ़ियों के लिए जल बचाएं। प्रो. दिनेश सिंह ने विभिन्न व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से विद्यार्थियों को जल बचाने के प्रति प्रेरित करते हुए आह्वान किया कि वे न केवल स्वयं जागरूक बनें, बल्कि समाज के अन्य लोगों को भी इस अभियान से जोड़ें। कार्यक्रम के अंत में सभी स्वयंसेवकों ने जल की एक-एक बूंद बचाने और समाज में जल संरक्षण का संदेश फैलाने की शपथ ली। कार्यक्रम में डा. ज्ञानेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, डा. अमित पुंडीर, रामविलास यादव, मौहम्मद सलीम आदि शिक्षक मौजूद रहे।

### रहस्यमय परिस्थितियों में युवक गायब

**हीमपुर दीपा।** थाना क्षेत्र के ग्राम मिर्जापुर निवासी लालजी का 36 वर्षीय पुत्र सीटू बीते एक सप्ताह से लापता है। बताया जाता है कि सीटू कभी-कभी शराब का सेवन करता था। जिसके चलते उसकी पत्नी और उसके बीच लड़ाई हो जाती थी। सीटू के पिता ने आरोप लगाया कि बीती भाई दूज को जब सीटू अपनी पत्नी के साथ ससुराल गया था तब उसकी पत्नी ने अपने भाई से सीटू की जमकर पिटाई कराई थी। साथ ही घर वापस आने के बाद उसकी पत्नी ने भी उसके साथ मारपीट की थी। इसके बाद सीटू क्षुब्ध रहने लगा था। बीते सप्ताह भी पति-पत्नी में झगड़ा होने के बाद सीटू घर से चला गया। पहले एक-दो दिन तो स्वयं आ जाने की आस पिता लगाते रहे उसके बाद सभी रिश्तेदारियों में फोन कर सूचना मांगी गई जहां पर भी सीटू की मौजूदगी नहीं मिली। एक सप्ताह बीत जाने के बाद हारकर बूढ़े पिता ने हीमपुर दीपा थाने को सूचना दी है। बूढ़े पिता ने सीटू की पत्नी और साले पर अपना शक जाहिर किया है। बता दें कि सीटू का विवाह करीब 17 साल पहले मंडावर थाना क्षेत्र से हुआ था। जिसे अपनी कोई संतान नहीं है।

### नवोदय में छात्रों का चयन होने पर सम्मान



**नहटौर।** प्राथमिक विद्यालय खेड़ी जट में जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में चयनित छात्रों के सम्मान में एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल रहा और क्षेत्रवासियों ने भी बढ़-चढ़कर सहभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी विरेंद्र पाल सिंह रहे। उन्होंने अपने संबोधन में विद्यालय के शैक्षिक माहौल, अनुशासन एवं शिक्षकों के समर्पण की भूरी-भूरी प्रशंसा की। साथ ही उन्होंने आश्वस्त किया कि भविष्य में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए ब्लॉक स्तर से हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। इसके पश्चात विद्यालय स्टाफ की भूमिका को सराहा गया। इंचार्ज अध्यापक विपुल कुमार, सहायक अध्यापिका सारिका, सहायक अध्यापक मुकेश, एवं शिक्षामित्र अरुण कुमार के मार्गदर्शन एवं निरंतर प्रयासों से ही छात्रों ने यह उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। कार्यक्रम में चयनित छात्र अमन कुमार पुत्र अनिल कुमार एवं लवजीत पुत्र समरपाल सिंह को माल्यार्पण एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही विद्याज्ञान प्रवेश परीक्षा में चयनित छात्रा राधिका पुत्री नरेंद्र कुमार को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के भूतपूर्व इंचार्ज अध्यापक धीरज चौहान द्वारा किया गया। विद्यालय परिवार ने इस सफलता को सामूहिक प्रयास का परिणाम बताते हुए भविष्य में भी ऐसे ही उत्कृष्ट परिणाम देने का संकल्प लिया।

### ईद की नमाज सुबह 8:15 बजे

**धामपुर।** शहर इमाम मुफ्ती मौहम्मद कमर कासमी ने बताया कि ईदगाह में ईद की नमाज सुबह 8:15 बजे अदा की जाएगी। जबकि जामा मस्जिद में नमाज का समय 8:30 बजे निर्धारित किया गया है। उन्होंने सभी नमाजियों से समय का विशेष ध्यान रखने और अनुशासन बनाए रखने की अपील की। वहीं पालिका प्रशासन ने भी ईद के मौके पर साफ-सफाई के पुख्ता इंतजाम करने का भरोसा दिलाया है। नमाज स्थलों के आसपास विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा, ताकि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। ईद को लेकर शहर में उत्साह का माहौल है।

# बाइक की टक्कर से महिला की मौत, चालक फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** सड़क पार कर रही महिला तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गई। अस्पताल में डाक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम सफियाबाद मंदोरी निवासी भूरी (50 वर्ष) पत्नी कलवा किसी काम से पैदल जा रही थी। जैसे ही वह पूर्व ग्राम प्रधान नफीस अंसारी के घर के सामने सड़क पार करने लगी, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। बाइक सवार वहां से फरार हो गया। घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के



## नाबालिगों की लापरवाही बन रही हादसों की वजह

लिए भेज दिया। पुलिस फरार चालक की तलाश कर रही है।

# युवा सर्राफा संघ के अध्यक्ष बने योगेश रस्तोगी

**शाह टाइम्स संसवाददाता**

**धामपुर।** नगर के फल चौराहा स्थित धर्मशाला में युवा सर्राफा व्यापारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें सर्वसम्मति से युवा सर्राफा संघ का गठन किया गया। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने आपसी एकता, भाईचारा और व्यापारिक हितों की रक्षा के लिए संगठित होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

बैठक के दौरान वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में व्यापारियों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, ऐसे में एक मजबूत संगठन की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। सभी पदाधिकारियों ने एक-दूसरे का सहयोग करते हुए संघ को मजबूत बनाने और सभी व्यापारियों को साथ लेकर चलने का आह्वान किया।

सर्वसम्मति से योगेश रस्तोगी



## आपसी एकता व सहयोग पर जोर

अध्यक्ष, विष्णु अग्रवाल उपाध्यक्ष, मोहित अग्रवाल महासचिव, राम अग्रवाल सचिव एवं अर्पित सिंघल कोषाध्यक्ष चुने गए। इसके अलावा विशेष सलाहकार सदस्यों में शिवम अग्रवाल, अक्षत अग्रवाल, पंकज मल्होत्रा, विशाल गुप्ता, प्रतीक बंसल, नमन सिंघल, रजत मित्तल, आयुष अग्रवाल, मानस अग्रवाल, विपुल गर्ग, पुनीत गर्ग एवं अमित गोयल को शामिल किया गया।

संघ के सदस्यगण में विवान प्रकाश, राघव अग्रवाल, अर्चित अग्रवाल, अमन सिंघल, पंकज अग्रवाल, दीपांशु बंसल, प्रफुल्ल बंसल, रजत मित्तल, अंशुल अग्रवाल, रानू अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, चिराग अग्रवाल, पुलकित अग्रवाल, हर्ष रस्तोगी, यश रस्तोगी, पुलकित मित्तल, मोनल गुप्ता, विजय रस्तोगी, अजय रस्तोगी, राहुल अग्रवाल, अनुभव बंसल, कुशल अग्रवाल, सुमित गोयल, नीरज खंडेलवाल, केशव अग्रवाल, माधव वर्मा, नवीन वर्मा, नितिन कुमार, फ्रुल्ल वर्मा, अभय वर्मा एवं श्रेष्ठ अग्रवाल शामिल हैं।

अंत में सभी पदाधिकारियों ने कहा कि युवा सर्राफा संघ व्यापारियों की समस्याओं के समाधान, आपसी समन्वय और सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर उपस्थित सभी सदस्यों ने नवगठित संघ को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## एक नजर

### चोरी की वारदात का खुलासा



**स्योहारा।** पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। सात फरवरी, 2026 को बहाउद्दीन पुत्र मौहम्मद एहसान निवासी ग्राम मेवानवादा ने थाने में तहरीर देकर बताया था कि चोर उसके घर से कीमती मोबाइल और एक एलपीजी गैस सिलेंडर चोरी कर ले गए है। इस सूचना के आधार पर थाना स्योहारा में मुकदमा अपराध संख्या 36/2026 धारा 305(क) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस ने साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की पहचान तस्लीम उर्फ जीन्द पुत्र इदरीश निवासी ग्राम मेवाजट के रूप में की। पुलिस ने 18 मार्च को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान उसके पास से चोरी किया गया मोबाइल और एक गैस सिलेंडर भी बरामद किया गया। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी का आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ पहले भी एनडीपीएस एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। जिनमें वर्ष 2020 और 2022 के मामले शामिल है। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार के नेतृत्व में उपनिरीक्षक यशदेव शर्मा, हेड कांस्टेबल, रोहित व शिवम का विशेष योगदान रहा।

### जरुरतमंद परिवारों को राशन किट वितरित



**नहटौर।** ईद-उल-फितर के अवसर पर नहटौर के मौहल्ला अफगानान में हाजी अल्लाह दिया अंसारी फाउंडेशन द्वारा 165 जरुरतमंद परिवारों को राशन किट वितरित की गई। यह कार्यक्रम त्यौहार की खुशियों को साझा करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि कोई भी गरीब परिवार संसाधनों के अभाव में ईद की खुशियों से वंचित न रहे। फाउंडेशन के सदस्य जियाउल हसन अंसारी ने जानकारी देते हुए बताया कि हाजी अल्लाह दिया अंसारी फाउंडेशन की स्थापना 2022 में की गई थी। इसका लक्ष्य समाज के उन वर्गों की मदद करना है जो गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि विशेष रूप से ऐसी विधवाओं को प्राथमिकता दी जा रही है जिनके छोटे बच्चे हैं और घर में कोई कमाने वाला नहीं है, ताकि वे भी सम्मान के साथ ईद मना सकें। जियाउल हसन अंसारी ने यह भी बताया कि फाउंडेशन केवल राशन वितरण तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह समय-समय पर विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित करने के लिए 'अवार्ड फंक्शन' जैसे कार्यक्रमों का भी आयोजन करता है। इस मौके पर स्थानीय लोगों ने फाउंडेशन के इस प्रयास की सराहना की।

# घर में घुसकर मारपीट, जान से मारने की धमकी

**धामपुर।** ग्राम सुहागपुर निवासी सुमन पत्नी दिनेश कुमार ने बताया कि उसके बेटे हेमंत और बहू कामिनी के बीच चल रहे विवाद के चलते 8 फरवरी की शाम आरोपियों ने रंजिशन उसके घर पर धावा बोल दिया। आरोप है कि सलोनी, इशीका, विष्णुकांत और गोलू निवासी आजाद नगर कॉलोनी नगीना ने महिला को घर में अकेला पाकर गाली-गलौज की और लात-घूंसों से बेरहमी से पीटा। इतना ही नहीं, आरोपियों ने उसका सिर दीवार से टकरा दिया। जिससे उसे गंभीर चोटें आई। हमले के बाद आरोपियों ने धमकी दी कि यदि किसी को बताया या रिपोर्ट की तो जान से मार देंगे। सूचना पर 112 पुलिस मौके पर पहुंची और घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कर मेडिकल कराया गया। हालांकि पीड़िता का आरोप है कि पुलिस और अस्पताल दोनों ही मेडिकल रिपोर्ट की कॉपी देने से इंकार कर रहे हैं।

# उत्तम नगर दिल्ली कांड पर भाजपा राजनीति करके माहौल खराब करने से बाज आए : धीरेन्द्र प्रताप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालागढ़।** उत्तम नगर दिल्ली में एक हिंदू युवक की हत्या को लेकर भाजपाइयों द्वारा वोटों का ध्रुवीकरण करने की राजनीति कर रखी है। वहीं उन्होंने भाजपा के इरादों की कड़ी निन्दा की है।

कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता उत्तराखंड धीरेंद्र प्रताप ने कहा कि वहां पर एक समुदाय के कई लोगों को गिरफ्तार कर रमजान व ईद के नजदीक कई बेकसूर लोगों को जेलों में बन्द कर दिया है। ऐसी स्थिति में कानून अपना काम सही से नहीं कर रहा है। परंतु भाजपा के इशारे पर कानून को नचाया जा रहा हैं। कानून का भाजपा राजनीतिकरण करने में लगी हुई हैं। कई भाजपा के राजनेता यह कहने लगे हैं कि ईद के मौके पर रंग में भंग डालकर होली मनाएंगे। यह किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। कानून को राजनीति के चक्कर में न आकर कानूनी प्रकिया को ठीक से



किये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने दिल्ली उत्तम नगर कांड में युवक की हत्या की कठोर निंदा की है। लेकिन साथ ही यह भी कहा कि यदि शासन और सरकार लोगों को गिरफ्तार कर लेती है, तो उसके बाद न्यायालय की प्रक्रिया पर ध्यान देना अति आवश्यक है। वहीं उन्होंने तमाम समुदायों से ईद के मौके पर भाईचारा कायम रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि भारत मां के चार सिपाही हिंदू, मुस्लिम, सिख, इसाई यदि उनमें कभी विवाद भी हुआ, तो कभी आपसी भाईचारा व कभी कानूनी प्रकिया से मामले का निस्तारण होता रहा है। पुराने धामपुर में घटित घटना को पूरा राजनीति प्रकरण दिया गया। छोटी सी बात को तूल दिया गया। राजनीति मुद्दे को भुनाया गया, जो सरासर गलत है। भाजपा को वर्षों बाद सत्ता हाथ लगी है। जो संभाल नहीं पा रही है। भाजपा की करनी करतूत का एक्जाम चल रहा होगा, जिस दिन जनता एक्जाम का रिजल्ट निकालेगी, उस दिन करनी कथनी का फल याद आएगा। भाजपा का अंतिम संस्कार का समय आ गया है।

भाजपा गृह युद्ध करना चाहती है, लेकिन कांग्रेस भाजपा को इस मकसद में कामयाब नहीं होने देगी। जनता धीरे-धीरे भाजपा को समझ चुकी है। जनता ने जिस दिन भाजपा को उखाड़ फेंकने का मन बना लिया, उस दिन भाजपा को करनी कथनी कहो या छठी का दूध कहो याद आ जायेगा।

# ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

## स्वयंसेवकों को आपातकालीन परिस्थितियों में कार्य करने का प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** आरएसएम कॉलेज की रासेयो छात्र इकाई का छठा दिन ग्राम सरकड़ा (चकराजमल) में कार्यक्रम अधिकारी डा. रवि धनकड़ के नेतृत्व में 'सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियम' थीम पर उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रतिदिन की भांति प्रात:कालीन योगाभ्यास से हुई। इसके पश्चात स्वयंसेवकों ने गांव की सड़कों पर स्वच्छता अभियान चलाकर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरुक किया। नाश्ते में स्वयंसेवकों ने पौष्टिक आहार के रूप में चना तैयार कर सामूहिक रूप से ग्रहण किया।

द्वितीय सत्र में आपदा प्रबंधन एवं प्राथमिक उपचार पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। इस दौरान आपदा मित्र स्वयंसेवक प्रीत चौहान एवं उनकी टीम ने मॉक ड्रिल के माध्यम से दुर्घटना या आपदा की स्थिति में तत्काल सहायता, प्राथमिक उपचार




एवं बचाव के व्यावहारिक उपायों का प्रदर्शन किया, जिससे स्वयंसेवकों को आपातकालीन परिस्थितियों में कार्य करने का प्रशिक्षण प्राप्त हुआ।

इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी डा. रवि धनकड़ ने अपने संबोधन में कहा कि 'सड़क सुरक्षा केवल नियमों का पालन भर नहीं है, बल्कि यह हमारे जीवन की सुरक्षा से जुड़ा विषय है। आज देश में सड़क दुर्घटनाएं एक गंभीर समस्या बन चुकी हैं, जिनसे बचाव के लिए जागरुकता के साथ-साथ अनुशासन अत्यंत आवश्यक है। हेलमेट, सीट बेल्ट और यातायात नियमों का पालन करके हम अनेक कीमती जिंदगियों को बचा सकते हैं। साथ ही, आपदा के समय घबराने के बजाय सही जानकारी और प्राथमिक उपचार का ज्ञान हमें स्वयं के साथ-साथ दूसरों की भी सहायता करने योग्य बनाता है। रासेयो स्वयंसेवकों का दायित्व है कि वे समाज में जागरुकता फैलाकर एक सुरक्षित और जिम्मेदार नागरिकता का निर्माण करें।'

इस मौके पर आरएसएम कॉलेज से पंकज कुमार, प्रेम राज सिंह, सुनील कुमार, मलखान सिंह, सुंदर सिंह बिष्ट, ग्रामवासी एवं सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
सलमान अलीमुद्दीन
युवा समाजसेवी
ग्राम मानियावाला
ब्लॉक-अफजलगढ़



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
आकिब यूनुस एड.
युवा भाजपा नेता
बिजनौर



मुकद्दस रमजान की बधाई
मूल निवासी भीम सिंह
जिला प्रभारी पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक।
विधान सभा 22 बिजनौर से संभावित प्रत्याशी।
भगवती केयर सेंटर विदुर कुटी रोड शक्ति पेट्रोल पम्प के सामने सोमिया मार्केट, बिजनौर।
Mob-9389945824, 8868001224



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मकसूद अहमद अंसारी
(ठेकेदार)
संभावित प्रत्याशी
प्रधान पद
राजा का ताजपुर



# राज्य सरकार का उद्देश्य युवाओं को नौकरी खोजने वाला नहीं देने वाला बनाना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** स्टेट बैंक क्षेत्रीय कार्यालय रामपुर के तत्वावधान में सीएम युवा उद्यम वृहद श्रृण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

○ सीएम युवा उद्यमी योजना के तहत 116 को लोन मंजूरी पत्र वितरित

बहजोई स्थित डीआर रिसॉर्ट में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डा. राजेंद्र पैंसिया जिलाधिकारी तथा प्रशासनिक कार्यालय के उप महाप्रबंधक सुमन बक्शी मौजूद रहे। कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रबंधक प्रभात कुमार सहित विभिन्न शाखाओं के प्रबंधक एवं बैंक अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान '116 लाभार्थियों को लोन मंजूरी पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डा. राजेंद्र पैंसिया ने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यम योजना युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने बताया कि इस योजना के माध्यम से सरकार युवाओं को स्वरोजगार के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध करा रही है, जिससे वे अपने व्यवसाय स्थापित कर सकें और अन्य लोगों को भी रोजगार दे सकें। उन्होंने आगे कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य युवाओं को नौकरी खोजने वाला नहीं बल्कि नौकरी देने वाला बनाना है। इसके लिए सरकार द्वारा सरल लोन प्रक्रिया, पारदर्शी व्यवस्था और डिजिटल माधयमों को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे योजनाओं का लाभ सीधे पात्र युवाओं तक पहुंच सके।सुमन बक्शी ने लाभार्थियों से लोन राशि का समुचित एवं उत्पादक उपयोग करने तथा नियमानुसार समय पर लेनदेन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह योजना युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इसके साथ ही कार्यक्रम में डिजिटल बैंकिंग सेवाओं के उपयोग पर भी जोर दिया गया। अधिकारियों ने क्यूआर कोड और साउंड बॉक्स जैसी सुविधाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इनसे लेन-देन को सुरक्षित, पारदर्शी और सरल बनाया जा सकता है।



सम्भल। उपनगरी सराय तरीन की जामा मस्जिद में मुकददस किताब के मुकम्मल होने पर सम्बोधन करते।

# दो लाख उत्तर पुस्तिकाओं की होगी जांच

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य विधिवत रूप से शुरू गया। जनपद में इस बार लगभग दो लाख उत्तर पुस्तिकाओं की जांच की जायेगी। जिसके लिए प्रशासन द्वारा पांच मूल्यांकन केंद्र बनाये गए है। सभी केंद्रों पर पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखने की विशेष व्यवस्था की गयी है। जबकि मूल्यांकन प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए प्रत्येक केंद्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। इसके साथ ही, पूरे मूल्यांकन कार्य सीसीटीवी कैमरों

○ सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य शुरू, एक हज़ार शिक्षकों को मूल्यांकन कार्य के लिए लगाया गया

की निगरानी में चल रहा है। जिससे कि किसी तरह की कोई अनियमित्ता व लापरवाही नहीं की जा सके। इसके अलावा इस महत्वपूर्ण कार्य में करीब एक हजार शिक्षकों को लगाया गया है। जिन्हे उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य निर्धारित दिशा-निर्देशों के तहत ही करने को कहा गया है। इसके साथ ही शिक्षकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे पूरी गंभीरता और निष्पक्षता के साथ कॉपियों की जांच करें, जिससे विद्यार्थियों को उनके प्रदर्शन के अनुरूप अंक मिल सकें। जबकि जिला स्तर पर नियुक्त पर्यवेक्षक भी लगातार सभी केंद्रों का निरीक्षण करते रहेंग और व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ ही मूल्यांकन प्रक्रिया की गुणवत्ता सुनिश्चित करते रहेंगे।

# रमजान के बाद भी नमाज को बनाएं जिंदगी का हिस्सा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** उपनगरी सराय तरीन, मोहल्ला दरबार स्थित जामा मस्जिद में 27वीं शब-ए-तरावीह के मौके पर मुकददस किताब को मुकम्मल किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत की।

जामा मस्जिद दरबार के इमाम व खतीब हजरत मौलाना व मुफ्ती मुहम्मद रियाज उल हक कासमी ने कहा कि अल्लाह तआला बहुत गफूर-ओ-रहीम है। वह अपने बंदों से माँ से भी कई गुना ज्यादा मोहब्बत करता है। अल्लाह तआला अपने उन बंदों के तमाम गुनाह माफ कर देता है। चाहे वे कितने ही बड़े क्यों न हों जो सच्चे दिल से तौबा करते हैं और दोबारा गुनाह न करने का पक्का इरादा करते हैं। इंसान को चाहिए कि वह कभी भी अल्लाह की रहमत से मायूस न हो।उन्होंने मुकददस किताब की अजमत और अहमियत बयान करते हुए उसकी

○ दरबार स्थित जामा मस्जिद में मुकद्दस किताब हुई मुकम्मल

तिलावत के फजाइल बताए। उन्होने कहा कि मुकददस किताब एक आसमानी किताब है, जो पूरी इंसानियत को आपस में मोहब्बत और भाईचारा कायम करने का पैगाम देती है। यह एक-दूसरे की मदद करने, हमदर्दी दिखाने और हर तरह की बुराइयों से बचने की हिदायत देती है। हजरत मौलाना मुफ्ती रियाज उल हक कासमी ने मौजूद लोगों से कहा कि तरावीह पूरे रमजान महीने पढ़ी जाती है, लेकिन रमजान के बाद भी मुकददस किताब की तिलावत और नमाज को अपनी जिंदगी का हिस्सा बनाए रखें। साथ ही हर तरह की बुराइयों, नशाखोरी और शराबनोशी से दूर रहें। उन्होंने वक्त की अहमियत पर जोर देते हुए कहा कि हमें अपने वक्त की कद्र करनी चाहिए और उसे अच्छे कामों में लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपने हमवतन भारतीय भाइयों के साथ मोहब्बत, प्यार और खुलूस के साथ पेश आएं और सभी मजहबों का एहतराम करें। इसी से समाज में आपसी भाईचारा और अमन-ओ-चैन कायम रहेगा। बयान के बाद सभी लोगों ने दुआ के लिए हाथ उठाए। मुफ्ती मुहम्मद रियाजुल हक कासमी ने पूरी दुनिया में अमन-शांति कायम होने, आपसी मोहब्बत और भाईचारा बढ़ानें, गुनाहों की माफी, उनसे बचने और माँ-बाप की इज्जत व एहतराम करने के लिए अल्लाह की बारगाह में खास दुआ कराई। आखिर में सभी को मिठाई तकसीम कराई गई। इस अवसर पर वसीम खान,जका उल्लाह खां, मुशर्रफ खा, फाजिल सैफी, हाजी अराफात, काशिफ खां, मुशाकिर सैफी, हाफिज साकिब, नाजिश मियां, मु.मदस्सीर, सलीम खान आदि मौजूद रहे।

# जिला जज ने किया जेल का त्रैमासिक निरीक्षण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** जनपद न्यायाधीश/अधयक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जिला कारागार सम्भल स्थित मुरादाबाद का त्रैमासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जनपद न्यायाधीश ने कारागार में निरुद्व बंदियों की कुल संख्या, विचाराधीन एवं दोषसिद्व बंदियों की स्थिति, आवास व्यवस्था, स्वच्छता, भोजन की गुणवत्ता, पेयजल, प्रकाश एवं वेंटिलेशन, चिकित्सा सुविधाएँ, महिला एवं पुरुष बंदियों की पृथक व्यवस्था, वृद्व एवं दिव्यांग बंदियों की स्थिति आदि का विस्तृत अवलोकन किया। जबकि जेल अस्पताल का निरीक्षण कर चिकित्सीय सुविधाओं, दवाओं की उपलब्धता तथा नियमित स्वास्थ्य परीक्षण की जानकारी ली। साथ ही संक्रामक रोगों से बचाव के लिए व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की गई।

## एक नज़र इधर भी



सम्भल। सृष्टि नवसम्वतसर पर मेले में झूलों का आनंद लेते।

# झूला देखने को जुटे लोग

**बबराला (शाह टाइम्स,संवाददाता)।** नगर में सृष्टि नवसंवत्सर मेला जोरों पर चल रहा है। लोगों की काफी भीड़ चल रही है।मेले में छोटे बड़े झूले रेल,पंजाबी ढाबा,खेल खिलोनो की दुकानें आदि का सभी लोग लुत्फ उठा रहे हैं। बबराला क्षेत्र के लोगों के लिए यह मेला नुमाइश की तरह है क्योकि क्षेत्र के लोग नुमाइश देखने अलीगढ़ ही जाते हैं या फिर मेला गणेश चौथ चन्दौसी देखते हैं। यह मेला गांव देहात के लिए किसी नुमाइश से कम नहीं है। लोग खासकर महिलाएं बच्चों को साथ लेकर झूले व सौंदर्य और घरेलू सामान की खूब खरीददारी कर रही हैं। तीन दिवसीय मेले देखने लोग जा रहे हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष हर्षवर्धन वार्ष्णेय व ईओ अमरेश तिवारी ने बताया कि मेले में भीड़ जुट रही है। सभी आकर झूलों का आनन्द ले रहे हैं। क्षेत्र के लोगों को मेला मनोरंजन का साधन बना है।



सम्भल।- पर्वों पर बेहतर व्यवस्था बनाने की मांग को ज्ञापन देते सपा कार्यकर्ता।

# पर्वों पर व्यवस्था की जाए बेहतर

**सम्भल (शाह टाइम्स,ब्यूरो)।** समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने जिला सचिव सईद अख्तर इसराईली के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपकर नवरात्र, चांद रात और ईद-उल-फितर के मद्देनजर व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने की मांग की। ज्ञापन में मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, इमामबाड़ा और कब्रिस्तानों के आसपास विशेष साफ-सफाई कराने की मांग की गई। साथ ही बाजारों, चौराहों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में महिला एवं पुरुष पुलिस कर्मियों की डयूटी लगाने की मांग की गई। ताकि लोगों को सुरक्षित माहौल मिल सके। सईद अख्तर ने कहा कि त्योहारों के दौरान बाजारों में अत्यधिक भीड़ रहती है, खासकर चांद रात के समय। ऐसे में ई-रिक्शा और चार पहिया वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए, जिससे महिलाओं, बच्चों और दुकानदारों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके अलावा 24 घंटे बिजली और पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा ईद के दिन ईदगाह और अन्य मस्जिदों में पुख्ता सुरक्षा इंतजाम करने की भी मांग की गई।

# नगर पंचायत बोर्ड की बैठक बीस मार्च को

**सिरसी (शाह टाइम्स,संवाददाता)।** नगर पंचायत मूल बजट वित्तीय वर्ष 2026-27 की बोर्ड बैठक 20 मार्च शुक्रवार को सुबह दस बजे कार्यालय सभागार कक्ष में आयोजित की जाएगी। जिसमें सभी सभासदों को प्रतिभाग करना अनिवार्य है। गैर तलब है कि 17 मार्च को आयोजित होने वाली बैठक अपरिर्हाय कारणों से स्थगित कर दी गई थी। जो अब बीस मार्च कारे आयोजित की जायेगी।

# 11 दिवसीय यज्ञ महोत्सव आज से

**सिरसी (शाह टाइम्स संवाददाता)।** श्रीकल्कि पधारो धरती पर श्रंखला के तहत शिवगोरख मंदिर समिति द्वारा पंजू सराय समिति कैम्प कार्यालय पर आयोजित माँ दुर्गा स्तवन की 92वं कडी का ग्यारह दिवसीय यज्ञ महोत्सव 19 मार्च शुभदिन गुरुवार सांय 04-58 से रात्रि 09-26 के मध्य शुभारम्भ करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर आध्यात्मिक गुरु पं राधेश्याम श्रीमाली ने कहा कि इस बार सूर्य उदय के समय में प्रतिपदा न होने के कारण गौधूरी में कलश स्थापना अखंड ज्योति जागरण दिव्य नवार्ण महामंत्र जाप व कन्या पूजन गौधूरि महा महुर्त से शुरू होकर रात्रि पर्यन्त तक सम्पन्न किये जाने का प्रयास किया जायेगा उन्होंने कहा आदिशक्ति माँदुर्गा नवरात्रि में अपने भक्तो को प्रसन्न होकर दिव्य शक्ति उर्जा तो प्रदान करती ही है। साथ ही बाह्य जगत के वातावरण सहित भक्तो जनो की दशा व दिशा भी बदल देती है। उन्होंने कहा चैत्रशुक्ला प्रतिपदा से सृष्टि मंवतर के नूतनवर्ष का भी शुभारंभ होता है। श्रीमाली ने कहा की जड़ तत्व प्रकृति की अधिपति माँदुर्गा चेतनतत्व वृह्म की सत्ता से सृष्टि की रचना का दायित्व भी निर्वाह करती है। इसी कारण जगत जननी और जगदम्बा कहलाती है। समिति जिला सचिव ज्वालेश श्रीमाली ने कहा की नौ दिन माँदुर्गा के सात्विक उपवास बल,बुद्दि, और आयु बढाने में सहायक सिद्व होते हैं।

# तुम मेरे विश्वास का, अनुराग का दामन सम्भालो मैं तुम्हारे हाथ में सिंदूरदानी रख रही हूं

शाह टाइम्स ,संवाददाता

**बबराला।** नगर पंचायत बबराला द्वारा राजघाट रोड़ पर तीन दिवसीय सृष्टि नवसंवत्सर मेला महोत्सव के दूसरे दिन कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें हास्य, श्रृंगार, वीर रस के कवियों ने काव्य पाठ से जमकर गुदगुदाया। जबकि श्रोताओं ने भी तालियां बजाई और ठहाके लगाये।

**हिमांशु शंकर ने कहा कि :**-प्यार की हद को तू हमसफर आज़माता रहा रात भर। जिक्र करके किसी गैर का दिल जलाता रहा रात भर।।

**डा. दुर्गा टण्डन ने कुछ यूं कहा कि:**- चेतना को जगा दो समर शेष है। अब अधर में खड़ा ये मेरा देश है। आपकी राष्ट्र को है अब जरूरत बहुत। आपसी प्रेम में बढ़ रहा द्वेष है।।।

**पूजा शुक्ला बोली:**-हर वचन की पीठिका पर एक कहानी रख रही हूँ। जिन्दगी के इस सफर में प्रीत धानी रख रही हूँ। तुम मेरे विश्वास का, अनुराग का दामन सम्भालो। मैं तुम्हारे हाथ में सिंदूरदानी रख रही हूँ।।

**मोहित सक्सेना ने कुछ यूं कहा।** माना इसमें थोड़ा कत्लोआम भी हो सकता है। लेकिन गौरवशाली एक इमारत भी हो सकता है,।। सरकार सेनाओं को आदेश थमा कर देखो। जो पी ओके है वो कल फिर भारत भी हो सकता है।।

**सुनहरी लाल तुरंत इस तरह बोले:**-छत टपके तो फव्वारों का मजा लेते हैं। टूटे कमरे में बहारों का मजा लेते है। मूंगफलियों को भी बादाम समझ खाते हैं। बेर खाकर के छुआरों का मजा लेते हैं। इसके साथ ही कवि सुधांशु व रमेश मुस्कान ने भी काव्य पाठ किया। इस अवसर पर सभी कवियों को नगर पंचायत अध्यक्ष हर्षवर्धन वार्ष्णेय,पूर्वमंत्री अजीत कुमार उर्फ राजू यादव ने पटका पहनाकर व स्मृति चिन्ह श्रीरामलला देकर सम्मानित किया। इस मौके पर पूर्व मंत्री अजीत कुमार उर्फ राजू यादव, कविता वार्ष्णेय, प्रियंका शर्मा, नारायण शर्मा, अरुणकांत वार्ष्णेय, जगदीप, सुनीत, प्रशान्त वार्ष्णेय, बीरेश, मन्कित, आका, विवेक, अरविंद, डिम्पल, अनिल गुप्ता, सुरेश गुप्ता, अतुल वार्ष्णेय, संजीव वर्मा आदि मौजूद रहे।

# अवैध रूप से संचालित की जा रही थी क्लीनिक नगर मजिस्ट्रेट ने करायी सील

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** बुधवार को नगर मजिस्ट्रेट के ग्राम हजरतनगर गढ़ी थाना हजरतनगर गढ़ी में स्थित एक झोलाछाप डाक्टर के क्लीनिक के निरीक्षण में मौके पर एक अनस नाम का युवक कम्पाउडर का कार्य करता हुआ मिला। जबकि एक महिला शबाना पत्नी नूर मौहम्मद निवासी हजरतनगर गढ़ी अपनी पुत्री इनाया के टायफाईड का उपचार कराने को मौजूद थी। इसके अलावा एक बच्चा मौके टायफाईड का उपचार करने को एक बच्चा भी भर्ती था। क्लीनिक का संचालन मुस्लिम पुत्र नजमुद्दीन निवासी हजरतनगर गढ़ी,द्वारा संचालित किया जा रहा था। मुस्लिम को बुलाने को कहा गया, लेकिन काफी इंतजार के बाद भी मौके पर उपस्थित नहीं हुए। मौके पर क्लीनिक में कोई भी पंजीकरण अथवा क्लीनिक संचालन से सम्बन्धित अभिलेख पेश न करने सी.एच.सी. हजरतनगर गढ़ी की चिकित्सा अधिकारी डा. वसुन्धरा को मौके पर बुलाया गया तथा क्लीनिक में भर्ती अरहान के सरकारी चिकित्सालय में भर्ती कराने हेतु डा. वसुन्धरा के माध्यम से भिजवाया गया। जबकि झोलाछाप डाक्टर द्वारा क्लीनिक संचालित पाये जाने के कारण तत्काल क्लीनिक को वैध अभिलेख पेश करने तक सील कर बन्द कर दिया गया। जबकि डा. मनोज चौधरी, नोडल अधिकारी, क्वैक्स को दूरभाष पर इस क्लीनिक के संबंध में उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आवश्यक जांचोपरांत संबंधित थाने पर प्राथमिकी दर्ज कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**Information**

This is to inform the general public that earlier my name was Rajiv Agrawal son of Krishna Awatar Agrawal. Now Ihave Changed my name to Rajeev Agrawal.son of Krishna Awatar Agarwal Station road near indra choK Babrala Distt Sambhal UP

विज्ञप्ति/प्रवेश हेतू सूचना

डीएलएड (B T C) प्रशिक्षण 2025 हेतु ऑन लाइन आवेदन

सितारा बन्नो मेमोरियल डिग्री कॉलेज

बिलारी रोड, सिरसी, जिला-सम्भल (कॉलेज कोड 750002 )

अल्पसंख्यक संस्थान

डी एल एड (B T C) प्रशिक्षण हेतु ऑन लाइन आवेदन N C T E/ S C E R T से मान्यता प्राप्त एवं सम्बद्व डी एल एड (बीटीसी) प्रशिक्षण 2025 हेतृ निर्गत शासनादेश संख्या-1169/68- 4-2025-2067/2013 बेसिक शिक्षा अनुभाग-4 दिनांक 12.11.2025 एवं शासनादेश संख्या 653/ 15.11.2025 दिनांक 10 जून 2025 तथा यथा संशोधित शासनादेश संख्या 612/15.11.2017 दिनांक 25.05.2017 के अनुपालन व परीक्षा नियामक प्राधिकारी उ. प्र. की विज्ञप्ति दिनांक 12 नवम्बर 2025 के अनुक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित हैं।

**नोट:**- समस्त अर्हताएं सूचना NCTE/SCERT के मानकानुसार।

अधिक जानकारी के लिए कॉलेज में सर्म्पक करे।

**-:मोबाइल नम्बर:- 8171869153, 9808982326, 9219250005**

## कार्यालय नगर पंचायत सिरसी (सम्भल)

पत्र संख्या:-1724/न.पं.-सिरसी/2025-26 दिनांक:-18-03-2026

**अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि कार्यालय संयुक्त सचिव महोदय, उत्तर प्रदेश शासन, नगर विकास अनुभाग-5,लखनऊ के पत्रांक-696/2026/991/नौ-5-2026/001. Com.No2023518 दिनांक 11 मार्च, 2026 को वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य सैक्टर के 'पैयजल व्यवस्था' योजना के अर्न्तगत प्राप्त धनराशि से नगर पंचायत सिरसी के वार्डों में पैयजल पाईप लाइन बिछाने/मिनी ट्यूबवैल अधिष्ठापन का कार्य इत्यादि की ई-निविदा दिनांक 08.04. 2026 को अपरान्ह् 02:00 बजे तक ऑन लाईन आमंत्रित की जाती है। निविदा डालने से पूर्व निविदा के लिए न्यूनतम अर्हता हेतु निविदा की शर्तों का ध्यान पूर्वक अध्यन कर लें। निविदा से सम्बंन्धित अधिक जानकारी नगर पंचायत सिरसी की वेबसाइट www.npsirsi.in पर देखी जा सकती हैं।

| क्र.सं. | नगर पालिका/NPP Stage | ठेकेदार/Vendor Stage | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 01- | Tender Releas | | 19.03.2026 **पूर्वान्ह** 10.00 बजे | ------ |
| 02- | | Tender Download | 19.03.2026 **पूर्वान्ह** 10.00 बजे | ------ |
| 03- | | Bid Submission | 19.03.2026 **पूर्वान्ह** 10.00 बजे | ------ |
| 04- | Close Bid | | ------ | 08.04.2026 **अपरान्ह्**02.00 बजे |
| 05- | Bid Openining | | ------ | 08.04.2026 **अपरान्ह्**04 .00 बजे |

वेबसाइड htt://etender.up.nic.inपर निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण एवं विस्तृत शर्तें तथा बिडिंग प्रपत्र ऑनलाइन देखे जा सकते हैं।

**(विकास चन्द्र)**
**डिप्टी कलेक्टर/अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत सिरसी, सम्भल**

**(कौसर अब्बास)**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत सिरसी, सम्भल**

# गुलाब बाड़ी चुंगी पर तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार एक युवती की हुई मौत, एक घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर के कटघर थाना क्षेत्र गुलाबबाड़ी चुंगी पर बुधवार को एक भीषण सड़क हादसे में स्कूटी सवार युवती की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि इस हादसे में एक युवती गम्भीर रूप से घायल हो गई जिसका उपचार अस्पताल में चल रहा है। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई।जानकारी के अनुसार, रामपुर जनपद के खजूरिया थाना क्षेत्र स्थित टेहरी ख्वाजा गांव निवासी 30 वर्षीय महजबीन अपनी मौसी की बेटी रुकसार के साथ स्कूटी से मुरादाबाद दवा लेने आ रही थीं। दोनों जैसे ही शहर के कटघर थाना क्षेत्र गुलाबबाड़ी चुंगी स्थित हनुमान मंदिर के पास पहुंचीं, तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी।हादसा इतना भीषण था कि टक्कर लगते ही महजबीन सड़क पर गिर गईं और ट्रक के पहिए के नीचे आ गईं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, रुकसार को भी चोटें आई हैं, जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया।घटना के बाद चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया।





सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।गुलाबबाड़ी चौकी प्रभारी शिवम तोमर ने बताया कि घटना के संबंध में पंचनामा भरकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है और फरार चालक की तलाश शुरू कर दी गई है।इस दर्दनाक हादसे के बाद मृतका के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण के लिए सख्त कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। क्योंकि अभी कुछ दिन पहले भी गुलाब बाड़ी चुंगी पर ही रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई थी।

# बिश्नोई मंदिर में चैत्र अमावस्या पर धार्मिक अनुष्ठान, पर्यावरण रक्षा का लिया संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सुरजननगर।** क्षेत्र के ऐतिहासिक बिश्नोई मंदिर परिसर में बुधवार को चैत्र अमावस्या के पावन अवसर पर बिश्नोई समाज द्वारा भव्य धार्मिक अनुष्ठान और यज्ञ का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर समाज के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने एकत्रित होकर सामूहिक आहुतियां दीं और क्षेत्र की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की।कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु जम्भेश्वर भगवान द्वारा रचित 120 शब्दों की श्जम्भवाणीश के सस्वर पाठ के साथ हुआ। मंदिर परिसर मंत्रोच्चार से गुंजायमान रहा। बिश्नोई समाज की प्राचीन परंपरा का निर्वहन करते हुए श्रद्धालुओं ने पवित्र अग्नि में शुद्ध घी और नारियल की आहुतियां समर्पित कीं। गौरतलब है कि सुरजननगर स्थित इस मंदिर में प्रत्येक अमावस्या पर इसी प्रकार सामूहिक यज्ञ के आयोजन की



परंपरा दशकों से चली आ रही है।केवल धार्मिक कर्मकांड ही नहीं, बल्कि सामाजिक संदेश भी इस आयोजन का मुख्य केंद्र रहा। बिश्नोई धर्म के संस्थापक गुरु जम्भेश्वर भगवान द्वारा प्रतिपादित 29 नियमों के पालन की सभी को सामूहिक शपथ दिलाई गई। घ्इस अवसर पर समाज के प्रबुद्ध जनों ने कहा कि वर्तमान समय में गुरु जी के बताए मार्ग पर चलना ही पर्यावरण संरक्षण का एकमात्र समाधान है। इस मोके पर महावीर सिंह, विकास, अशोक कुमार, प्रकाशवीर विश्नोई, रामउपकार विश्नोई विमल, हर्ष, दिनेश कुमार, सुनील विश्नोई,बुजुर्ग और युवा उपस्थित रहे।


## एक नजर

### ब्लॉक के 28 विद्यालयो को किया निपुण घोषित




**कांठ ( शाह टाइम्स )।** जनपद सहित प्रदेश में डीएलएड प्रशिक्षुओं के माध्यम से कराए गए आकलन में 32480 विद्यालय निपुण विद्यालय के रूप में उभर कर सामने आए हैं। नगर पंचायत कांठ के चारों विद्यालय सहित ब्लॉक के 28 विद्यालयों को निपुण घोषित किया गया है । इन विद्यालयों के शिक्षकों को सम्मानित करते हुए प्रशस्ति पत्र भी दिया जाएगा।इन विद्यालयों में निपुण विद्यालय का लोगो भी पेंट कराया जाएगा। बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने कहा है कि निपुण विद्यालय के शिक्षकों को डीएम-सीडीओ के माध्यम से प्रशंसा पत्र दिया जाए। शिक्षकों का सम्मान समारोह 25 मार्च तक आयोजित किया जाए। इसके लिए प्रति जिले को 50 हजार का बजट भी स्वीकृत किया गया है।आयोजन में जनप्रतिनिधियों को भी बुलाया जाए। नगर पंचायत कांठ के पीएम श्री विद्यालय( कंपोजिट), महमूदपुरा, घोसीपुरा, माननगर, सलेमपुर (प्रथम ), सलेमपुर (द्वितीय ),शाहपुर मुबारकपुर, समदगढ़,गढ़ी बेगमपुर,रसूलपुर गूजर सहित 28 विद्यालयों को निपुण घोषित किया गया है स यहां के शिक्षकों का सम्मान समारोह 25 मार्च तक आयोजित किया जाएगा इसके लिए प्रत्येक जनपद का 50 हजार2 का बजट भी स्वीकृत किया गया है।

### परिवार परामर्श केंद्र में 20 मामलों की सुनवाई, एक परिवार में हुआ समझौता



**चन्दौसी।** जनपद संभल के पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार सिंह के निर्देशानुसार संचा. लित पुलिस परिवार परामर्श सुलह-समझौता केंद्र की बैठक गौशाला रोड स्थित पिंक चौकी, चन्दौसी में आयोजित की गई। बैठक का संचालन परामर्श केंद्र प्रभारी डॉ. रूकमपाल सिंह की देखरेख में किया गया। इस दौरान पति-पत्नी के मध्य उत्पन्न आपसी विवादों को सुलझाने के लिए काउंसलरों की टीम द्वारा दोनों पक्षों की बात सुनकर आपसी सहमति से समाधान कराने का प्रयास किया गया। बैठक में कुल 20 पत्रावलियों पर सुनवाई की गई, जिनमें से 04 मामलों का निस्तारण किया गया। इनमें एक परिवार को आपसी समझौते के आधार पर पुन: एक साथ रहने के लिए राजी किया गया, जबकि 03 मामलों में पक्षकारों द्वारा रुचि न दिखाने के कारण पत्रावलियों को बंद कर दिया गया। परामर्श केंद्र का उद्देश्य पारिवा. रिक विवादों को आपसी संवाद और समझौते के माध्यम से सुलझाना है, जिससे परिवार टूटने से बच सकें और समाज में सौहार्द बना रहे। इस अवसर पर काउंसलर श्वेता गुप्ता, पूनम अरोरा, उपनिरीक्षक महेश गंग. वार, मनोहर सिंह, रुचि सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### मिशन शक्ति के तहत महिलाओं-बालिकाओं को किया जागरूक

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे 'मिशन शक्ति फेज-5.0' अभियान के पुलिसकर्मियों ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित किए। इस दौरान महिला पुलिसकर्मियों ने चौपाल लगाकर बालिकाओं एवं महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा समस्याओं के समाधान के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाते हुए उन्हें सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना रहा। अभियान के तहत एंटी रोमियो टीमों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, स्कूल-कॉलेजों, धार्मिक स्थलों एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचकर जागरूकता अभियान चलाया गया। महिला पुलिसकर्मियों ने पम्पलेट वितरित कर शासन एवं पुलिस विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

साथ ही विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108, महिला हेल्पलाइन 181 तथा साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 के बारे में विस्तार से बताया गया। मोबाइल के माध्यम से पैनिक बटन व इमरजेंसी कॉल की जानकारी भी दी गई। पुलिस विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान से महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ी है और उन्हें किसी भी आपात स्थिति में सहायता प्राप्त करने के लिए आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई गई है।

# पौधों की सुरक्षा के लिए बने ब्रिक गार्ड खुद ही जर्जर

**चन्दौसी।** वन विभाग द्वारा पौधों के संरक्षण और सुरक्षा के उद्देश्य से मुरादाबाद बाईपास तिराहे (विश्वकर्मा हॉस्पिटल) से लेकर चन्दौसी-मुरादाबाद रोड के दोनों ओर बनाए गए ब्रिक गार्ड अब सवालों के घेरे में आ गए हैं। हाल ही में निर्मित ये संरचनाएं कुछ ही समय में क्षतिग्रस्त होने लगी हैं, जिससे निर्माण की गुणवत्ता पर प्रश्नचिह्न खड़े हो गए हैं। स्थिति यह है कि कई ब्रिक गार्ड पूरी तरह ढह चुके हैं, जबकि अनेक में दरारें पड़ गई हैं और वे गिरने की कगार पर हैं। जिन संरचनाओं का उद्देश्य पौधों को सुरक्षित रखना था, वे स्वयं ही असुरक्षित नजर आ रही हैं। ऐसे में पौधों की सुरक्षा पर भी संकट खड़ा हो गया है। जानकारी के अनुसार कुल 37 ब्रिक गार्ड क्षतिग्रस्त पाए गए हैं। इनमें प्रमुख रूप से संख्या 29, 30, 31, 46, 102, 110, 162, 197, 233, 250, 272, 274, 277, 324, 329, 344, 365, 380, 394, 395, 400, 419, 428, 438, 478, 499, 501, 617, 623, 629, 638, 643, 647, 649, 650, 658 और 664 शामिल हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान रखा जाता तो इतनी जल्दी ये ब्रिक गार्ड खराब नहीं होते। उन्होंने संबंधित विभाग से मांग की है कि क्षतिग्रस्त संरचनाओं की जांच कराते हुए शीघ्र मरम्मत कराई जाए, ताकि पौधों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और सरकारी धन की बर्बादी रोकी जा सके। इस मामले ने वन विभाग की कार्यप्रणाली और निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

# नवरात्रि के अवसर पर विशेष शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** नागरिक सुरक्षा कार्यालय मुरादाबाद ने आगामी चैत्रीय नवरात्री के अवसर पर विशेष शिविर लगाने का निर्णय लिया है। यह शिविर 26 और 27 मार्च 2026 को लालबाग स्थित सिद्धपीठ माता कालीमंदिर में लगाया जाएगा। इस शिविर में खोए पाये बच्चों को उनके माता पिता एवं गार्जियन से मिलवाने और स्वच्छ पानी की व्यवस्था की जाएगी। उपनियंत्रक श्री नीरज चक ने कहा कि सभी कोतवाली प्रखंड के वार्डन अपनी जिम्मेदारी से सहयोग करेंगे। शिविर में वरिष्ठ सहायक उपनियंत्रक सतीश कुमार, कार्यालय से चमन शर्मा, डॉ तुषार अग्रवाल, डिविजनल वार्डन अशोक कुमार गुप्ता, प्रभारी डिप्टी डिविजनल वार्डन सुभाष जैन, आकाश दीप अग्रवाल, संजय गुप्ता, संदीप जैन, लक्ष्मण सिंह, सुखदेव यादव, संदीप खन्ना, अरुण गुप्ता, वरुण गुप्ता, पंकज प्रजापति, हिमांशु यादव आदि मौजूद रहेंगे। इस शिविर का उद्देश्य दर्शनार्थियों की भारी भीड़ को देखते हुए उनकी सुविधा और सुरक्षा का ध्यान रखना है। नागरिक सुरक्षा कार्यालय मुरादाबाद ने सभी से सहयोग की अपील की है। उपनियंत्रक श्री नीरज चक ने कहा कि यह शि. विर नवरात्रि के अवसर पर दर्शनार्थियों की सेवा के लिए लगाया जा रहा है। उन्होंने सभी से इस शिविर में सहयोग करने की अपील की है।



# डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पुन: स्थापित करने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** भारतीय शिक्षा संघर्ष संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने बुधवार को उपजिलाधिकारी चन्दौसी को ज्ञापन सौंपकर बेरीखेड़ा गांव में हटाई गई संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को पुन: स्थापित करने की मांग उठाई। ज्ञापन में बताया गया कि 9 मार्च 2026 को प्रशासन द्वारा उक्त गांव से बाबा साहब की प्रतिमा हटा दी गई, जिससे स्थानीय लोगों में असंतोष है। संगठन के प्रतिनिधियों ने कहा कि लोकतंत्र में सभी समाज के लोगों को अपनी-अपनी आस्थाओं और महापुरुषों के प्रति सम्मान व्यक्त करने का अधिकार है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा को पुन: उसी स्थान पर स्थापित किया जाए, ताकि समाज में समरसता और सम्मान बना रहे। इस दौरान कमलक्रांति, ज्ञानवती, सुमनलता, विजय चौधरी, उर्मिला, अखिलेश, अनीता, लक्ष्मी, राजकली, ज्ञानवती सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# पंचायत भवन में हुई शांति समिति की बैठक

## अधिकारियों ने की त्योहारों पर सौहार्द बनाए रखने की अपील

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आगामी ईद उल-फितर और नवरात्रि जैसे महत्वपूर्ण त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से सिविल लाइन क्षेत्र स्थित पंचायत भवन में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ-साथ विभिन्न धर्मों के धर्मगुरु और शहर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।बैठक के दौरान अधिकारियों ने स्थानीय लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। अधिकारियों ने स्पष्ट रूप से कहा कि त्योहारों के दौरान आपसी भाईचारा बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। किसी भी प्रकार की अफवाह या गलत सूचना पर ध्यान न देने और तुरंत प्रशासन को सूचित करने की अपील की गई।ईद की





नमाज को लेकर भी प्रशासन ने विशेष दिशा-निर्देश जारी किए। बताया गया कि नमाज दो समय पर अदा की जाएगी।

पहली सुबह 8 बजे और दूसरी 8:30 बजे। दूसरी नमाज उन लोगों के लिए रखी गई है जो किसी कारणवश पहली नमाज में शामिल नहीं हो पाएंगे। साथ ही प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वह अपने घरों के नजदीकी मस्जिदों में ही अधिक से अधिक संख्या में नमाज अदा करें, ताकि भीड़भाड़ से बचा जा सके और व्यवस्था सुचारु बनी रहे।

जिलाधिकारी अनुज सिंह और एसएसपी सतपाल अंतिल ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी और लगातार निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी लोग प्रशासन का सहयोग करें और त्योहारों को मिलजुल कर मनाएं।बैठक में शहर इमाम सैय्यद मासूम अली आजाद, नायब शहर इमाम मुफ्ती सैय्यद फहद अली, एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह, एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह, एडीएम सिटी ज्योति सिंह, सीओ कोतवाली सुनीता दहिया सहित अन्य पुलिस अधिकारी और समा. जसेवी उपस्थित रहे। इसके अलावा मोहम्मद असद, शिब्ली मियां, नौमान मंसूरी, हाजी सलाउद्दीन मंस. ूरी, मोहम्मद अनस, मुफ्ती दानिश कादरी, अथर अंसारी और सूफी वसीम कादरी समेत कई लोग बैठक में शामिल हुए।

# एनकेबीएमजी पीजी कॉलेज में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' विषय पर संगोष्ठी आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** नगर के एन.के.बी. एम.जी. पी.जी. कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति, आईक्यूएसी एवं छात्र-कल्याण परिषद के तत्वावधान में 'एक भारत श्रेष्ठ भारतरू भारतीय ज्ञान प्रणाली और पर्यावरण चिंतन' विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राकेश जैन (राष्ट्रीय सह संयोजक, पर्यावरण संरक्षण गतिविधि, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) एवं महाविद्यालय प्राचार्या प्रो. अलका रानी अग्रवाल द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके बाद प्राचार्या ने अंगवस्त्र, पटका, तुलसी माला व गीता भेंट कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत बीए चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा कु. काजल उपाध्याय द्वारा वंदे मातरम् पर नृत्य प्रस्तुति से हुई। वहीं स्नातकोत्तर अंग्रेजी की छात्राओं यशी सिंह, कोमल यादव, आकृति, साक्षी, आयुषी, मनीषा पाल, सुहानी, नेहा, प्रीति राय एवं मुरकान द्वारा पर्यावरण संरक्षण पर आधारित संदेशप्रद लघु नाटिका प्रस्तुत की गई। मुख्य वक्ता राकेश जैन ने कहा कि भारत की प्राचीन संस्कृति में पर्यावरण संरक्षण को विशेष महत्व दिया गया है। उन्होंने गीत के माध्यम से "धरती को रखना हरा-भरा" का संदेश देते हुए पेड़ों के संरक्षण, जल बचाने और पॉलीथिन का उपयोग बंद करने पर जोर दिया। उन्होंने अमृता देवी विश्नोई के बलिदान का उल्लेख करते हुए छात्राओं को प्रेरित किया तथा जल स्तर में गिरावट और पर्यावरण असंतुलन पर चिंता व्यक्त की। कृष्ण कुमार (विभाग सह संयोजक, संभल) ने भारतीय परंपराओं में प्रकृति पूजन को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ते हुए विचार व्यक्त किए। प्राचार्या प्रो. अलका रानी अग्रवाल ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा में निहित पर्यावरणीय मूल्यों का प्रचार-प्रसार इस संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य है। इस अवसर पर प्रतिभाशाली छात्राओं को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में प्रो. दानवीर सिंह यादव, उदय तिवारी, अजय त्यागी, संजीव पहलवान, पुरुषोत्तम लाल, तरुण कुमार, श्रीमती शिखा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. रीता, डॉ. अमिता चौधरी, डॉ. सुमन श्रेष्ठ, डॉ. आरती त्रिपाठी, डॉ. बबीता, डॉ. प्रियंका, डॉ. मोनिका राघव, डॉ. सपना अग्रवाल, डॉ. मनीषा अग्रवाल, डॉ. इमराना, अंजुली अग्रवाल व शोध छात्रा सुरभि पाराशरी का विशेष योगदान रहा। संचालन डॉ. मनीषा अग्रवाल एवं आभार प्रदर्शन डॉ. अमिता चौधरी ने किया। कार्यक्रम में सभी शिक्षिकाएं, छात्राएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एसएम कॉलेज चन्दौसी प्रकरण में हाईकोर्ट सख्त

चन्दौसी। एस.एम. कॉलेज चन्दौसी से जुड़े वित्तीय अनियमितताओं के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाते हुए प्रबंधतंत्र की कार्यप्रणाली पर गंभीर टिप्पणी की है। यह आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी की एकल पीठ द्वारा 18 मार्च 2026 को पारित किया गया। मामले के अनुसार, शासन को कॉलेज प्रबंधन के विरुद्ध वित्तीय अनियमितताओं एवं भूमि विक्रय से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई थीं। जिलाधिकारी सम्भल की रिपोर्ट में कॉलेज की भूमि को सोसायटी के नाम दर्ज कराकर व्यक्तिगत व्यक्तियों को बेचने और धन के उपयोग पर सवाल उठाए गए थे। शासन के निर्देश पर उच्च शिक्षा विभाग द्वारा विशेष ऑडिट के आदेश दिए गए, जिसके तहत कॉलेज प्रबंधन से कई महत्वपूर्ण अभिलेख मांगे गए। हालांकि, प्रबंधतंत्र द्वारा अपेक्षित जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई और ऑडिट टीम को निरीक्षण करने में भी सहयोग नहीं दिया गया।

यहां तक कि निरीक्षण के दौरान प्रबंधन ने हाईकोर्ट में लंबित याचिका का हवाला देकर जांच में बाधा उत्पन्न की, जबकि न्यायालय द्वारा किसी प्रकार की रोक नहीं लगाई गई थी। रिकॉर्ड में यह भी सामने आया कि प्रबंधन द्वारा बार-बार अलग-अलग याचिकाएं दायर कर जांच प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया गया। न्यायालय ने इस आचरण को गंभीरता से लेते हुए इसे प्रथम दृष्टया संदिग्ध बताया। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा धारा 58 के तहत प्रबंध समिति के विरुद्ध कार्रवाई की प्रक्रिया भी शुरू की गई है, जिसमें समिति को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। इस प्रकरण को लेकर हाईकोर्ट की सख्ती से यह स्पष्ट संकेत मिला है कि शैक्षणिक संस्थानों में वित्तीय पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना अनिवार्य है तथा जांच में सहयोग न करने पर कड़ी कार्रवाई की जा सकती है।

# आरआरके स्कूल में क्रिएटिव किड्स कार्निवल का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** सीता रोड स्थित आर.आर.के. स्कूल, चन्दौसी के तत्वावधान में बुधवार को क्रिएटिव किड्स कार्निवल का आयोजन धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न रोचक गतिविधियों और प्रस्तुतियों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। कार्निवल में क्रिएटिव कॉर्नर्स, लाइव परफॉर्मेंस, गेम्स, डेक मैजिक, ओरल हेल्थ केयर बूथ, फूड कोर्ट, फन फेयर, हॉर्स राइडिंग और कार राइडिंग जैसे आकर्षक इवेंट्स आयोजित किए गए। यह आयोजन 02 से 06 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों की प्राकृतिक प्रतिभाओं को निखारने, उनके सर्वांगीण विकास, टीम वर्क और जिम्मेदारी जैसे मूल्यों को विकसित करने के उद्देश्य से किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ के बाद अभिभावकों की उपस्थिति से विद्यालय परिसर में चहल-पहल बढ़ गई। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने हॉर्स राइडिंग और कार राइडिंग का आनंद लिया, वहीं शिव तांडव, सोलो डांस, गीत, फ्री हैंड पेंटिंग, ब्लॉक पेंटिंग और क्ले एक्टिविटी के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्निवल में कोठीवाल डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर, मुरादाबाद से आए चिकित्सकों की टीम ने बच्चों का दंत परीक्षण कर उन्हें स्वस्थ दांतों के लिए उचित खानपान की सलाह दी। कक्षा 11 के छात्र सूर्यांश शर्मा ने डेक मैजिक के जरिए ताश के पत्तों से अपनी कला का प्रदर्शन कर दर्शकों को आश्चर्यचकित कर दिया। अभिभावकों ने इस प्रकार के आयोजनों को बच्चों के आत्मविश्वास, संवाद कौशल और जिम्मेदारी की भावना विकसित करने में सहायक बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समय-समय पर होते रहने चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक बनियाखेड़ा की ब्लॉक प्रमुख डॉ. सुगंधा सिंह तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. टी.एस. पाल, मनोज कठैरिया और अंकुर अग्रवाल उपस्थित रहे, जिन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

समापन अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. संजय कुमार पांडेय एवं उप-प्रधानाचार्य डॉ. अर्चना शर्मा ने सभी शिक्षकों, अभिभावकों और वॉलिंटियर्स का आभार व्यक्त किया।



## खोया-पाया सूचना

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2020 अनुक्रमांक 0710661 तथा इंटरमीडिएट वर्ष 2022 अनुक्रमांक 2225546337 का प्रमाण पत्र सह अंक पत्र वास्तव में कहीं खो गए हैं। पलक चौहान पुत्री थम्मन सिंह, पीपलसाना, थाना धामपुर जिला बिजनौर।

# ग्राम ढकिया नरू में नशा मुक्ति जागरूकता शिविर आयोजित

## राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर भी किया गया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी ( मुरादाबाद )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सैयद माउज बिन आसिम के निर्देशन तथा सचिव तपस्या त्रिपाठी के आदेशानुसार बुधवार को तहसील बिलारी के ग्राम ढकिया नरू में नशा, धूम्रपान एवं मद्यपान उन्मूलन विषय पर एक जागरूकता शि. विर का आयोजन किया गया।

शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा उन्हें इससे दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में भी लोगों को जागरूक किया गया, जिससे वे अधिक से अधिक संख्या में इसका लाभ उठा सकें।

कार्यक्रम में तहसीलदार प्रवीण कुमार, पराविधिक स्वयंसेवक रिंकी एवं अदनान हुसैन, कानूनी सहायता समिति सदस्य अफाक हुसैन, लेखपाल आसिया, एएनएम सुधा यादव, राशन डीलर सद्दाम हुसैन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



# टाउन हॉल इलाके में पुलिसकर्मी और महिलाओं में धक्का-मुक्की, मोबाइल छीनने पर हंगामा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर के सदर कोतवाली क्षेत्र स्थित टाउन हॉल इलाके में बुधवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक पुलिसकर्मी और महिलाओं के बीच विवाद बढ़कर धक्का-मुक्की तक पहुंच गया। घटना के बाद मौके पर काफी भीड़ इकट्ठा हो गई और माहौल तनावपूर्ण हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, किसी बात को लेकर पुलिसकर्मी और वहां मौजूद महिलाओं के बीच कहासुनी शुरू हुई। आरोप है कि इसी दौरान पुलिसकर्मी ने एक महिला का मोबाइल फोन छीन लिया। मोबाइल छीनने की घटना से महिलाएं आक्रोशित हो गईं और उन्होंने विरोध करते हुए पुलिसकर्मी से फोन वापस लेने की मांग की। देखते ही देखते स्थिति बिगड़ गई और दोनों पक्षों के बीच



धक्का-मुक्की शुरू हो गई।इस दौरान किसी व्यक्ति ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

वायरल वीडियो में महिलाएं पुलिसकर्मी से उलझती नजर आ रही हैं और फोन वापस करने की मांग कर रही हैं।

घटना की सूचना मिलते ही अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभाला। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और वायरल वीडियो के आधार पर सच्चाई सामने लाई जाएगी।

फिलहाल घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मामले में निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# नवरात्र की पूर्व संध्या व ईद खरीदारी में शगुन तिराहे पर भीषण जाम, लोग बेहाल

**ठाकुरद्वारा।** चैत्र नवरात्र की पूर्व संध्या और ईद के पर्व को लेकर बुधवार शाम ठाकुरद्वारा नगर का बाजार पूरी तरह भीड़ से भर गया। खरीदारी के लिए उमड़ी भारी भीड़ के चलते शगुन तिराहे पर भीषण जाम की स्थिति बन गई, जिससे आमजन, दुकानदार और ग्राहक सभी को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। शाम होते-होते बाजार में लोगों की आवाजाही इतनी बढ़ गई कि मुख्य मार्गों पर वाहन रेंगते नजर आए। शगुन तिराहे पर हालात इस कदर बिगड़ गए कि पैदल निकलना भी मुश्किल हो गया। जाम के कारण ग्राहकों को दुकानों तक पहुंचने में दिक्कत हुई, वहीं दुकानदारों को भी व्यापार प्रभावित होने की चिंता सताती रही। गौरतलब है कि पुलिस प्रशासन द्वारा बाजार क्षेत्र में बाइक और ई-रिक्शा के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसके लिए कोतवाली के पास बैरिकेडिंग भी की गई है, ताकि



यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे। इसके बावजूद कई ई-रिक्शा चालक और बाइक सवार नियमों की अनदेखी करते हुए बाजार में घुसते रहे, जिससे स्थिति और बिगड़ गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि त्योहारों के समय भीड़ बढ़ना स्वाभाविक है, लेकिन यातायात व्यवस्था को लेकर प्रशासन को और सख्ती बरतनी चाहिए। यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले दिनों में स्थिति और विकट हो सकती है। वहीं, पुलिस का कहना है कि बाजार में व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। त्योहारों के मद्देनजर प्रशासन लोगों से भी सहयोग की अपील कर रहा है, ताकि सभी सुरक्षित और सुगम तरीके से खरीदारी कर सकें।

# नवरात्र से पूर्व बाजारों में उमड़ी आस्था की भीड़, मंदिरों में शुरू हुई तैयारियां

**ठाकुरद्वारा।** चैत्र नवरात्र के पावन पर्व के आगमन से पूर्व नगर का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो उठा है। श्रद्धा और उत्साह के साथ लोग मां दुर्गा की उपासना की तैयारियों में जुट गए हैं। बुधवार को ठाकुरद्वारा के प्रमुख बाजारों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली, जहां लोग पूजा-अर्चना की सामग्री खरीदने में व्यस्त नजर आए। नगर के बुध बाजार और बाजार गंज में दिनभर रौनक बनी रही। फूल-माला, चुनरी, नारियल, अगरबत्ती, दीपक और अन्य पूजन सामग्री की दुकानों पर लोगों की भीड़ लगी रही। हर कोई मां दुर्गा के स्वागत के लिए अपनी श्रद्धा अनुसार तैयारियां करता दिखाई दिया। दुकानदारों के चेहरे पर भी संतोष झलक रहा था, क्योंकि नवरात्र से पहले व्यापार में अच्छी बढ़ोतरी देखने को मिली। वहीं दूसरी ओर मंदिरों में भी विशेष साफ-सफाई और सजावट का कार्य तेज कर दिया



गया है। देवी मंदिरों में मां की प्रतिमाओं को स्वच्छ जल से स्नान कराकर नए वस्त्र पहनाए जा रहे हैं।

मंदिरों को फूलों और रंग-बिरंगी झालरों से सजाया जा रहा है, जिससे वातावरण और भी दिव्य और पवित्र हो उठा है। श्रद्धालु पूरे भक्ति भाव से नवरात्र की प्रतीक्षा कर रहे हैं। गुरुवार, 19 मार्च से प्रारंभ हो रहे इस नौ दिवसीय पर्व में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधि-विधान से पूजा की जाएगी। मान्यता है कि सच्चे मन से की गई उपा. सना से मां दुर्गा भक्तों की सभी मनोक. ामनाएं पूर्ण करती हैं। नवरात्र के आगमन से नगर में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हो रहा है और हर ओर "जय माता दी" के जयकारों से वातावरण गूं. जने लगा है।

# भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग सफलतापूर्वक संपन्न

**बिलारी।** स्थित ब्रजरतन बैंक्विट हॉल में भारतीय जनता पार्टी के दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस अवसर पर पार्टी के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रशिक्षण वर्ग के माध्यम से संगठन की विचारधारा, नीतियों एवं आगामी रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही कार्यक्रम में पार्टी की पंचनिष्ठा के सिद्धांतों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई, जिससे कार्यकर्ताओं को संगठन की



मूल भावना और दिशा का स्पष्ट बोध हो सके। समापन सत्र में उपस्थित वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया। सभी कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह एवं अनुशासन के साथ प्रशिक्षण में सहभागिता की।

कार्यक्रम के दौरान केंद्र एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। वक्ताओं ने बताया कि सरकार द्वारा गरीब, किसान, युवा एवं महिला सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे कार्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहे हैं। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं से आह्वान किया गया कि वे सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें और संगठन को और अधिक सशक्त बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य वक्ता कमल प्रजापति, परमेश्वर लाल सैनी, ऋषिपाल सिंह, मण्डल अध्यक्ष विकास गुप्ता एडवोकेट, ब्रजरतन प्रजापति, मनोज ठाकुर, मनोज प्रजापति, नवनीत यादव, मेघपाल सिंह, मनोहर सिंह, हरिशंकर आर्य, वरुण चौहान, यश गुप्ता, अमित मौर्य, वीरपाल कोहली, प्रशांत चौधरी, सुनील लाठर, निहाल सिंह, यादराम, उदयराज, एम. आर. हसन, अभिलाष गौड़, अनिल कुमार, सनी सक्सेना, गिरीश बाबू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय मुजफ्फरनगर**

वैवाहिक वाद सं0-1495 सन् 2025

श्रीमति दानिया पत्नि मौ0 सफवान सिद्दीकी पुत्री मौ0 शाकिर निवासी मं0नं0-1585/2, गली नं0-4, निकट जुमा मस्जिद, लद्दावाला, मुजफ्फरनगर, परगना व तहसील व जिला मुजफ्फरनगर।..........**प्रार्थीया।**

**बनाम**

मौ0 सफवान सिद्दीकी पुत्र अहसन प्रवेज, निवासी-एम-1, सी-72, एकता विहार, कटघर रामपुर रोड, मुरादाबाद।......................**विपक्षी।**

प्रार्थीया ने वाद उपरोक्त माननीय न्यायालय के समक्ष अपना वैवाहिक विच्छेद की डिग्री प्राप्त करने के लिये प्रस्तुत किया है। जिसमें सुनवाई हेतु दिनांक 23.03.2026 नियत है। विपक्षी को इस सूचना द्वारा अवगत कराया जाता है कि आप विपक्षी नियत तिथि पर न्यायालय में उपस्थित हो और उक्त विवाह विच्छेद के वाद के विरुद्ध कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति उपरोक्त तिथि पर न्यायालय के समक्ष 10:30 बजे दिन स्वयं या अपने किसी अधिवक्ता के द्वारा उपस्थित होकर प्रस्तुत करे, उक्त दिनांक के उपरान्त कोई आपत्ति दर्ज नहीं की जायेगी, आपको यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर वर्णित तिथि को इस न्यायालय में उक्त वाद के निस्तारण के समय उपसंजात उपस्थित नहीं होगे तो उक्त दशा में उक्त वाद का निस्तारण आपकी अनुपस्थिति में गुण दोष के आधार पर किया जायेगा।

आज दिनांक 17.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी किया

**आज्ञा से**
**प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय मुजफ्फरनगर।**

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/प्रथम द्वारा ई-टेन्डर जिनके बन्द होने की तिथि प्रत्येक निविदा के सामने अंकित हैं। निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं, जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेन्डर संख्या दिनांक | **330-DRM-MB-25-26 17.03.2026** |
| कार्य का नाम | Providing rockfall protection and slope mitigation measures for tunnel portal T1/1,T1/2,T2/1,T2/2 and rock fall location between HW-MOTC and DWO-HRW. |
| निविदा | Special Limited Tender |
| सिंगल पैकेट/टू पैकेट | Two packet |
| निविदा का प्रकार | Works |
| निविदा की कीमत | Nil |
| अनुमानित लागत (रु.) | 14,08,40,721.87 |
| धरोहर राशि (रु.) | 28,16,900.00 |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 16.04.2026, 16:00 hrs. |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 02.04.2026 |
| ऑफर की वैधता | 90 Days |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 Months |

**नं.: 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 17.03.2026** **920/2026**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

## रसोई गैस की किल्लत से मचा हाहाकार

**ठाकुरद्वारा।** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रसोई गैस सिलेंडर की कमी ने बुधवार को आमजन की परेशानी बढ़ा दी। गैस की किल्लत की खबर फैलते ही विभिन्न गैस एजेंसियों पर सुबह से ही उपभोक्ताओं की लंबी कतारें लग गईं। देर शाम तक कई स्थानों पर भीड़ और अव्यवस्था का माहौल बना रहा, जिससे लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ा। नगर की प्रमुख गैस एजेंसियों- भावना भारत गैस एजेंसी, मो0 शफी मेमोरियल इंडेन गैस एजेंसी, रंजीत इंडियन गैस एजेंसी तथा गंज बाजार स्थित भारत गैस एजेंसी-पर उपभोक्ताओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह के समय हालात सबसे ज्यादा खराब रहे, जहां सिलेंडर लेने के लिए लोगों को लंबी लाइनों में खड़ा रहना पड़ा। कई जगहों पर धक्का-मुक्की और कहासुनी की स्थिति भी देखने को मिली। उपभोक्ताओं का कहना है कि समय पर गैस सिलेंडर न मिलने से घरेलू कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

खासकर त्योहारों के इस सीजन में समस्या और बढ़ गई है। लोगों ने प्रशासन से आपूर्ति व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है। वहीं, एजेंसी संचालकों ने स्थिति को स्पष्ट करते हुए बताया कि गैस की आपूर्ति लगभग सामान्य है, फिलहाल, प्रशासन और एजेंसी संचालकों द्वारा स्थिति पर नजर रखी जा रही है, वहीं लोगों से धैर्य बनाए रखने और निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार गैस बुकिंग करने की अपील की जा रही है।

**बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्र मौ0 फरमान को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर पारिवारिक व सामाजिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में मौ0 फरमान के द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। **जमीर आलम पुत्र जहीर आलम व श्रीमती अफरोज बेगम पत्नी जमीर आलम निवासी गण ग्राम यूसुफपुर नगलिया थाना पाकबड़ा तहसील बिलारी, जिला मुरादाबाद।**

# एचपीवी वैक्सीन टीकाकरण सत्र का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बिलारी में एचपीवी (HPV) वैक्सीन टीकाकरण सत्र का शुभारंभ चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजपाल सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राजकीय इंटर कॉलेज, नागलिया जट की छात्राओं को टीका लगाकर की गई। प्रथम चरण में एचबी (हेल्थ वर्कर) विमलेश सागर ने छात्राओं को एचपीवी वैक्सीन लगाई। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से एचपीवी टीकाकरण के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया, जिसमें बताया गया कि यह वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर से बचाव में सहायक है। कार्यक्रम के दौरान डॉ. रेशमा बजाहत, डॉ. श्वेताम्बरी त्यागी, व्यापार मंडल अध्यक्ष श्री संजय कुमार जैन, राजकीय इंटर कॉलेज नागलिया जट के सहायक अध्यापक श्री अर्जुन सिंह सहित ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक चंचल सिंह, आजाद, मनीष कुमार, सानू, विकेश कुमार, अमित कुमार एवं श्री धनंजय कठेत सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी बेटियों को एचपीवी टीकाकरण अवश्य दिलवाएं, जिससे गंभीर बीमारियों से बचाव सुनिश्चित किया जा सके।



# गोल्ड मेडलिस्ट बोले, जिंदगी निखारने को टीएमयू शुक्रिया

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के दीक्षांत समारोह में 108 छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक से अलंकृत किया गया। इनमें से मेडिकल कॉलेज, डेंटल कॉलेज, सीसीएसआईटी, सीओई, टिमिट, कॉलेज ऑफ नर्सिंग, पैरामेडिकल साइंस, लॉ कॉलेज, फिजिकल एजुकेशन कॉलेज, एग्रीकल्चर कॉलेज, फाइन आर्टस, फार्मेसी कॉलेज, फैकल्टी ऑफ एजुकेशन आदि कॉलेजों के इन मेधावी स्टुडेंट्स से खघस बातचीत की तो बोले, जिंदगी संवारने-निखारने में टीएमयू की अविस्मरणीय भूमिका है। डॉ. आकांक्षा सिन्हा, एमबीबीएस, बैच 2019, तीर्थंकर महावीर मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर ने कहा, टीएमयू में मेरा अनुभव परिवर्तनकारी रहा है, जिसने मेरे पेशेवर ज्ञान और व्यक्तिगत विकास, दोनों को आकार देने में मदद की। डॉ. हर्षिता पाण्डेय, एमडीएस, बैच 2021-24, तीर्थंकर महावीर डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर ने कहा, टीएमयू ने मुझे केवल डेंटल शिक्षा ही नहीं दी, बल्कि जीवन के महत्वपूर्ण मूल्यों और पेशेवर नैतिकता की भी शिक्षा दी। श्रुति सक्सेना, बीएससी नर्सिंग, बैच 2023-2024, तीर्थंकर पार्श्वनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग, अमरोहा ने कहा, टीएमयू का शैक्षणिक वातावरण और अनुशासन छात्रों के बीच शैक्षणिक उत्कृष्टता, व्यावसायिकता और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए तैयार किया गया है। सुनीबिया रहमान, एमएससी फॉरेंसिक साइंस, 2022-24, तीर्थंकर महावीर कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज ने कहा, टीएमयू में उत्कृष्ट शैक्षणिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव भी मिला। सबसे मूल्यवान अनुभवों में से एक मोर्चरी प्रैक्टिकल ट्रेनिंग रही। पुष्कर दीक्षित, एलएलएम, सत्र 2024-25, कॉलेज ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज ने कहा, टीएमयू का शैक्षणिक वातावरण ज्ञान और अनुशासन का बेहतरीन संगम प्रस्तुत करता है। अनुभवी फैकल्टी हर विषय को गहराई से समझाने में विशेष भूमिका निभाती है।

## एक नजर

### आज से शुरू होंगे चौत्र नवरात्र, बाजारों में बड़ी रौनक लोगों ने की खरीदारी



**मुरादाबाद।** शहर में गुरुवार से पवित्र चौत्र नवरात्रि का शुभारंभ होने जा रहा है। नवरात्रि के आगमन को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। मंदिरों को दुल्हन की तरह सजाया गया है और पूरे नौ दिन तक माता रानी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाएगी।

लालबाग स्थित प्राचीन श्री काली माता मंदिर में हर वर्ष की तरह इस बार भी नौ दिनों तक भव्य मेला लगेगा। यहां दूर-दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन और पूजन के लिए पहुंचेंगे। मंदिर परिसर में विशेष सजावट के साथ भजन-कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा।नवरात्रि को लेकर पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। मंदिरों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं, ताकि श्रद्धालु सुरक्षित माहौल में पूजा कर सकें।वहीं, नवरात्रि से पहले ही शहर के बाजारों में रौनक बढ़ गई है। सड़कों के किनारे सजी पूजा सामग्री की दुकानों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। लोग माता की पूजा के लिए चुनरी, नारियल, फूल-माला और अन्य सामग्री की जमकर खरीदारी कर रहे हैं।कुल मिलाकर चौत्र नवरात्रि के आगमन से शहर पूरी तरह भक्तिमय माहौल में रंग चुका है और श्रद्धालु पूरे उत्साह के साथ माता की आराधना में जुटने को तैयार हैं।

### गोरखपुर पानीपत ग्रीन फील्ड हाईवे निकलने का मैप जारी, जमीनी स्तर पर अभी तहसील तक को नहीं है इसकी जानकारी

**कांठ( शाह टाइम्स )** गोरखपुर से पानीपत के बीच ग्रीन फील्ड हाईवे निकाले जाने की खबर काफी दिनों से चर्चा में है लोगों ने तो इसका रोड मैप भी जारी कर दिया है तहसील स्तर से गांव की सूची जारी करने का काम भी सोशल मीडिया पर चल रहा है।

लेकिन जमीनी स्तर पर अभी तहसील तक को इसकी जानकारी नहीं है बतादे की कुछ माह पहले एक अखबार में छपी खबर के मुताबिक गोरखपुर से पानीपत तक एक ग्रीन फील्ड हाईवे निकाले जाने की जानक. ारी लोगों के सामने आई थी जिसमें कांठ तहसील के भी दर्जन भर से ज्यादा गांव का जिक्र था लेकिन उन गांव के नाम पढ़ने के बाद ऐसा लगा कि शायद मैप जारी करने वालों ने गांव की लोकेशन पता नहीं की इसके बाद आसपास के जनपदो से भी गांव की सूची जारी की जाने लगी लेकिन तहसील के अधिकारियों से जानकारी करने पर पता लगा कि अभी तहसील को इस संबंध में कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है पिछले हफ्ते फिर लगभग डेढ़ दर्जन तहसील काठ के गांव की सूची सोशल मीडिया पर वायरल की गई मगर उसमें भी गांव का ध्यान नहीं रखा गया क्योंकि कोई गांव पूर्व की साइड में तो कोई गांव पश्चिम की साइड से उठाकर लिस्ट का हिस्सा बना दिया गया। कुछ अधिकारियों से इस संबंध में बात की तो उन्होंने बताया कि अभी तहसील स्तर पर किसी भी तरह का डीपीआर तक जारी नहीं हुआ है उन्होंने इसे अभी मात्र कोरी अफवाह बताया और कहा कि किसी के बहकावे में ना आकर जब विधिवत इसकी सूचना जारी हो तभी समझो की निर्माण शुरू होने वाला है।

### एचपीवी टीकाकरण के पहले दिन एक लड़की को लगाई वैक्सीन

**कांठ( शाह टाइम्स )** एचपीवी टीकाकरण का कार्य आज से साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ में शुरू कर दिया गया बताया गया कि पहला टीका शीतल चौधरी पुत्री विकास कुमार निवासी संदलीपुर को लगाया गया यह लड़की महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज की छात्रा है टीकाकरण करने



वाली टीम ने बताया कि टीकाकरण करवाने के लिए आई तो अन्य लड़कियां भी थी लेकिन किसी की उम्र 14 साल से कम थी तो किसी की उम्र 15 साल से ज्यादा निकली सिर्फ एक लड़की के सही उम्र होने पर उसका टीकाकरण किया गया टीम की चिकित्सक का कहना था कि कुछ साल पहले यही टीका 38 हजार में लगाया जा रहा था।

आज भी प्राइवेट चिकित्सालय में टीकाकरण कराने पर इसकी कीमत करीब 22 हजार रुपए है लेकिन सरकार की योजना से यह टीकाकरण मुफ्त कराया जा रहा है जिससे बालिकाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर से बचाया जा सके। टीम में स्टाफ नर्स आयशा एलएचबी शिवांगी और पुष्पा मौजूद रही। चिकित्साधिकारी डॉक्टर राजीव सिंह ने वैक्सीन लगवाने आई लड़की को प्रमाण पत्र दिया उन्होंने बताया कि तीन माह तक टीकाकरण लगातार चलता रहेगा।

### भैंस चोर पकड़ कर किया पुलिस के हवाले,मामला दर्ज

**कांठ ( शाह टाइम्स )** सोनू पुत्र सुकराम सिह निवासी सलेमपुर का कहना है कि 17 मार्च को करीब 02 बजे रात्रि में मैंने उठकर अपनी भैस को अपनी टीन में देखा तो भैस टीन में नहीं थी उसने अपने भाई जसबीर को जगाया तो उसने भी अपनी भैंस को देखा तो उसकी भी भैंस टीन में नही थी। हमने आसपास ढूंढा तो कहीं नहीं मिली तभी हमें पता चला कि गाव के दिनेश पुत्र विजयपाल सिंह निवासी फजलाबाद सलेमपुर कि भी भैंस रात में ही कहीं खुल गयी है। उसने भाई व दिनेश और मौहल्ले वालो के साथ मिलकर भैसो को ढूँढने लगा। तो पता चला कि दो आदमी भैंसे लेकर रामगंगा कि और से मलकपुर सीमला कि और जा रहे है। उन्हे ढूंढते हुए मलकपुर सीमली पहुंचे तो उन्हे देखकर एक आदमी भैंस लेकर फरार हो गया दूसरे आदमी को मेरी व मेरे भाई दिनेश कि भैंस के साथ पकड लिया पकडा हुआ आदमी गाँव का नन्हे उर्फ इकबाल पुत्र शमीम अहमद है। इकबाल को पकडा तो वह भागने लगा था जिससे फिसलकर उसके सर में थोडी चोट भी आयी थी।

इकबाल से हमने पूछा कि दिनेश कि भैंस को कौन लेकर भागा है तो उसने बताया कि सुहैल पुत्र नामालूम निवासी ग्राम सलेमपुर के साथ मिलकर उसने तीनो भैंसे चुराई थी। लेकिन सुहैल एक भैंस को लेकर भाग गया है। इसके बाद वह गाडी से भैस व पकडे गये इकबाल को लेकर थाने पहुंचे इससे पहले गांव में छोटे सिंह पुत्र नत्थू सिंह कि भैंस व बब्लू पुत्र फूल सिंह का भैसा भी चोरी हुये थे। उनका शक भी इन्ही पर जताया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्यवाही की है।

### गाली-गलौज विरोध करने पर युवक पर हमला, घायल, पुलिस जांच में जुटी

**ठाकुरद्वारा।** नगर के बेहड़ावाला वार्ड-7 में मामूली बात को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि एक युवक को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ी। गाली-गलौज का विरोध करने पर पड़ोसियों ने युवक को घेरकर मारपीट कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहम्मद असीम पुत्र कदीर अहमद मंगलवार देर शाम रोजा इफ्तार के बाद घर के बाहर टहल रहे थे। इसी दौरान पास में कुछ बच्चे आपस में अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहे थे। मो असीम ने उन्हें समझाते हुए ऐसा करने से रोका। आरोप है कि इस बात से नाराज होकर बच्चों के परिजन मौके पर पहुंच गए और कहासुनी के बाद मामला अचानक हिंसक हो गया। बताया जा रहा है कि आरोपियों ने मो असीम को पकड़कर लाठी-डंडों और हाथ-पैरों से बुरी तरह पीट दिया। पुलिस ने घायल को तत्काल उपचार के लिए सरकारी अस्पताल भिजवाया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद हालत नाजुक देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### अल्काराज व सिनर की वर्ल्ड नंबर-1 की लड़ाई में अहम है मियामी ओपन

**मियामी, वार्ता।** बीएनपी परीबा ओपन में जानिक सिनर के खिताब जीतने के कारनामों ने उन्हें एटीपी रैंकिंग में कार्लोस अल्काराज की बढ़त कम करने में मदद की। अपनी छठी एटीपी मास्टर्स 1000 ट्रॉफी जीतकर, सिनर ने 1,000 अंक हासिल किए और इंडियन वेल्स से पहले अल्काराज की 2,800 अंकों की बढ़त को घटाकर 2,150 अंक कर दिया। अब सबका ध्यान मियामी ओपन पर है, जहां सिनर के पास अपनी लय को और मजबूत करने का मौका है। इस इतालवी खिलाड़ी ने 2025 में फ्लोरिडा में हिस्सा नहीं लिया था, जिसका मतलब है कि इस पखवाड़े में उन्हें अपने किसी भी अंक का बचाव नहीं करना है। इसलिए, हर जीत सीधे तौर पर उनके रैंकिंग अंकों में जुड़ जाएगी।

### भारत का पूल कड़ा और संतुलित : मरिने

**बेंगलुरु, वार्ता।** मुख्य कोच शुअर्ड मरिने ने बुधवार को आगामी एफआईएच हॉकी विश्व कप बेल्जियम और नीदरलैंड्स 2026 के पूल डी को बहुत ही कड़ा और संतुलित बताया। यह बात उन्होंने तब कही जब भारतीय महिला हॉकी टीम को इंग्लैंड, चीन और दक्षिण अफ्रीका के साथ एक ही पूल में रखा गया। भारतीय टीम, जिसने हाल ही में इस बड़े टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई किया है, उसे अगस्त में होने वाले ग्रुप स्टेज में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। चीन, जो अभी वर्ल्ड रैंकिंग में चौथे स्थान पर है, इस पूल में सबसे आगे है, उसके बाद इंग्लैंड छठे स्थान पर है, जबकि भारत और दक्षिण अफ्रीका क्रमशः नौवें और उन्नीसवें स्थान पर हैं। विरोधी टीमों की अलग-अलग ताकतों को मानते हुए, मरिने ने कहा कि इस ग्रुप में अनुभव और अप्रत्याशितता का मिला-जुला रूप देखने को मिलेगा।

# मेहंदी हसन मिराज ने वनडे व मिचेल सैंटनर ने टी-20 रैंकिंग में लगाई बड़ी छलांग





● **मेहंदी वनडे रैंकिंग में नौ पायदान चढ़कर संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर पहुंच गए**

**धाकड़ बल्लेबाज डेरिल मिचेल 840 रेटिंग के साथ पहले नंबर पर, विराट नंबर-2 पर**

**दुबई, वार्ता।** बांग्लादेश के कप्तान मेहंदी हसन मिराज ने एकदिवसीय क्रिकेट में तथा न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने टी-20 मैचों शानदार प्रदर्शन करते हुए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ताजा रैकिंग में बड़ी छलांग लगाई।

आईसीसी की ओर से बुधवार को जारी ताजा अपडेट के अनुसार बांग्लादेश के कप्तान मेहंदी हसन मिराज को उनकी हालिया बेहतरीन फॉर्म का इनाम मिला है। इस ऑलराउंडर ने पाकिस्तान के खिलाफ खेली गई एकदिवसीय सीरीज में तीनों मैचों में कुल पांच विकेट लिए, जिससे टीम ने 2-1 से सीरीज जीत ली।

इन शानदार प्रदर्शन की बदौलत मेहंदी एकदिवसीय गें. दबाजों की ताजा रैंकिंग में नौ पायदान ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर पहुंच गए। वहीं, 28 वर्षीय इस खिलाड़ी ने एकदिवसीय ऑलराउंडरों की अपडेटेड सूची में दो पायदान की छलांग लगाकर दूसरा स्थान हासिल कर लिया।

एकदिवसीय रैंकिंग में न्यूजीलैंड के धाकड़ बल्लेबाज डेरिल मिचेल 840 रेटिंग के साथ पहले नंबर पर बने हुए हैं। भारत के विराट कोहली 791 की रेटिंग के साथ दूसरे, अफगानिस्तान के इब्राहिम जादरान 756 की रेटिंग के साथ तीसरे, भारत के ही रोहित शर्मा की रेटिंग 748 की है और वे नंबर 4 पर अभी मौजूद हैं। भारतीय टीम के एकदिवसीय शुभमन गिल 716 की रेटिंग के साथ नंबर 5 पर हैं। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम 684 की रेटिंग के साथ नंबर 6 पर हैं। वेस्टइंडीज के शे होप 679 की रेटिंग के साथ नंबर 7 पर हैं। आयरलैंड के हैरी ट्रेक्टर 679 रेटिंग अंक साथ नंबर सात पर ही हैं। भारत के केएल राहुल 664 की रेटिंग के साथ नंबर 9 पर हैं। अब उन्हीं की बराबरी पर पाकिस्तान के सलमान अली आगा भी आ गए हैं। सलमान अली आगा एकदिवसीय बल्लेबाजों की रैंकिंग में नौ पायदान ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से नौवें स्थान पर पहुंच गए, और एकदिवसीय ऑलराउंडरों की सूची में तीन पायदान की छलांग लगाकर संयुक्त रूप से 10वें स्थान पर पहुंच गए। वहीं, कप्तान शाहीन अफरीदी ने गेंद के साथ कुछ अच्छे प्रदर्शनों के बाद ऑलराउंडरों की सूची में चार पायदान की छलांग लगाकर संयुक्त रूप से 25वां स्थान हासिल किया। न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर को अपने घरेलू मैदान पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेली गई पांच मैचों टी-20 की सीरीज के पहले दो मैचों में किए गए अच्छे प्रदर्शनों का इनाम मिला। सैंटनर हाल ही में हुए टी-20 विश्वकप के दौरान न्यूजीलैंड के लिए लगातार सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में से एक थे।

# चेपॉक में एक बड़े 'रीयूनियन' की योजना बना रहा है सीएसके

● **जिन लोगों ने अपनी भागीदारी की पुष्टि की है, उनमें मुरलीधरन, मैथ्यू हेडन व ब्रावो शामिल हैं**

**चेन्नई, वार्ता।** 22 मार्च को चेन्नई में चेन्नई सुपर किंग्स का एक रीयूनियन होगा, जिसमें फ्रेंचाइजी अपने कई पूर्व खिलाड़ियों को आमंत्रित कर रही हैए जिनमें वे खिलाड़ी भी शामिल हैं जो अभी दूसरी आईपीएल टीमों से जुड़े हुए हैं।

जिन लोगों ने अपनी भागीदारी की पुष्टि की है, उनमें मुथैया मुरलीधरन (सनराइजर्स हैदराबाद), मैथ्यू हेडन (गुजरात टाइटन्स) और ड्वेन ब्रावो (कोलकाता नाइट राइडर्स) शामिल हैं। जब इस नियोजित कार्यक्रम के बारे में खबर फैली, तो आईपीएल टीमों के बीच थोड़ी उत्सुकता पैदा हो गई, जिससे यह चर्चा शुरू हो गई कि शायद कोई बड़ी घोषणा होने वाली है। हालांकि, फेंचाइजी के अधिकारियों ने तुरंत स्पष्ट किया कि यह केवल आईपीएल सीजन की शुरुआत के उपलक्ष्य में आयोजित एक औपचारिक 'प्री-आईपीएल' कार्यक्रम है। चेन्नई सुपर किंग्स के सीईओ कासी विश्वनाथन ने क्रिकबज को स्पष्ट करते हुए कहा कि यह सीजन के लिए केवल एक 'प्री-लॉन्च' और प्रशंसकों से जुड़ने का एक प्रयास है। इसमें इससे ज्यादा कुछ भी नहीं है। उन्होंने इस बात की पुष्टि की कि कई पूर्व खिलाड़ी जिनमें ज्यादातर भारतीय और वे खिलाड़ी शामिल हैं जिन्होंने पिछले 16 सीजन में फ्रेंचाइजी का प्रतिनिधित्व किया है। इस कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे।

# भारत की पुरुष और महिला टीमें ग्रुप ए में चीन के साथ

● **भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम को को चीन, कनाडा व ऑस्ट्रेलिया के साथ ग्रुप ए में रखा गया**

**कोपेनहेगन, वार्ता।** थॉमस और उबेर कप 2026 के लिए बुधवार को हुए ड्रॉ में भारतीय बैडमिंटन टीमों को मुश्किल ग्रुप ए में मौजूदा चैंपियन चीन के साथ रखा गया है।

आगामी थॉमस और उबेर कप 24 अप्रैल से तीन मई तक डेनमार्क के फोरम हॉर्सेंस एरिना में आयोजित किया जाएगा। वर्ष 2022 में थॉमस कप जीतने वाले भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम को टूर्नामेंट के आगामी संस्करण के लिए मौजूदा चैंपियन चीन, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। वहीं पिछले संस्करण में उपविजेता इंडोनेशिया को फ्रांस, थाईलैंड और अल्जीरिया के साथ ग्रुप डी में रखा गया है।

वह थॉमस कप के इतिहास में 14 खिताबों के साथ सबसे सफल टीम है। भारत की एकमात्र थॉमस कप जीत 2022 में तब मिली थी, जब उसने बैंकॉक में फाइनल में इंडोनेशिया को 3-0 से हराया था।

भारत ने बीडब्ल्यूएफ पुरुष टीम विश्व बैडमिंटन रैंकिंग में अपनी स्थिति के आधार पर थॉमस कप 2026 के लिए क्वालिफाई किया है। यह रैंकिंग बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप के बाद फाइनल की गई थी। इस बीच, भारतीय महिला बैडमिंटन टीम को उबेर कप 2026 के लिए ग्रुप ए में रखा गया है, जिसमें उनके साथ मौजूदा चैंपियन और रिकॉर्ड 16 बार की विजेता टीम चीन भी शामिल है।

भारत और चीन के साथ-साथ मेजबान डेनमार्क और यूक्रेन भी शामिल हैं। भारत ने अपनी टीम की विश्व रैंकिंग के आधार पर उबेर कप 2026 के लिए क्वालिफाई किया। उन्हें उन शीर्ष-रैंक वाली टीमों के लिए आरक्षित स्थानों में से एक मिला, जो पहले से ही कॉन्टिनेंटल चैंपियनशिप के जरिए क्वालिफाई नहीं कर पाई थीं।

# हेजलवुड-कमिंस के आईपीएल के शुरुआती मैचों में खेलने पर संशय

● **हेजलवुड को पहले हैमस्ट्रिंग में चोट लगी थी फिर ठीक होने के दौरान उन्हें एच्लीस टेंडन में भी तकलीफ हो गई थी**



**बेंगलुरु, वार्ता।** डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) अपने आईपीएल 2026 अभियान की शुरुआत तेज गेंदबाज जॉश हेजलवुड के बिना करने के लिए तैयार दिख रही है और इसमें ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज पैट कमिंस का नाम भी जुड़ने की संभावना है।

उम्मीद है कि कमिंस भी सनराइजर्स हैदराबाद के शुरुआती कुछ मैचों में नहीं खेल पाएंगे। स्टार खिलाड़ी हेजलवुड अपनी फ्रेंचाइजी के लिए शुरुआती दो मैच नहीं खेल पाएंगे, क्योंकि वह चोटों से भरे घरेलू सीजन से उबरने की प्रक्रिया में हैं, इस दौरान वह पूरी एशेज सीरीज से बाहर रहे थे। हेजलवुड को पहले हैमस्ट्रिंग में चोट लगी थी, और फिर ठीक होने के दौरान उन्हें एच्लीस टेंडन में भी तकलीफ हो गई थी। पिछले साल आरसीबी के आईपीएल खिताब का सूखा समाप्त करने में हेजलवुड की अहम भूमिका थी, उन्होंने 17-54 की औसत से 22 विकेट लिए थे। आईपीएल में देर से आने वाले खिलाड़ियों की सूची में हेजलवुड के साथ एक और ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज पैट कमिंस का नाम भी जुड़ने की संभावना है। उम्मीद है कि कमिंस भी सनराइजर्स हैदराबाद के शुरुआती कुछ मैचों में नहीं खेल पाएंगे, इन मैचों में 28 मार्च को सीजन की पहली रात को हेजलवुड की आरसीबी के खिलाफ होने वाला मुकाबला भी शामिल है। एसआरएच के कप्तान ने एशेज के दौरान केवल एक ही टेस्ट मैच खेला था।

कि वह जुलाई में कैरिबियन में लगी पीठ की हल्की चोट से उबरने के लिए रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे थे। इसके बाद हेतलवुड और कमिंस दोनों ही टी-20 विश्व कप से बाहर हो गए थे, जहां ऑस्ट्रेलिया पहले ही दौर में टूर्नामेंट से बाहर हो गया था। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया का चिकित्सा दल पिछले कुछ महीनों से इन दोनों प्रमुख खिलाड़ियों की सेहत पर बहुत बारीकी से नजर रखे हुए हैं। इस वजह से, इन दोनों खिलाघे अपनी-अपनी आईपीएल फेंच. इजियों के लिए ठीक-ठीक कब उपलब्ध हो पाएंगे, इसको लेकर अभी भी कुछ अनिश्चितता बनी हुई है।

# एसआरएच के पहले मैचों में कप्तानी करेंगे ईशान



● **पैट कमिंस अभी तक अपनी पीठ के चोट से पूरी तरह उबर नहीं पाए हैं और उनके शुरुआती मैचों में खेलने को लेकर संशय बना हुआ है**

**हैदराबाद, वार्ता।** पैट कमिंस की गैरमौजूदगी में ईशान किशन इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के शुरुआती कुछ मैचों में सनराइजर्स हैदराबाद की कप्तानी करेंगे। पैट कमिंस अभी तक अपनी पीठ की चोट से पूरी तरह उबर नहीं पाए हैं और उनके शुरुआती मैचों में खेलने को लेकर संशय बना हुआ है। इस दौरान अभिषेक शर्मा उप-कप्तान की भूमिका निभाएंगे।

एसआरएच के करीबी सूत्रों ने क्रिकबज को बताया है कि यह व्यवस्था अस्थाई है। नियमित कप्तान कमिंस पूरी तरह फिट होने के बाद कप्तानी की जिम्मेदारी फिर से संभाल लेंगे। जल्द ही इस बारे में आधिकारिक घोषणा होने की उम्मीद है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि कमिंस कितने मैच नहीं खेल पाएंगे, लेकिन यह माना जा रहा है कि ऑस्ट्रेलिया के कप्तान 23 मार्च को एसआरएच शिविर में रिपोर्ट करेंगे। उम्मीद है कि वह भारत में फेंचाइजी के साथ रिहैबिलिटेशन करेंगे। कल की रिपोर्ट में बताया गया था, वह इस सीजन के पहले तीन मैच नहीं खेल पाएंगे।

एसआरएच अपने अभियान की शुरुआत 28 मार्च को बेंगलुरु के एम- चिन्नास्वामी स्टेडियम में मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ करेगा। उनका दूसरा मैच दो अप्रैल को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ, उसके बाद वे पांच अप्रैल को लखनऊ सुपर जायंट्स का सामना करने के लिए अपने घरेलू मैदान पर लौटेंगे। 32 साल के कमिंस दिसम्बर से ही मैदान से बाहर हैं। दिसम्बर में उन्होंने एडिलेड में केवल एक एशेज टेस्ट मैच खेला था। उस मैच से पहले और बाद में भी पीठ की पुरानी चोट की वजह से वह टीम से बाहर रहे। उन्होंने हाल ही में हुए टी-20 विश्व कप में भी हिस्सा नहीं लिया था। लेकिन सनराइजर्स हैदराबाद के सूत्रों ने बताया है कि उन्हें क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से अपने आईपीएल अनुबंध को पूरा करने की मंजूरी मिल गई है। हालांकि, मैच खेलने के लिए मैदान पर लौटने से पहले उन्हें कुछ और समय लगने की उम्मीद है। कमिंस ने एचआरएच के लिए 30 मैचों में कप्तानी की है।

इनमें से उन्होंने 15 मैच जीते हैं, 14 हारे हैं, और एक मैच का कोई नतीजा नहीं निकला। 2024 में उन्होंने टीम को फाइनल तक पहुंचाया था, जहां उन्हें कोलकाता नाइट राइडर्स के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। पिछले सीजन में एसआरएच छठे स्थान पर रहा था। टीम ने छह मैच जीते थे और सात में उसे हार मिली थी। ईशान किशन ने अपनी कप्तानी में झारखंड को पहली बार सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का खिताब दिलाया है। कप्तानी के साथ-साथ ईशान ने बल्ले से भी बेहतर प्रदर्शन किया। उन्होंने उस टूर्नामेंट में 197-33 की स्ट्राइक रेट से सबसे ज्यादा 517 रन बनाए थे। उन्होंने हाल ही में सम्पन्न हुए टी-20 विश्वकप में भी शानदार प्रदर्शन किया है।

# बीसीबी के भविष्य पर आईसीसी के साथ चर्चा करेंगे बांग्लादेश के खेल मंत्री

● **बीसीबी एक दूसरी समिति बनाने की योजना भी बना रहे हैं, जो यह जांच करेगी कि इस साल भारत और श्रीलंका में हुए पुरुषों की टी-20 विश्व कप में बांग्लादेश क्यों हिस्सा नहीं ले पाया**

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश के खेल मंत्री अमीनुल हक, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के भविष्य पर अंतिम फैसला लेने से पहले आईसीसी से सलाह करेंगे। साथ ही वह एक दूसरी समिति बनाने की योजना भी बना रहे हैं, जो यह जांच करेगी कि इस साल भारत और श्रीलंका में हुए पुरुषों के टी-20 विश्व कप में बांग्लादेश क्यों हिस्सा नहीं ले पाया।

11 मार्च को खेल मंत्रालय ने पिछले साल हुए बीसीबी चुनावों में कथित अनियमितताओं, हेरफेर और सत्ता के दुरुपयोग के आरोपों की जांच के लिए एक जांच समिति बनाई थी। बीसीबी ने सोमवार को इसका जवाब देते हुए कहा कि इस समिति का गठन, बांग्लादेश सरकार की ओर से बोर्ड के मामलों में दखल के बराबर है। बांग्लादेश के पूर्व फुटबॉल कप्तान हक ने कहा कि पांच सदस्ईय समिति जब अपनी रिपोर्ट 15 कार्य दिवसों के भीतर सौंप देगी, तब वह इस मामले पर आईसीसी से चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि हम सब जानते हैं कि पिछले साल बीसीबी चुनावों में हमारी पिछली सरकार का सीधा हस्तक्षेप था।

मैंने कई बार इस बारे में बात की है। ढाका के क्लबों और जिलों से मिले आरोपों के बाद हमने जांच समिति बनाई है। मैं उनकी रिपोर्ट पढ़ूंगा, लेकिन अगला कदम आईसीसी से बात करने के बाद ही उठाऊंगा। चुनाव के समय तमीम इकबाल और ढाका के कई क्लब अधिकारियों ने चुनाव में हेरफेर के आरोप लगाए थे। चुनाव से पहले ही बीसीबी अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम पर भी हस्तक्षेप के आरोप लगे थे। चुनाव से कुछ सप्ताह पहले भेजे गए एक हस्ताक्षरित पत्र में अमीनुल ने खेल मंत्रालय से कुछ जलिों के काउंसिलरों को बदलने का अनुरोध किया था। तमीम ने यह भी आरोप लगाया था कि बीसीबी ने नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख दो बार बढ़ाई थी। तमीम ने 1 अक्तूबर को अपना नाम वापस ले लिया, जबकि अमीनुल ने 5 अक्तूबर को इन आरोपों से इनकार किया, जो कि मतदान से एक दिन पहले था। हक ने कहा कि जांचकर्ता यह भी देखेंगे कि चुनाव से पहले जिला प्रशासकों ने अपने नामांकन कैसे बदले। उन्होंने कहा कि जांच समिति बीसीबी के चुनाव आयुक्तों, मौजूदा बोर्ड अध्यक्ष, बीसीबी निदेशकों और सीईओ से बात करेगी। यह उन जिला प्रशासकों से भी संपर्क करेगी जिन्होंने बीसीबी काउंसिलरों का नामांकन किया था। आरोप है कि कई जिला प्रशासकों ने एक काउंसिलर का नाम भेजने के बाद, एक पत्र मिलने पर नया नाम भेज दिया था। मेरा मानना है कि इन मामलों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। टी-20 विश्व कप के मामले में बीसीबी ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए भारत जाने से इनकार कर दिया था, तब आईसीसी ने बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड को विश्व कप के लिए शामिल कर लिया था।


# न्यू साउथ वेल्स के कोच बने ब्रैड हैडिन



**सिडनी, वार्ता।** ब्रैड हैडिन को न्यू साउथ वेल्स पुरुषों की टीम का अगला मुख्य कोच बनाया गया है। उन्होंने अनुभवी कोच ग्रेग शिप्पर्ड की जगह ली है, जिनका कॉन्ट्रैक्ट एक साल पहले ही खत्म कर दिया गया था।

क्रिकेट न्यू साउथ वेल्स ने हैडिन को शिप्पर्ड का उत्तराधिकारी घोषित करने में जरा भी देर नहीं की। यह घोषणा तब की गई जब 'ब्लूज' (न्यू साउथ वेल्स टीम) ने मंगलवार को वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक रोमांचक ड्रॉ के साथ अपना 2025-26 का सीजन खत्म किया। खबरों के मुताबिक, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर और टेस्ट क्रिकेट के दिग्गज हैडिन ने 'क्रिकेट सेंट्रल' में मैच के दौरान ही क्रिकेट न्यू साउथ वेल्स बोर्ड के सामने अपना प्रस्ताव पेश किया। शेफील्ड शील्ड सीजन के आखिरी दिन पुरुषों की टीम के सहायक कोच अली डी विटर और शॉन ब्रैडस्ट्रीट को भी बता दिया गया कि अब उनकी सेवाओं की जरूरत नहीं होगी। न्यू साउथ वेल्स ने अपने आखिरी राउंड का मैच ड्रॉ कराया। मैच के आखिरी तीन गेंदों पर जब वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के नौ विकेट गिर चुके थे, तब निचले क्रम के बल्लेबाज कोरी रों. चचियोली और अल्बर्ट एस्टरहुसेन ने डटकर बल्लेबाजी की और टीम को हार से बचा लिया।

# अबरार को साइन करने पर सनराइजर्स पर बरसे गावस्कर





● **कहा : पाक क्रिकेटर पर लगाया गया पैसा परोक्ष रूप से भारतीय जवानों और आम नागरिकों की जान लेने में मदद करता है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने पुरूष हंड्रेड के आगामी सीजन के लिए सनराइजर्स लीड्स के एक फैसले नाराजगी जताई है।

सनराइजर्स ने पाकिस्तान के स्पिनर अबरार अहमद को अपनी टीम के साथ जोड़ा है, जिस पर गावस्कर ने कहा है कि पाकिस्तानी क्रिकेटर पर लगाया गया पैसा परोक्ष रूप से भारतीय जवानों और आम नागरिकों की जान लेने में मदद करता है। हेडिंग्ली की इस फ्रेंचाइजी का मालिकाना हक सन ग्रुप के पास है, जो आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद की टीम भी चलाता है। इस टीम को पहले नॉर्दन सुपरचार्जर्स के नाम से जाना जाता था। पिछले हफ्ते हुई नीलामी में अबरार अहमद को लगभग 2 करोड़ 34 लाख रूपए की भारी-भरकम रकम देकर साइन किया गया था। इस साइनिंग के साथ ही उन अटकलों पर भी विराम लग गया था कि भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे कड़वे राजनीतिक रिश्तों की वजह से आईपीएल मालिकों की टीमें पाकिस्तानी खिलाड़ियों पर अघोषित बैन लगा सकती हैं। हालांकि, इस फ़ैसले के खिलाफ सोशल मीडिया पर काफी विरोध देखने को मिला।

यह ऐसे समय में हुआ जब दोनों देशों के बीच संबंध लगातार बिगड़ रहे हैं, जिसमें मई 2025 में हुआ चार दिन का सैन्य संघर्ष भी शामिल है। पाकिस्तान के खिलाड़ियों को 2009 से आईपीएल से अनौपचारिक रूप से बाहर रखा गया है, और दोनों देशों के बीच 2012-13 के बाद से कोई द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेली गई है। टी-20 विश्व कप में उनकी हालिया भिड़ंत का पीसीबी द्वारा लगभग बहिष्कार किया गया था, हालांकि अंततः यह मैच श्रीलंका में न्यूट्रल वेन्यू पर खेला गया। दोनों कप्तानों ने टॉस के समय हाथ मिलाने की परंपरा को भी जारी नहीं रखा।

गावस्कर की यह टिप्पणी अखबार मिड डे में लिखे कॉलम में आई। 76 साल की उम्र में भी वह भारतीय क्रिकेट के सबसे प्रभावशाली चेहरों में से एक हैं, और उनका यह बयान इस बात का संकेत है कि यह मुद्दा इस साल के हंड्रेड टूर्नामेंट पर कितना असर डाल सकता है, जो जुलाई में शुरू होने वाला है। उन्होंने लिखा कि एक भारतीय मालिक द्वारा द हंड्रेड में पाकिस्तानी खिलाड़ी को खरी. दने पर जो विवाद हुआ है, वह हैरान करने वाला नहीं है। नवम्बर 2008 में मुंबई हमलों के बाद से भारतीय फ्रेंचाइजी मालिकों ने आईपीएल के लिए पाकिस्तानी खिलाड़ियों को पूरी तरह नजर. अंदाज किया है। हालांकि देर से सही, अब यह समझ बन रही है कि एक पाकिस्तानी खिलाड़ी को दी गई फीस, जो बाद में अपने देश को टैक्स के रूप में जाती है और जिससे हथियार खरीदे जाते हैं, वह अप्रत्यक्ष रूप से भारतीय सैनिकों और नागरिकों की मौत में योगदान देती है। इसी कारण भारतीय संस्थाएं अब पाकिस्तानी कलाकारों और खिलाड़ियों को शामिल करने से भी बच रही हैं। सन ग्रुप एक मीडिया संगठन है जिसकी स्थापना कलानिधि मारन ने की थी।

उनकी बेटी काव्या ऑक्शन में मौजूद थीं। टीम के हेड कोच डैनियल विटोरी ने बाद में कहा कि उन्हें कुछ खास खिलाड़ियों के लिए बोली लगाने से रोकने का कोई निर्देश नहीं दिया गया था, लेकिन गावस्कर का मानना है कि मालिकों की ओर से और स्पष्ट निर्देश होने चाहिए थे। उन्होंने लिखा कि चाहे भुगतान किसी भारतीय संस्था द्वारा किया जा रहा हो या उसकी विदेशी शाखा द्वारा, अगर मालिक भारतीय है तो वह भारतीय हताहतों में योगदान दे रहा है। यह इतना ही सीधा है। अभी भी समय है।

### श्याम लाल कॉलेज ने सेंट स्टीफंस को 13-1 से रौंदा

**नई दिल्ली, वार्ता।** पांचवें पीएसपीबी बाबा दीप सिंह हॉकी (पुरुष एवं महिला) टूर्नामेंट के दूसरे दिन पुरुष वर्ग में श्याम लाल कॉलेज ने सेंट स्टीफंस कॉलेज को एकतरफा मुकाबले में 13-1 से करारी शिकस्त दी। श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज के मैदान पर श्याम लाल कॉलेज के अतुल चौधरी ने 5, प्रत्युष सिंह जग्गी ने 3, मनमोहन, अभिषेक, हर्ष, पंकज और आकाश ने एक-एक गोल किया। पराजित टीम के लिए एकमात्र गोल विशाल ने किया। श्याम लाल कॉलेज के अतुल चौधरी को प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला। सेंट स्टीफंस कॉलेज की यह लगातार दूसरी बड़ी हार है। हंसराज कॉलेज और इंदिरा गांधी शारीरिक शिक्षा एवं खेल विज्ञान संस्थान के बीच मुकाबला 2-2 से ड्रॉ रहा। हंसराज कॉलेज के गुरशीष को प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला।

# सिविल लाइन्स थाना पुलिस ने तीन शातिर बदमाश दबोचे, अवैध हथियार व कार बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सिविल लाइन्स पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तीन अवैध तमंचे, तीन जिंदा कारतूस और नंबर प्लेट बदली हुई एक कार बरामद की है।




यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी सिविल लाइन्स के नेतृत्व में की गई। पुलिस टीम क्षेत्र में चेकिंग अभियान चला रही थी, तभी पुलिस को सूचना मिली कि कांठ रोड स्थित कांवड़ पथ के पुल के नीचे कुछ संदिग्ध व्यक्ति किसी आपराधिक घटना की योजना बना रहे हैं। सूचना में यह भी बताया गया कि आरोपी एक कार में सवार हैं और उनके पास अवैध हथियार मौजूद हैं, साथ ही कार की नंबर प्लेट बदली गई है।सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और कार में बैठे तीनों आरोपियों को दबोच लिया। पुलिस को पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम हरेन्द्र भाटी (25), हिमांशू (22) और प्रियांशु चौधरी (22) बताए, जो मुरादाबाद के विभिन्न क्षेत्रों के निवासी हैं।पुलिस टीम ने तलाशी के दौरान तीनों के पास से एक-एक अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद किए है। इसके अलावा उनके पास से एक ब्रेजा कार भी बरामद की गई है, जिसकी नंबर प्लेट बदली हुई थी।

पुलिस का मानना है कि आरोपी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे।इस संबंध में थाना सिविल लाइन्स में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं तथा आयुध अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ जारी है और उनके आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि वह किस घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। पुलिस ने इस कार्रवाई को बड़ी सफलता बताते हुए कहा कि समय रहते आरोपियों की गिरफ्तारी से एक संभावित अपराध को टाल दिया गया।

# हूंमेरा कमाल ने नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा नवीं रैंक प्राप्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** ग्राम पीपलसाना मोहल्ला जामा मस्जिद निवासी मोहम्मद मोहसिन कमाल की बेटी हूंमेरा कमाल ने नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए अखिल भारतीय स्तर पर नवा स्थान प्राप्त किया है, पिछडे एवं साधारण परिवार से आने वाले मो. हसिन कमाल साहब ने अपने जीवन में लंबा संघर्ष किया है आपके द्वारा अल्पायु में ही सामाजिक विकास के क्षेत्र में कार्य करने के साथ-साथ अपने स्वरोजगार के लिए स्कूल की स्थापना की और ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाई, और आप इतने लोकप्रिय भी रहे की एक बार आपको आपकी क्षेत्र की जनता ने बीडीसी मेंबर भी बनाया किंतु आपकी रुचि राजनीति में न होकर शिक्षा के क्षेत्र में थी और आप इस क्षेत्र में कुछ करना चाहते थे किंतु आर्थिक एवं सामाजिक परेशानियों के कारण आप अपने जीवन में वह स्थान प्राप्त नहीं कर पाए ,इसके लिए उन्होंने अपना एक लक्ष्य स्थापित किया था उन्हें यह जिद्द थी कि वह अपना जो सपना पूरा नहीं कर पाये



अपने बच्चों को माध्यम से उसको पूरा करेंगे आज उसे सपने की दिशा में उनकी प्यारी सी बेटी और हमारी भतीजी ने एक कदम बढ़ा दिया है निश्चित तौर पर यह सिर्फ उनके परिवार के लिए बल्कि हमारे संपूर्ण गांव और क्षेत्र के लिए एक गौरवान्वित कर देने वाला क्षण है जिसने हमको स्वयं पर गर्व करने का मौका दिया है मुझे बिटिया पर बहुत गर्व है मुझे आशा है कि वह अपने जीवन में अपने परिवार को अपने गांव और क्षेत्र को इसी प्रकार अपनी उपलब्धियां से गौरवान्वित करती रहेगी और भाई मोहसिन कमाल साहब के देखे सपने भी पूरे होंगे बिटिया को बहुत प्यार दे रहे हैं।

## एक नजर



## मछली पालन के साथ अब मोती उत्पादन का मौका, किसानों की आय बढ़ाने को नई योजना

**चन्दौसी।** प्रदेश सरकार अब मत्स्य पालकों और किसानों की आय बढ़ाने के लिए नई पहल करने जा रही है। इसके तहत मछली पालन के साथ-साथ मोती उत्पादन को भी बढ़ावा दिया जाएगा। सरकार ने "मोती संवर्धन योजना" लागू करने की तैयारी की है, जिससे जल संसाधनों का बेहतर उपयोग करते हुए अतिरिक्त आमदनी के रास्ते खुलेंगे। इस योजना के अंतर्गत किसानों और मत्स्य पालकों को मोती उत्पादन की आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन और आवश्यक वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। सरकार का मानना है कि यह पहल प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में भी सहायक होगी और ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के लक्ष्य में मत्स्य क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाएगी। मोती उत्पादन एक वैज्ञानिक प्रक्रिया है, जिसमें सीप (ऑयस्टर) के अंदर विशेष तकनीक से न्यूक्लियस डाला जाता है। कुछ महीनों के भीतर उसी के चारों ओर परत बनकर मोती तैयार हो जाता है।

विशेषज्ञों के अनुसार, यदि इस कार्य को वैज्ञानिक तरीके से किया जाए तो छोटे तालाब से भी अच्छी आमदनी संभव है। प्रदेश में पहले से कई स्थानों पर निजी स्तर पर मोती उत्पादन किया जा रहा है, जिसे देखते हुए सरकार ने वर्ष 2026-27 के बजट में इस योजना के लिए तीन करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि राज्य में मौजूद तालाबों और जलाशयों का उपयोग अभी तक मुख्य रूप से मछली पालन तक ही सीमित रहा है, लेकिन इस योजना से इनका बहुउद्देश्यीय उपयोग संभव होगा। एक छोटे तालाब में सैकड़ों सीपों को रखकर विभिन्न आकार और डिजाइन के मोती तैयार किए जा सकते हैं, जिनकी बाजार में खासकर आभूषण उद्योग में अच्छी मांग रहती है। योजना के शुरुआती चरण में इसे कुछ चयनित जिलों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू किया जाएगा, जिसके बाद इसे पूरे प्रदेश में विस्तार दिया जाएगा। निदेशक मत्स्य एन.एस. रहमानी के अनुसार, योजना की रूपरेखा तैयार की जा रही है और जल्द ही इसे धरातल पर उतारा जाएगा, जिससे किसानों और मत्स्य पालकों को सीधा लाभ मिल सके।

## शक्तिनगर में नई स्ट्रीट लाइटें होने लगीं क्षतिग्रस्त

**चन्दौसी।** नगर के शक्तिनगर मोहल्ले में हाल ही में लगाई गई स्ट्रीट लाइटें अब क्षतिग्रस्त होने लगी हैं, जिससे नगरपालिका की कार्यप्रणाली और रखरखाव पर सवाल खड़े हो गए हैं। गौरतलब है कि इन लाइटों को लगे अभी छह माह भी पूरे नहीं हुए हैं, जबकि इन्हें लाखों रुपये की लागत से स्थापित किया गया था। नगरपालिका द्वारा चन्दौसी को चांदसी नगरी बनाने के उद्देश्य से शक्तिनगर से लेकर जनपद न्यायालय तक आकर्षक लाइटें लगवाई गई थीं, जो शाम होते ही क्षेत्र को रोशन कर उसकी सुंदरता बढ़ा रही थीं। इसके अलावा शहर के अन्य छह स्थानों पर भी इसी प्रकार की लाइटें लगाने की योजना पर कार्य चल रहा है। रामबाग रोड, ब्रह्म बाजार सहित कई स्थानों पर गड्ढे खोदकर उनकी फाउंडेशन तैयार की जा रही है। हालांकि, शक्तिनगर में पहले भी लगाई गई स्ट्रीट लाइटें कुछ समय बाद क्षतिग्रस्त हो गई थीं। नई सड़क बनने के बाद दोबारा लाइटें लगाई गईं, लेकिन अब लायंस स्कूल के पास फिर से लाइटों के खराब होने की शिकायत सामने आ रही है। इससे यह आशंका जताई जा रही है कि यदि समय रहते रखरखाव और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए तो एक वर्ष के भीतर ही ये लाइटें पूरी तरह खराब या गायब हो सकती हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि केवल लाइटें लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी नियमित देखरेख भी जरूरी है। कॉलोनीवासियों ने सुझाव दिया कि एक स्थानीय कमेटी बनाकर इन लाइटों की निगरानी की जाए, जिससे सरकारी धन की बर्बादी रोकी जा सके और क्षेत्र की सुंदरता बनी रहे।



# नाबालिग के साथ दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष का कारावास

**चन्दौसी।** अपराध करने वालों के लिए कानून का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है और न्यायालयों के सख्त फैसलों से यह संदेश साफ तौर पर सामने आ रहा है कि अब अपराध कर बच पाना आसान नहीं है। विशेष रूप से महिला एवं बाल अपराधों में न्यायालय का रुख बेहद कठोर और संवेदनशील हो गया है। चन्दौसी स्थित विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संभल अवधेश कुमार सिंह द्वारा मई 2025 में पदभार ग्रहण करने के बाद से ऐसे मामलों में त्वरित सुनवाई पर विशेष जोर दिया जा रहा है। उनके कार्यकाल में अब तक महिला संबंधी 35 से अधिक मामलों में आरोपियों को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई जा चुकी है। इससे न केवल पीडिघ्तों को समय पर न्याय मिल रहा है, बल्कि अपराधियों में कानून का भय भी बढ़ा है। पहले जहां ऐसे मामलों में वर्षों तक सुनवाई लंबित रहती थी, वहीं अब न्यायालय द्वारा तेजी से सुनवाई कर जल्द फैसले दिए जा रहे हैं। एक मामले में तो मात्र सात दिनों के भीतर सुनवाई पूरी कर निर्णय सुनाया गया, जो न्यायिक प्रक्रिया की गति का उल्लेखनीय उदाहरण है। इसी क्रम में न्यायालय ने एक और महत्वपूर्ण निर्णय



सुनाया। थाना बनियाठेर, जनपद संभल के अपराध संख्या 263/2023 से संबंधित मामले में आरोपी जगतसिंह यादव को दोषी करार दिया और सजा सुनाई। अभियोजन के अनुसार, आरोपी का वादिनी के घर आना-जाना था। 13 जुलाई 2023 को वादिनी की लगभग 10 वर्षीय पुत्री व 04 वर्षीय पुत्री घर पर अकेली थीं। इसी दौरान आरोपी घर पहुंचा और बड़ी पुत्री के साथ जबरन दुष्कर्म किया तथा घटना का खुलासा करने पर जान से मारने की धमकी दी। भय के कारण पीडिघ्ता ने तत्काल घटना की जानकारी नहीं दी और बाद में 02 अक्टूबर 2023 को अपनी मां को पूरी बात बताई। इसके बाद थाना बनियाठेर में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

सुनवाई के दौरान प्रस्तुत साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी पाया। अदालत ने अभियुक्त को पॉक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत 20 वर्ष के कठोर कारावास तथा 30 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। न्यायालय के इस निर्णय को नाबा. लिगों के विरुद्ध अपराधों पर सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

## गौ माता का विधि विधान और भजन कीर्तन के साथ किया अंतिम संस्कार

कांठ(शाह टाइम्स) क्षेत्र के गांव भीकनपुर में आज गो प्रेम का एक अनूठा मामला सामने आया बताया गया कि गांव निवासी राजेंद्र कश्यप के एक गाय काफी वर्षों से परिवार को दूध देती आ रही थी गाय बूढ़ी हुई तो उसकी मौत हो गई लेकिन परिवार के लोगों ने उसे ऐसे ही खुले में ले जाकर नहीं डाला बल्कि विधि विधान के साथ गड्ढा खोदकर उस पर परिवार के लोगों ने चादर डालकर फूलों की श्रद्धांजलि के साथ अंतिम विदाई दी। इस दौरान वृंदावन आश्रम इस्कॉन समिति के संतो द्वारा हरे कृष्ण भजन के साथ भी गौ माता को अंतिम विदा किया गया। इस मोके पर कमल सिंह कश्यप सिद्धार्थ सिंह कश्यप रवि कश्यप सोमपाल कश्यप एवं बाल्मिक समाज और अन्य समाज के लोग मौजूद रहे।

अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष बृजेश कुमार ने ग्रामीणों के इस कार्य की खुले दिल से सराहना की है।

# आईएफटीएम में 'राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम' के अंतर्गत जागरूकता आधारित एक 'मैजिक शो' का हुआ आयोजन

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) इकाई द्वारा जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ, मुरादाबाद के सहयोग से "राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम" के अंतर्गत एक जागरूकता आधारित एक "मैजिक शो" का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों को तंबाकू के दुष्प्रभावों से अवगत कराने तथा उन्हें स्वस्थ एवं नशामुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने आयोजकों एवं प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी ऐसे सामाजिक एवं जनहितकारी कार्यक्रमों के आयोजन करते रहने की सलाह दी। कार्यक्रम के दौरान प्रसिद्ध जादूगर, श्री अजय दिवाकर, मिस्टर इंडिया एंड पार्टी, मुरादाबाद ने अपने रोचक जादू प्रदर्शन के माध्यम से तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति विद्यार्थियों एवं उपस्थित जनसमूह को जागरूक किया। वहीं जिला चिकित्सालय, मुरादाबाद से आए नोडल ऑफिसर, डॉ. प्रशांत राजपूत ने कहा कि स्वास्थ्य ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार तथा नशे जैसी हानिकारक आदतों से दूर रहकर हम अनेक गंभीर बीमारियों से बच सकते हैं तथा ऐसे स्वास्थ्य शिविर निश्चित ही समाज में जागरूकता फैलाने का एक प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने सभी उपस्थितों से यह आग्रह भी किया कि वे अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम के दौरान एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के आधार पर छात्र अनूप कुमार, बी. टेक, मैकेनिकल, द्वितीय सेमेस्टर ने प्रथम स्थान, मोहम्मद समीर, बी. फार्मा द्वितीय सेमेस्टर ने द्वितीय स्थान तथा मनीष कुमार, बी.टेक, एग्रीकल्चर, चतुर्थ सेमेस्टर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जिन्हें अतिथियों



द्वारा विजेताओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

इस मौके पर विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति- रिसर्च एंड डेवलपमेंट डॉ. नवनीत वर्मा ने कहा कि इस प्रकार के जन-जागरूकता कार्यक्रम शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारी का भी उत्कृष्ट उदाहरण हैं। उन्होंने बताया कि "राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम" के अंतर्गत आयोजित यह "मैजिक शो" युवाओं को तंबा. कू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने में अत्यंत प्रभावी सिद्ध हुआ है। साथ ही उन्होंने नशा मुक्ति की शपथ दिलाते हुए सभी उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि वे स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं तथा समाज को नशामुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। वहीं डीन, स्टूडेंट्स वेलफेयर डॉ. अरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि युवाओं को तंबा. कू से दूर रहने के लिए प्रेरित करने तथा स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि "राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम" के अंतर्गत आयोजित इस "मैजिक शो" ने विद्यार्थियों को न केवल मनोरंजन प्रदान किया, बल्कि तंबा. कू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक भी किया। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं से अपील की कि वे स्वयं भी नशे से दूर रहते हुए और समाज में भी इसके प्रति जागरूकता फैलाएं। आयोजक व वनस्पति विज्ञान विभाग के डॉ. अशोक कुमार द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। इस अवसर पर विश्व. विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक डॉ. एस.डी. शर्मा, आयोजन सचिव डॉ. रमेश पाल समेत डॉ. मुनिश मणि, डॉ. अमनप्रीत कौर, डॉ. शिप्रा शर्मा, डॉ. अंशुल दुबे एवं राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े सभी सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस कार्यक्रम में कुल 125 विद्यार्थी, शिक्षक एवं शिक्षणेतर कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## श्री खाटू श्याम मित्र मंडल का छठा वार्षिकोत्सव धूमधाम से सम्पन्न

**मुरादाबाद।** रामगंगा विहार स्थित स्वयंवर बैंक्विट हॉल में श्री खाटू श्याम मित्र मंडल का छठा वार्षिकोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और बाबा के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा। इस अवसर पर खाटू श्याम बाबा का भव्य एवं आकर्षक दरबार सजाया गया, जिसने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। रंग-बिरंगी रोशनी, सुंदर फूलों की सजावट और मनमोहक झांकियों ने वातावरण को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया।कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना के साथ हुई, जिसके बाद भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन गायकों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी, जिस पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते और नाचते नजर आए। "हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा" जैसे जयकारों से माहौल और भी भावुक हो उठा।इस दौरान मंडल के पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वालों का आभार व्यक्त किया। भक्तों के लिए प्रसाद एवं भंडारे की भी समुचित व्यवस्था की गई, जहां सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।कार्यक्रम के अंत में बाबा से सभी की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई। पूरे आयोजन ने श्रद्धालुओं के मन में भक्ति और उत्साह का संचार किया तथा इसे एक यादगार आयोजन बना दिया।



# सहायक प्रबंधक गन्ना को हटवाने के लिए किसान यूनियन को देना पड़ा एक दिन का धरना



**कांठ( शाह टाइम्स )** किसानों का उत्पीड़न करने वालों की कोई कमी नहीं है मगर अफसोस तो तब होता है जब ऐसे कर्मचारियों को हटवाने के लिए भी बड़े स्तर पर शिकायत रखनी पड़ती है ऐसा ही मामला त्रिवेणी चीनी मिल के सहायक प्रबंधक गन्ना के कार्य शैली को लेकर किसानों के सामने आया किसानों का कहना था कि योगेंद्र यादव द्वारा किसानों को काफी परेशान किया जा रहा था किसानों ने स्थानीय स्तर पर इस मामले की शिकायत की लेकिन किसी ने भी इस बात पर ध्यान नहीं दिया आखिर में किसान यूनियन को गन्ना उपायुक्त कार्यालय पर एक दिन का धरना प्रदर्शन करना पड़ा। इसके बाद जाकर मिल के महाप्रबंधक की निद्रा टूटी और उन्होंने योगेंद्र यादव को कांठ क्षेत्र से हटाकर सहायक प्रबंधक गन्ना राजकुमार सिंह को चार्ज देने के निर्देश दिए किसान यूनियन ने इस कार्रवाई पर हर्ष व्यक्त किया है।

## गैस वितरण वाहन निगरानी के लिए तहसील स्तर पर टीम का गठन

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** जिलाधिकारी अनुज सिंह ने कहा रसोई गैस की कालाजाबारी नहीं होने देंगे। उन्होंने बताया कि जनपद में किसी भी तरह के पेट्रोलिमय पदार्थों पेट्रोल डीजल और एलपीजी की कोई भी किल्लत नहीं है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के साथ रसोई गैस वाहन ले जाए जाएं।पेट्रोल पंप और रसोई गैस एजेंसियों की निगरानी की जा रही है। सिलेंडर वितरण के दौरान ला एण्ड आर्डर की समस्या नहीं होनी चाहिए। आपूर्ति विभाग और प्रशासनिक अफसरों से कहा कि गैस सिलेंडर ले जाने वाले वाहनों को पर्याप्त सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए। कालाबाजारी, जमाखोरी रोकने को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। राजस्व विभाग, खाद्य तथा रसद विभाग तथा तेल कम्पनियों के नोडल अधिकारियों के साथ स्थानीय प्रशासन व पुलिस के अधिकारी भ्रमणशील रहें। कानून व्यवस्था से संबंधित सूचना तत्काल कंट्रोल रूम को दी जाए। जिलाधिकारी के मुताबिक जनपद में गैस एजेंसियों, पैट्रोल पम्पों पर पर सतत निगरानी के लिए तहसील वार संयुक्त टीम का गठन किया है। जिसमें एसडीएम, सीओ, पूर्ति निरीक्षक व बांट माप निरीक्षक शामिल हैं। यह टीम अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर देखेगी कि कहीं पर भी घरेलू गैस की किल्लत नहीं होने पाए।

## विश्नोई समाज का लोदीपुर धाम पर आयोजित वार्षिक मेला संपन्न देश और समाज की तरक्की के साथ लिया पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प

**कांठ (शाह टाइम्स)** बिश्नोई समाज का हर साल लगने वाला लोदीपुर बिशनपुर धाम में मेला आज हर्षो उल्लास के साथ संपन्न हो गया मेले में आए मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, आयोजित गोष्ठी में मेहमानों ने गुरु जंभेश्वर के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया और कहा कि हम सभी को पर्यावरण सुरक्षा के लिए संकल्पित रहना चाहिए। संभल के एसपी कृष्ण कुमार सिंह ने कहा कि भूपेंद्र सिंह के सहयोग



संभल के एसपी कृष्ण कुमार सिंह बिश्नोई, बरेली की एसपी, एमएलसी जयपाल सिंह व्यस्त, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर शेफाली सिंह सहित ने 120 शब्दों के हवन में आहुति देकर देश और समाज की खुशहाली के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। हवन उपरांत और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अनुकंपा से मुरादाबाद में श्री गुरु जंभेश्वर यूनिवर्सिटी का निर्माण हुआ है यह समाज के लिए गर्व की बात है। उन्होंने दोनों नेताओं का आभार जताया युवाओं से उन्होंने अच्छी शिक्षा ग्रहण कर माता-पिता की सेवा करते हुए समाज हित में काम करके अच्छे पदों पर आसीन होने का आह्वान किया। चौधरी भूपेंद्र सिंह ने भी बिश्नोई समाज का आभार व्यक्त किया और कहा कि बिश्नोई समाज जैसी मिसाल और कहीं नहीं मिलती अन्य मेहमानों ने भी वार्षिक मेले के आयोजन और व्यवस्था की सराहना की मेले में महिला पुरुष और बच्चों ने व्यंजनों का आनंद लिया और गुरु जंभेश्वर भगवान के पद चिन्हों को नमन करते हुए देश और समाज की खुशहाली के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

बिश्नोई समाज के संत स्वामी प्रवणानंद महाराज ने मेहमानों का स्वागत किया और आभार जताया कार्यक्रम का संच. ालन सुधीर कुमार बिश्नोई निवासी कांठ ने किया। इस अवसर पर एडवोकेट प्रदीप कुमार बिश्नोई संजय बिश्नोई महेंद्र सिंह ओम सिंह भाजपा नेता राजन बिश्नोई सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



शाह टाइम्स

सम्पादकीय

गुरुवार, 19 मार्च 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# ताक पर मानवता

युद्ध के मौजूदा दौर में मानवीय मूल्यों को ताक पर रखा जा रहा है। अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में एक एडिक्शन ट्रीटमेंट हॉस्पिटल पर पाकिस्तान की एयर स्ट्राइक में 400 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई और सैकड़ों घायल हैं। हाल में यह इस तरह की अकेली घटना नहीं है। इस मामले में पाकिस्तान की दलील है कि उसने सैन्य ठिकाने को निशाना बनाया था। हालांकि यह उसकी अपनी करतूतों पर पर्दा डालने की एक नाकाम कोशिश है। भारत ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे सैन्य कार्रवाई के नाम पर किया गया नरसंहार बताया है। पिछले साल भी जब पाकिस्तान- अफगानिस्तान में टकराव हुआ था, तो पाकिस्तानी सेना ने अफगानी क्रिकेटर्स को निशाना बनाया था। यूक्रेन युद्ध से लेकर ईरान तक, जैसे-जैसे संघर्ष का दायरा बढ़ रहा है, मानवता को आघात पहुंच रहा है। पिछले शुक्रवार को दक्षिण लेबनान में एक मेडिकल सेंटर पर इस्राइल ने हमला किया था, जिसमें 12 स्वास्थ्यकर्मियों की जान चली गई। लेबनान का दावा है कि मौजूदा संघर्ष शुरू होने के बाद से चिकित्सा सुविधाओं पर कम से कम 37 हमले हुए हैं और 31 हेल्थकेयर स्टाफ की मौतें हुई हैं। इसी तरह, ईरान पर हमले के पहले ही दिन अमेरिका-इस्राइल की मिसाइल एक स्कूल पर जा गिरी थी, जिसमें लगभग 170 लोगों की मौत हो गई और इसमें ज्यादातर बच्चे थे। अंतर्राष्ट्रीय कानून, खासकर जिनेवा कन्वेंशन कहता है कि जीवन के लिए जरूरी बुनियादी ढांचों पर हमला नहीं किया जा सकता। मेडिकल स्टाफ को हर हाल में सुरक्षित रखा जाना चाहिए। ऐसे हमले कानूनी ही नहीं, नैतिक रूप से भी गलत हैं। लेकिन, आंकड़े कहते हैं कि आज किसी को न नैतिकता की पड़ी है और न नियमों की। ॅभ्व के मुताबिक, केवल यूक्रेन में ही 2022 के बाद से अभी तक हेल्थ केयर फैसिलिटीज पर 2881 हमले हो चुके हैं। और हॉस्पिटल ही नहीं, पश्चिम एशिया संकट में तो पानी और तेल के ठिकाने भी निशाना बन रहे हैं। इस तरह की घटनाएं बार-बार इसलिए हो रही हैं, क्योंकि अंतर्राष्ट्रीय कानूनों की अब कोई वास्तविक ताकत नहीं बची। वर्ल्ड ऑर्डर में केवल एक चीज मायने रख रही है - कौन किस पर किस तरह से हावी हो सकता है। जरूरत निंदा और आलोचना से आगे ठोस कार्रवाई की है। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को मिलकर यह तय करना होगा कि ऐसे हमलों की निष्पक्ष जांच की जाए और जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय हो।

## सियासी विवाद में किसानों को नुकसान



किसानों ने एमएसपी के लिए लंबी लड़ाई लड़ी है और खुद मोदी सरकार ने किसानों से यह वादा किया था, इसलिए उन्हें एमएसपी गारंटी दी जानी चाहिए, किसानों ने एमएसपी मांग को लेकर दिल्ली की सीमा पर डेढ़ साल तक अभूतपूर्व आंदोलन किया था, जिसमें वह खुद भी शामिल हुए थे, लेकिन सरकार ने डेढ़ साल तक किसानों की समस्या को नहीं सुना था, इस आंदोलन में शामिल होकर मैंने देखा था कि किसान धूप, वर्षा, जाड़े में बैठकर अपनी मांगों के समर्थन में आंदोलन करते रहे, इस आंदोलन में 750 किसान शहीद हुए थे और तब प्रधानमंत्री मोदी ने कृषि तथा किसानों से संबंधित तीनों कानून वापस लेने की घोषणा की थी, पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार तथा केंद्र की भाजपा सरकार के बीच विवाद हो सकता है और राजनी. ति हो रही है, विवाद के कारण पंजाब के किसानों को नुकसान हो रहा है।

**-अमरिंदर सिंह, लोकसभा सांसद, कांग्रेस**

# नवरात्र : आंतरिक ऊर्जा व आध्यात्मिक उत्थान का पर्व



नवरात्रि महापर्व का भारतीय समाज में विशेष महत्व है, जो आदि शक्ति दुर्गा की पूजा का पावन पर्व है। नवरात्रि के नौ दिन देवी दुर्गा के विभिन्न नौ स्वरूपों की उपासना के लिए निर्धारित हैं और इसीलिए नवरात्रि को नौ शक्तियों के मिलन का पर्व भी कहा जाता है। चौत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से नवरात्रि की शुरुआत होती है और इस बार नवरात्रि पर्व की शुरूआत 19 मार्च से हो रही है, जिसका समापन 27 मार्च को होगा। प्रतिपदा से शुरू होकर नवमी तक चलने वाले नवरात्र नवशक्तियों से युक्त हैं और हर शक्ति का अपना-अपना अलग महत्व है। नवरात्र के पहले स्वरूप में मां दुर्गा पर्वतराज हिमालय की पुत्री पार्वती के रूप में विराजमान हैं। नंदी नामक वृषभ पर सवार शैलपुत्री के दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल का पुष्प है। शैलराज हिमालय की कन्या होने के कारण इन्हें शैलपुत्री कहा गया। इन्हें समस्त वन्य जीव-जंतुओं की रक्षक माना जाता है। दुर्गम स्थलों पर स्थित बस्तियों में सबसे पहले शैलपुत्री के मंदिर की स्थापना इसीलिए की जाती है कि वह स्थान सुरक्षित रह सके। मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप 'ब्रह्मचारिणी' को समस्त विद्याओं की ज्ञाता माना गया है। माना जाता है कि इनकी आराधना से अनंत फल की प्राप्ति और तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार, संयम जैसे गुणों की वृद्धि होती है। 'ब्रह्मचारिणी' अर्थात तप की चारिणी यानी तप का आचरण करने वाली। ब्रह्मचारिणी श्वेत वस्त्र पहने दाएं हाथ में अष्टदल की माला और बाएं हाथ में कमंडल लिए सुशोभित है। कहा जाता है कि देवी ब्रह्मचारिणी अपने पूर्व जन्म में पार्वती स्वरूप में थीं। वह भगवान शिव को पाने के लिए 1000 साल तक सिर्फ फल खाकर रहीं और 3000 साल तक शिव की तपस्या सिर्फ पेड़ों से गिरी पत्तियां खाकर की। इसी कड़ी तपस्या के कारण उन्हें ब्रह्मचारिणी कहा गया। मां दुर्गा का तीसरा स्वरूप है चंद्रघंटा। शक्ति के रूप में विराजमान मां चंद्रघंटा मस्तक पर घंटे के आकार का आधा चंद्रमा है। देवी का यह तीसरा स्वरूप भक्तों का कल्याण करता है। इन्हें ज्ञान की देवी भी माना गया है। बाघ पर सवार मां चंद्रघंटा के चारों तरफ अद्‌भुत तेज है। इनके शरीर का रंग स्वर्ण के समान चमकीला है। यह तीन नेत्रों और दस हाथों वाली हैं। इनके दस हाथों में कमल, धनुष-बाण, कमंडल, तलवार, त्रिशूल और गदा जैसे अस्त्र-शस्त्र हैं। कंठ में सफेद पुष्पों की माला और शीष पर रत्नजडिघ्त मुकुट विराजमान हैं। यह साधकों को चिरायु, आरोग्य, सुखी और सम्पन्न होने का वरदान देती हैं। कहा जाता है कि यह हर समय दुष्टों का संहार करने के लिए तत्पर रहती हैं और युद्ध से पहले उनके घंटे की आवाज ही राक्षसों को भयभीत करने के लिए काफी होती है।

चतुर्थ स्वरूप है कुष्मांडा। देवी कुष्मांडा भक्तों को रोग, शोक और विनाश से मुक्त करके आयु, यश, बल और बुद्धि प्रदान करती हैं। यह बाघ की सवारी करती हुई अष्टभुजाधारी, मस्तक पर रत्नजडिघ्त स्वर्ण मुकुट पहने उज्जवल स्वरूप वाली दुर्गा हैं। इन्होंने अपने हाथों में कमंडल, कलश, कमल, सुदर्शन चक्र, गदा, धनुष, बाण और अक्षमाला धारण की हैं। अपनी मंद मुस्कान से ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इनका नाम कुष्मांडा पड़ा। कहा जाता है कि जब दुनिया नहीं थी तो चारों तरफ सिर्फ अंधकार था। ऐसे में देवी ने अपनी हल्की-सी हंसी से ब्रह्मांड की उत्पत्ति की। वह सूरज के घेरे में रहती हैं। सिर्फ उन्हीं के अंदर इतनी शक्ति है, जो सूरज की तपिश को सहन कर सकें। मान्यता है कि वही जीवन की शक्ति प्रदान करती हैं। दुर्गा का पांचवां स्वरूप है स्कन्दमाता। भगवान स्कन्द (कार्तिकेय) की माता होने के कारण देवी के इस स्वरूप को स्कन्दमाता के नाम से जाना जाता है। यह कमल के आसन पर विराजमान हैं, इसलिए इन्हें पद्‌मासन देवी भी कहा जाता है। इनका वाहन भी सिंह है। इन्हें कल्याणकारी शक्ति की अधिष्ठात्री कहा जाता है। यह दोनों हाथों में कमलदल लिए हुए और एक हाथ से अपनी गोद में ब्रह्मस्वरूप सनतकुमार को थामे हुए हैं। स्कन्द माता की गोद में उन्हीं का सूक्ष्म रूप छह सिर वाली देवी का है। दुर्गा मां का छठा स्वरूप है कात्यायनी। यह दुर्गा देवताओं और ऋषियों के कार्यों को सिद्ध करने लिए महर्षि कात्यायन के आश्रम में प्रकट हुईं। उनकी पुत्री होने के कारण ही इनका नाम कात्यायनी पड़ा। दुर्गा का सातवां स्वरूप कालरात्रि है, जो देखने में भयानक है लेकिन सदैव शुभ फल देने वाला होता है। इन्हें 'शुभंकारी' भी कहा जाता है। 'कालरात्रि' केवल शत्रु एवं दुष्टों का संहार करती हैं। नवरात्र के आठवें दिन दुर्गा के आठवें रूप महागौरी की उपासना की जाती है। नवीं शक्ति 'सिद्धिदात्री' सभी सिद्धियां प्रदान करने वाली हैं, जिनकी उपा. सना से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

**( योगेश कुमार गोयल )**

### 72 वर्ष बाद अमावस्या और प्रतिपदा एक ही दिन
### डोली पर सवार होकर नवरात्र में आएगी माता

इस बार 72 वर्ष बाद अमावस्या और प्रतिपदा नवरात्र में एक ही दिन पघ्रहे हैं और आता डोली पर सवार होकर आ रही हैंजो प्रकृति, धर्म ,आस्था और दान का समन्वय बनाएंगे। इस वर्ष 19 मार्च को सुबह 6:52 से 7:45 तक कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त है। नैमिषारण्य के चक्र तीर्थ के प्रधान पुजारी राजेंद्र प्रसाद पांडे ने बताया कि वर्ष 1954 में अमावस्या और प्रतिपदा एक ही दिन पड़ा था। इस बार भी पहला नवरात्रा पड़ रहा है। इसके बाद देश में आर्थिक और राजनीतिक स्थिरता आ गई थी। उन्होंने बताया कि इस विक्रम संवत 2083 में सब शुभ होगा।मां की कृपा से आत्मनिर्भरता बढ़ेगी। इस बार हिदू नव वर्ष गुरुवार को पघ्रहा है। इसलिए इस साल के राजा देव गुरु बृहस्पति यानी गुरु है। गुरु ज्ञान के दाता है और ज्ञान होने पर सब कुछ जीवन में आसान हो जाता है। उन्होंने कहा कि ग्रहों के सहयोग से डोली में सवार होकर मां आएंगे और भक्तों की मनोवृत्ति को अंधेरे से प्रकाश की ओर ले जाएगी। उन्होंने कहा कि मां डोली पर सवार होकर जब भी नवरात्रि में आती है ,तो एक मां अपने बच्चों के साथ वात्सल्य भाव रखती है। इस तरह पूरा विश्व भी वात्सल्य भाव में रहता है। मां का वात्सल्य हमेशा बड़ा होता है। इससे विकास की गति को एक नई ऊंचाई और ऊर्जा मिलती है। उन्होंने कहा कि सुबह 11:36 से अपरा]न 12:24 तक अभिजीत मुहूर्त रहेगा । इस वर्ष खरमास के दौरान नवरात्र पड़ रही है- लेकिन देवी पूजा के लिए यह समय दोष मुक्ति माना गया है। पहले खरमास 13 मार्च से लगा है, जो 14 अप्रैल तक चलेगा। भारत वर्ष इस बार विशेष तरक्की करेगा- ऐसी हम सभी की कामना एवं ईश्वर से मन से प्रार्थना है।

# गैस का संकट नहीं, तो ये लाइनें क्यों लगी हैं?



निर्मल रानी

अमेरिका, इस्राईल व ईरान के बीच छिड़े युद्ध के बीच पूरा विश्व कच्चे तेल व गैस की आपूर्ति को लेकर चिंतित है। युद्ध छिड़ते ही भारत में भी इसका प्रभाव साफ नजर आने लगा। अमेरिका, इस्राईल व ईरान युद्ध के कारण ईरान के नियंत्रण वाले स्ट्रेट ऑफ हारमूज में शिपिंग रुक गई है। गौरतलब है कि भारत मध्य पूर्व से अपनी 60 से लेकर 90 प्रतिशत तक एल पी जी गैस व कच्चे तेल का आयात इसी मार्ग से करता है। स्ट्रेट ऑफ हारमूज जल मार्ग बाधित होने के कारण ही सरकार ने घरेलू गैस उपयोगको प्राथमिकता देते हुए कामर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति लगभग बंद कर दी है। साथ ही घरेलू सिलेंडर के दाम में 60 रूपए जबकि कमर्शियल में 115 रूपये तक की बढ़ोतरी की भी की गई है। इस दौरान रसोई गैस के लिए जगह जगह लोगों की कतारें देखने को मिलीं। कहीं कहीं से तो ब्लैक मार्केटिंग की खबरें भी सुनाई दीं। लोगों में गैस की किल्लत की शंका से दहशत फैल गई। इससे विशेषकर व्यवसायिक क्षेत्र सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ क्योंकि लगभग 90: होटल-रेस्तरां कमर्शियल एल पी जी सिलेंडर पर निर्भर हैं। राष्ट्रीय रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने इसे एक ऐसा संकट बताया जो 5।7 ट्रिलियन रूपए टर्नओवर और 80 लाख नौकरियों वाले वर्ग को



खतरे में डाल रहा है। देश के अनेक होटल्स व रेस्तरां में मेन्यू में कटौती करते हुए रोटी, डोसा, पूरी, फराई सामग्री, चाय-कॉफी , हॉट ड्रिंक्स आदि हटा दिए गए। इसके बजाए केवल राइस-दाल, सैंडविच या कोल्ड ड्रिंक्स आदि ही परोसे जा रहे हैं। उदाहरण स्वरूप बेंगलुरु व चेन्नई सहित तमिलनाडु में हजारों छोटे रेस्त्रां पूरी तरह या कहीं कहीं आंशिक रूप से बंद हो गए । बेंगलुरु होटल एसोसिएशन के अनुसार इस संकट से औसतन 25-30 प्रतिशत का राजस्व घाटा हुआ है। सबसे ज्यादा मार भोपाल में पड़ी जहां 40 प्रतिशत व्यापार प्रभावित हुए। कई लोगों ने तो अपनी दुकानें भी बंद कर दीं। कुछ होटल व रेस्त्रां इंडक्शन या इलेक्ट्रिक ओवन का प्रयोग करने लगे हैं। अचानक इंडक्शन की बढ़ती मांग के चलते कई जगहों से तो इंडक्शन व स्टोव के भी आउट ऑफ स्टॉक होने की खबरें आई हैं। इस संकट का सामना करने के लिए सरकार द्वारा रिफाइनरी उत्पादन 25प्रतिशत तक बढ़ने का समाचार है। जबकि कुछ राज्यों में केरोसिन व कोयला आपूर्ति करने की अस्थाई अनुमति भी दी गई है। यदि आगे भी यही स्थिति बानी रही तो रेस्टोरेंट इंडस्ट्री में बड़े पैमाने पर बंदी और बेरोजगारी का खतरा है। संकट की इस घड़ी में देश के अनेक नेता संसद से सड़कों तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2018 में विश्व जैव ईंधन दिवस के अवसर पर बेंगलुरु में आयोजित एक कार्यक्रम में दिए गए उस दिव्य ज्ञान को याद कर रहे हैं जिसमें उन्होंने एक ऐसे चायवाले की कहानी सुनाई थी जो नाले से निकलने वाली गैस से चाय बनाता था। इस कार्यक्रम में उन्होंने बायो ईंधन की संभावनाओं पर बात करते हुए एक चाय वाले की कहानी का जिक्र किया था जो गंदे नाले से निकलने वाली गैस का इस्तेमाल करके चाय बनाता था। उन्होंने बताया था कि एक छोटे शहर में नाले के पास चाय का ठेला लगाने वाला कोई व्यक्ति था। उस नाले से दुर्गंध और गैस निकलती थी, तो उसने सोचा कि इस गैस का इस्तेमाल क्यों न करें। उसने एक बर्तन को उल्टा करके उसमें छेद किया, पाइप डाला, और नाले की गैस को पाइप के जरिए अपने चूल्हे तक पहुंचाया। फिर उसी गैस से चाय बनाने लगा। मोदी जी ने इसे सिंपल सी टेक्नोलॉजी कहा और बायो ईंधन की क्षमता का उदाहरण दिया। बस मोदी के इसी बयान को देश के विपक्षी नेताओं व युवाओं द्वारा न केवल याद किया जा रहा है बल्कि देश में सैकड़ों जगहों से इसी फार्मुले से चाय बनाने की नाकाम कोशिश करते हुए अनेक लोगों की वीडियो भी वायरल हो रही हैं। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने तो सुल्तानपुर में बाकायदा नाली में पाइप डालकर गैस चूल्हा जलाने का प्रयास भी किया, लेकिन चूल्हा नहीं जला। उन्होंने कहा, मोदी जी कहते हैं नाली की गैस से चाय बनाओ, लेकिन यह संकट मोदी सरकार ही लाई है। कुछ लोगों ने व्यंग्य किया कि प्रधानमंत्री के श्ज्ञान श से प्रभावित व प्रेरित तमाम ष्लोग नाले की गैस से चाय बनाने की कोशिश कर रहे हैं। सोशल मीडिया मीम्स और रील्स में अनपढ़ राजा कहकर मोदी का मजाक उड़ाया गया, जहां नाली की गैस से चाय बनने का असफल प्रयास प्रदर्शित किया गया। मोदी के इसी दिव्य ज्ञान के पुराने वीडियो शेयर व रीशेयर करते हुए उन पर व्यंग्य कसे गए। विपक्ष ने तो इस संकट को सरकार की असफल विदेश नीति और तैयारी की नाकामी बताया है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अमेरिका-ईरान युद्ध का भारत पर प्रभाव





विनीत नारायण

दुनिया एक नए युद्ध की चपेट में है जो न केवल मध्य पूर्व को हिला रहा है, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था और कूटनीति को भी प्रभावित कर रहा है। 28 फरवरी 2026 को शुरू हुए अमेरिका और इजराइल के ईरान पर हवाई हमलों ने इस संघर्ष को एक पूर्ण युद्ध का रूप दे दिया है।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम, बैलिस्टिक मिसाइलों और नौसेना को नष्ट करने का ऐलान किया है, जबकि ईरान ने जवाबी कार्रवाई में अमेरिकी ठिकानों और इजराइल पर मिसाइलें दागी हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने से तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गई हैं, जो वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ा झटका है।

सवाल उठता है कि क्या यह युद्ध केवल अमेरिका की अहंकारपूर्ण कूटनीति का परिणाम है, जहां वह वैश्विक प्रभुत्व स्थापित करना चाहता है और तेल तथा खनिज बाजार पर कब्जा जमाना चाहता है? या यह एक आवश्यक रक्षात्मक कदम है जो ईरान के परमाणु महत्वाकांक्षाओं को रोकने के लिए उठाया गया है? एक स्वतंत्र .ष्टिकोण से देखें तो यह युद्ध अमेरिकी कूटनीति की विफलता का प्रतीक है, जहां वार्ता के बजाय सैन्य शक्ति पर जोर दिया गया। ट्रंप प्रशासन ने ईरान पर अधिकतम दबाव की नीति अपनाई, लेकिन इससे ईरान और अधिक आक्रामक हो गया। रक्षा विशेषज्ञ जो कोस्टा का कहना है कि यह युद्ध अमेरिकी सैन्य तैयारियों को कमजोर कर रहा है, खासकर चीन के खिलाफ।आर्थिक विशेषज्ञों के अनुसार, यह तेल बाजार पर कब्जे की लड़ाई है, लेकिन इससे अमेरिका की वैश्विक स्थिति कमजोर हो सकती है।

भारत, जो अपनी 90 प्रतिशत से अधिक कच्चे तेल की जरूरत आयात से पूरी करता है, इस युद्ध से सबसे अधिक प्रभावित देशों में से एक है। होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से तेल की आपूर्ति बाधित हो गई है, जिससे भारत का आयात बिल बढ़ गया है। टीएस लोम्बार्ड की अर्थशास्त्री शुमिता देवेश्वर कहती हैं कि लंबे समय तक चलने वाला युद्ध भारत की रसद लागत और प्रेषण को प्रभावित करेगा। ऐसे में भारत का व्यापार घाटा बढ़ सकता है, और मुद्रास्फीति बढ़ने से आम आदमी पर बोझ पड़ेगा। पेट्रोल और डीजल की कीमतें पहले ही बढ़ी हुई हैं, जिससे परिवहन और कृषि क्षेत्र प्रभावित हो रहे हैं। रणनीतिक रूप से यह युद्ध भारत की विदेश नीति को जटिल बना रहा है। भारत ने ईरान के साथ चाबहार बंदरगाह परियोजना में निवेश किया है, जो अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक पहुंच प्रदान करता है, लेकिन युद्ध से यह परियोजना खतरे में आ गई है। वहीं, भारत-अरब-इजराइल-यूरोप गलियारा (आईएमईसी) अब अधिक महत्वपूर्ण हो गया है, क्योंकि ईरान की अस्थिरता से चाबहार का विकल्प सीमित हो गया है। रैंड के अर्थशास्त्री रफीक दोसानी कहते हैं कि अगर अमेरिका और इजराइल जीतते हैं, तो आईएमईसी इजराइल की प्राथमिकता बनेगा। इसके अलावा, मध्य पूर्व में रहने वाले लाखों प्रवासी भारतीयों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ गई है। प्रेषण, जो भारत की अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है, प्रभावित हो सकता है। हाल ही में 'द हिंदू' के एक संपादकीय में कहा गया है कि यह युद्ध भारत पर अपेक्षा से अधिक प्रभाव डालेगा और पड़ोसी क्षेत्र को और जटिल बनाएगा। भारत को अमेरिका के साथ घनिष्ठ संबंध बनाए रखते हुए ईरान के साथ संतुलन बनाना होगा, जो एक कूटनीतिक चुनौती है।

यह युद्ध अमेरिका की वैश्विक स्थिति को दोधारी तलवार की तरह प्रभावित कर रहा है। एक ओर, अमे. रिका ने ईरान की नौसेना और मिसाइल क्षमताओं को काफी नुकसान पहुंचाया है, जो उसके सैन्य प्रभुत्व को दर्शाता है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि हमलों ने ईरान की नौसेना को 'लड़ाई अक्षम' बना दिया है। लेकिन लंबे समय में, यह युद्ध अमेरिकी संसाधनों को खींच सकता है। चौथम हाउस के विशेषज्ञों के अनुसार, लंबा युद्ध वैश्विक जीडीपी पर सीमित प्रभाव डालेगा, लेकिन उभरती अर्थव्यवस्थाओं को ऊर्जा कीमतों से नुकसान होगा। वैश्विक स्तर पर, यह युद्ध अमेरिका की कूटनीति की विश्वसनीयता पर सवाल उठा रहा है। यूरोप और एशिया में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं, जैसे एथेंस में हजारों लोगों का अमेरिकी दूतावास की ओर मार्च। चीन और रूस ईरान का समर्थन कर रहे हैं, जो बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था को मजबूत कर रहा है। अटलांटिक काउंसिल के विशेषज्ञों का कहना है कि चीन इस संघर्ष से फायदा उठा रहा है, क्योंकि ईरान उसका रणनीतिक साझेदार है। आर्थिक रूप से, अमेरिका ऊर्जा निर्यातक होने से कम प्रभावित है, लेकिन वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान से मंदी का खतरा है। जेपी मॉर्गन के अर्थशास्त्री जोसेफ लुप्टन कहते हैं कि यह संघर्ष व्यापार युद्ध पर और दबाव डालेगा। अगर युद्ध क्षेत्रीय हो गया, तो तेल कीमतें 120 डॉलर तक पहुंच सकती हैं, जिससे अमेरिकी विकास दर नकारात्मक हो सकती है। दुनिया भर के अधिकतर जानकारों का यह मत है कि यह युद्ध मुख्य रूप से अमे. रिकी कूटनीति की विफलता है। ट्रंप ने ईरान को परमाणु समझौते से बाहर निकालकर दबाव बढ़ाया, लेकिन इससे ईरान की आक्रामकता बढ़ी। तेल और खनिज बाजार पर कब्जे की महत्वाकांक्षा साफ दिखती है, क्योंकि होर्मुज का नियंत्रण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को नियंत्रित करता है, लेकिन यह अहंकारपूर्ण दृष्टिकोण है, क्योंकि हवाई हमले सरकार नहीं गिरा सकते। रक्षा विशेषज्ञ रॉब जॉनसन कहते हैं कि अमेरिका ईरान की वायु रक्षा को नष्ट कर सकता है, लेकिन लंबी अवधि में वैश्विक ऊर्जा स्थिरता प्रभावित होगी। कूटनीतिक विशेषज्ञ जेफरी फेल्टमैन और माइकल ओश्हैनलॉन का मानना है कि इस युद्ध के प्रभाव ईरान, मध्य पूर्व और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा पर पड़ेंगे। ईरान के नए सर्वोच्च नेता मुश्ताक हामी ने होर्मुज को बंद रखने की धमकी दी है, जो वैश्विक अर्थव्यवस्था को हिला सकती है। यह युद्ध न केवल ईरान की संप्रभुता का मुद्दा है, बल्कि वैश्विक शक्ति संतुलन का भी। भारत को अपनी ऊर्जा सुरक्षा मजबूत करनी चाहिए, जैसे वैकल्पिक स्रोतों पर ध्यान देना। अमेरिका को वार्ता की ओर लौटना चाहिए, वरना यह संघर्ष विश्व युद्ध का रूप ले सकता है। स्वतंत्र रूप से देखा जय तो, यह युद्ध अनावश्यक है और इससे सभी पक्ष हारेंगे। वैश्विक नेताओं को तत्काल हस्तक्षेप करना चाहिए ताकि शांति बहाल हो सके।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



प्रयागराज। एलपीजी खाना पकाने के गैस सिलेंडर को फिर से भरकर ले जाता व्यक्ति।

## इजरायल ने दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर किया हमला: IDF

**यरूशलम।** इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने बुधवार को कहा कि उसने दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर हमला किया। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा कि दक्षिणी लेबनान के टायर क्षेत्र में नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के बाद और इजरायल पर रॉकेट हमले के जवाब में आईडीएफ ने हिजबुल्लाह के आतंकी ठिकानों पर हमला शुरू किया।

# कांग्रेस के सामने पेश होंगे शीर्ष अमेरिकी अधिकारी

### ईरान युद्ध-घरेलू आतंकी खतरों पर हो सकते हैं कड़े सवाल, अमेरिका के भीतर बढ़ते आतंकी खतरों पर अपनी गवाही देंगे

**वाशिंगटन।** अमेरिका के शीर्ष सुरक्षा और खुफिया अधिक. री बुधवार से संसद (कांग्रेस) की समितियों के सामने पेश होने जा रहे हैं। ट्रम्प प्रशासन के ये अधिक. री ईरान के साथ चल रहे युद्ध और अमेरिका के भीतर बढ़ते आतंकी खतरों पर अपनी गवाही देंगे। इस सुनवाई के दौरान अधिकारियों को कई संवेदनशील मुद्दों पर कड़े सवालों का सामना करना पड़ सकता है।

हाउस और सीनेट की खुफिया समितियों के सामने होने वाली यह गवाही मुख्य रूप से युद्ध पर केंद्रित रहने की उम्मीद है। इस सुनवाई का सबसे बड़ा मुद्दा ईरान के एक स्कूल पर हुआ मिसाइल हमला हो सकता है। इस हमले में 165 से ज्यादा लोगों की जान चली गई थी। शुरुआती रिपोर्टों से पता चला है कि डिफेंस इंटेलिजेंस एजेंसी (डीआईए) की पुरानी और गलत जानकारी की वजह से यह

**■ इस सुनवाई का सबसे बड़ा मुद्दा ईरान के एक स्कूल पर हुआ मिसाइल हमला हो सकता है**



मिसाइल स्कूल पर जा गिरी। डीआईए के डायरेक्टर लेफ्टिनेंट जनरल जेम्स एच. एडम्स से इस बड़ी चूक पर जवाब मांगा जा सरता है। व्हाइट हाउस ने कहा है कि इस घटना की जांच अभी जारी है। ईरान युद्ध को लेकर अमेरिकी प्रशासन के अंदर भी खींचतान मची है। नेशनल काउंटर टेररिज्म सेंटर के डायरेक्टर जो केंट ने हाल ही में अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने साफ कहा कि वे इस युद्ध का समर्थन नहीं कर सकते। केंट के अनुसार, ईरान से अमेरिका को कोई ऐसा खतरा नहीं है जिसके लिए युद्ध किया जाए। नेशनल इंटेलिजेंस की डायरेक्टर तुलसी गबार्ड और सीआईए के निदेशक जान रैटक्लिफ से ईरान के बारे में हाल ही में मिले खुफिया आकलन (इंटेलिजेंस असेसमेंट) को लेकर भी सवाल पूछे जा सकते हैं। इनमें से एक आकलन में यह कहा गया था कि अमेरिकी हमलों से तेहरान में सत्ता परिवर्तन होने की संभावना कम ही है, जबकि दूसरे आकलन में इस दावे पर ही संदेह जताया गया था कि ईरान पहले हमला करने की तैयारी कर रहा था। संसद में अमेरिका के घरेलू हालातों पर भी चर्चा होगी। हाल के दिनों में मिशिगन के एक यहूदी प्रार्थना स्थल और वर्जीनिया की एक यूनिवर्सिटी में हमले हुए हैं। इसके अलावा, टेक्सास के एक बार में गोलीबारी हुई जहां हमलावर के कपड़ों पर ईरानी झंडा बना था। न्यूयॉर्क में मेयर के घर के बाहर विस्फोटक लाने के आरोप में दो लोगों को पकड़ा गया है। इन घटनाओं ने देश की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। एफबीआई के मुखिया काश पटेल की कार्यशैली भी जांच के घेरे में है। उन्होंने पिछले एक साल में कई अनुभवी एजेंटों को नौकरी से निकाल दिया है।

## दक्षिण कोरिया को प्राथमिकता से कच्चा तेल देने पर यूएई सहमत: कांग हून-सिक

**सोल।** द. कोरिया ने होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकेबंदी से उत्पन्न संकट के बीच संयुक्त अरब अमीरात के साथ 1.8 करोड़ बैरल तेल की प्राथमिक आपूर्ति पर सहमति व्यक्त की है। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति के प्रमुख सचिव और साम. रिक आर्थिक सहयोग के विशेष दूत कांग हून-सिक ने बुधवार को यह जानकारी दी। कांग ने यूएई यात्रा के बाद आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि दक्षिण कोरियाई प्रतिनिधिमंडल ने पश्चिम एशिया संकट के बीच व्यावहारिक सहयोग के उपायों के साथ-साथ दीर्घकालिक साझेदारों एवं सहयोगियों के बीच विश्वास को और गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान दूत ने दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे-म्युंग का एक व्यक्तिगत पत्र यूएई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान को सौंपा।

# ईरान ने अमेरिका-इजरायल को आगाह किया

### नेताओं की हत्या से ईरान की राजनीतिक व्यवस्था कमजोर नहीं होगी: अराघची




**■ ईरान संघर्ष विराम के पक्ष में नहीं है, बल्कि शत्रुता के स्थाई अंत की मांग करता है**
**■ हम संघर्ष विराम नहीं चाहते क्योंकि हम नहीं चाहते कि कुछ समय बाद यही स्थिति फिर उत्पन्न हो: अराघची**

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि अमेरिका और इजरायल इस बात को समझने में नाकाम रहे हैं कि इस्लामी गणराज्य ईरान की राजनीतिक व्यवस्था एक सुदृढ़ ढांचे पर आधारित है, जिसमें स्थापित राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक संस्थान मौजूद हैं और किसी एक नेता की हत्या से इस व्यवस्था पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

उन्होंने यह भी कहा कि ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के शक्तिशाली सचिव अली लारिजानी की इजरायल द्वारा की गई हत्या से ईरान के नेतृत्व को कोई निर्णायक क्षति नहीं पहुंचेगी। अराघची ने कहा कि व्यक्तियों की क्षति के बावजूद ईरान की शासन व्यवस्था लचीली और मजबूत बनी हुई है, जिसे उन्होंने 'बहुत सुदृढ़' प्रणाली बताया। उन्होंने अल जजीरा को दिए साक्षात्कार में कहा कि किसी एक व्यक्ति की मौजूदगी या अनुपस्थिति से इस ढांचे पर कोई असर नहीं पड़ता। निश्चित रूप से व्यक्तियों का प्रभाव होता है। लेकिन महत्वपूर्ण यह है कि ईरान की राजनीतिक व्यवस्था एक बहुत मजबूत संरचना है। यह साक्षात्कार उस समय प्रसारित हुआ जब ईरान ने बुधवार को पहले लारिजानी की मृत्यु की पुष्टि की। अराघची ने यह भी स्पष्ट किया कि ईरान संघर्ष विराम के पक्ष में नहीं है, बल्कि शत्रुता के स्थाई अंत की मांग करता है। उन्होंने कहा कि हम संघर्ष विराम नहीं चाहते क्योंकि हम नहीं चाहते कि कुछ समय बाद यही स्थिति फिर उत्पन्न हो। हम चाहते हैं कि युद्ध पूरी तरह और हमेशा के लिए समाप्त हो। हम युद्धविराम में नहीं, बल्कि युद्ध के अंत में विश्वास करते हैं। उन्होंने दोहराया कि यह संघर्ष तेहरान द्वारा शुरू नहीं किया गया और इसके परिणामों के लिए अमेरिका जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि यह युद्ध हमारा युद्ध नहीं है। हमने इसे शुरू नहीं किया। अमेरिका ने इसे शुरू किया और इसके सभी मानवीय और आर्थिक परिणामों के लिए वही जिम्मेदार है, चाहे वह ईरान, क्षेत्र या पूरे विश्व के लिए हों। अराघची ने कहा कि अमेरिका और इजरायल अब तक यह स्वीकार नहीं कर पाए हैं कि ईरान की राजनीतिक व्यवस्था किसी एक व्यक्ति पर निर्भर नहीं है और शीर्ष नेतृत्व के नुकसान से शासन व्यवस्था प्रभावित नहीं होगी। उन्होंने 28 फरवरी को अमेरिका-इजरायल हमलों के पहले दिन ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई की हत्या का उल्लेख करते हुए कहा कि इसके बावजूद व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रही और नेतृत्व का तुरंत प्रतिस्थापन कर दिया गया। उन्होंने कहा कि नेता से अधिक महत्वपूर्ण हमारे पास कोई नहीं था, और जब नेता भी शहीद हो गए, तब भी व्यवस्था चलती रही और तुरंत नया नेतृत्व सामने आ गया।

## ईरान के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी अली लारीजानी की मौत की पुष्टि



**तेहरान।** ईरान ने बुधवार तड़के आधिकारिक तौर पर पुष्टि की है कि उसके शीर्ष सुरक्षा अधिकारी और सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव अली लारीजानी की मौत हो गई है। परिषद सचिवालय ने स्थानीय समयानुसार बुधवार तड़के एक बयान जारी कर लारीजानी के मारे जाने की घोषणा की। इस बयान में उन्हें ताउम्र सार्वजनिक सेवा करने वाला बताते हुए 'शहीद' कहा गया है। इससे पहले मंगलवार को इजरायली रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने कहा था कि उसके हमले में लारीजानी मारे गए हैं लेकिन तब ईरान ने इस पर कोई प्रतिक्रिया या पुष्टि नहीं की थी। ईरान परिषद के अनुसार, लारीजानी के साथ उनके बेटे और सुरक्षाकर्मियों सहित कई अन्य लोग भी मारे गए हैं। वक्तव्य में लारीजानी के लंबे राजनीतिक करियर की प्रशंसा करते हुए उन्हें एक ऐसी शख्सियत बताया गया जिसने जीवन के अंतिम क्षणों तक ईरान की प्रगति और बाहरी खतरों के खिलाफ एकजुटता के लिए काम किया। इससे पहले मंगलवार को ईरान ने अपने अर्धसैनिक बल 'बसिज' के प्रमुख गुलामरेजा सुलेमानी के मारे जाने की भी पुष्टि की थी। ईरान ने इसे 'अमेरिकी-जायोनी दुश्मन द्वारा किया गया एक आतंकवादी हमला' करार दिया है। ईरान की अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी मेहर के अनुसार, लारीजानी और सुलेमानी दोनों का अंतिम संस्कार बुधवार को किया जाएगा।

## जेलेंस्की ने ट्रम्प, स्टारमर से मुलाकात का किया आग्रह

**लंदन।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री सर कीर स्टारमर से मुलाकात करने और आम सहमति बनाने का आग्रह किया है। जेलेंस्की ने यह आह्वान अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा ब्रिटेन के प्रधानमंत्री की बार-बार आलोचना करने के बाद की है। स्टारमर के साथ बातचीत करने के बाद बीबीसी को मंगलवार को दिए एक विशेष साक्षात्कार में यूक्रेन के राष्ट्रपति ने कहा कि हालांकि वह राष्ट्रपति ट्रम्प को यह नहीं बताएंगे कि उन्हें क्या करना चाहिए लेकिन दोनों नेताओं को संबंधों को फिर से मजबूत करने के लिए मुलाकात करनी चाहिए। ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमलों से भड़की जंग, ट्रम्प द्वारा नाटो सहयोगियों की आलोचना और स्टारमर की कथित सैन्य कार्रवाई की कमी के बाद एक राजनयिक विवाद में तब्दील हो गई है। अपने नवीनतम हमले में, ट्रम्प ने स्टारमर के लिए कहा कि वह विस्टन चर्चिल नहीं हैं और उन्होंने कहा कि हालांकि वह ब्रिटेन के प्रधानमंत्री को एक नेक इंसान मानते हैं लेकिन वह उनसे बहुत निराश हैं। स्टारमर ने दृढ़ता से जवाब देते हुए इस बात पर बल दिया कि ब्रिटेन किसी व्यापक युद्ध में नहीं उलझेगा और उन्होंने अमेरिका-ब्रिटेन के स्थाई संबंधों को दोहराया।

# यूएई ने ईरान के हमलों की कड़ी निंदा की

**अबू धाबी।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान ने ईरान के मिसाइल और ड्रोन हमलों की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि नागरिक ठिकानों पर हमले संप्रभुता का 'घोर उल्लंघन' हैं और क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न करते हैं। यूएई के उपप्रधानमंत्री ने बुधवार को कहा कि बिना उकसावे के किए गए ये हमले पिछले 18 दिनों से जारी हैं, जिनमें 2,000 से अधिक मिसाइल और ड्रोन का इस्तेमाल करते हुए देशभर में महत्वपूर्ण नागरिक अवसंरचना, हवाई अड्डों, रिहायशी इलाकों और अन्य नागरिक स्थलों को निशाना बनाया गया है।

उन्होंने कहा कि यूएई देशभर में नागरिकों और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों को निशाना बनाकर की जा रही इस निरंतर वृद्धि की कड़े शब्दों में निंदा करता है। उन्होंने जोड़ा कि इन हमलों की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी कड़ी आलोचना हुई है और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने एक प्रस्ताव पारित कर ईरान से 'तत्काल और बिना शर्त' ऐसी गतिविधियां रोकने की मांग की है। अब्दुल्ला ने कहा कि यूएई अपनी संप्रभुता, राष्ट्रीय सुरक्षा और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए



**■ उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला ने कहा: ये क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए खतरा**

अंतर्राष्ट्रीय कानून तथा आत्मरक्षा के अधिकार के अनुरूप ष्सभी आवश्यक कदम उठाने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रखता है। उन्होंने हमलों में मारे गए लोगों के परिजनों के प्रति 'गहरी संवेदना और शोक' व्यक्त किया, जिनमें फलस्तीन, पाकिस्तान, बंगलादेश और नेपाल के नागरिक भी शामिल हैं, तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने संबंधित देशों की सरकारों और नागरिकों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए यूएई की सभी नागरिकों, निवासियों और आगंतुकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि अधिकारी 'किसी भी खतरे से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार' हैं।

## देवी पार्वती का किरदार निभाना बेहद खास रहा: श्रेनु पारिख

**मुंबई।** अभिनेत्री श्रेनु पारिख का कहना है कि सोनी सब के शो 'गणेश कार्तिकेय' में देवी पार्वती का किरदार निभाना उनके लिए बेहद खास रहा है। सोनी सब के शो 'गणेश कार्तिकेय' के आने वाले एपिसोड्स में कहानी देवी पार्वती और भगवान शिव के दिव्य मिलन की ओर बढ़ती है। सती के बलिदान के बाद पुनर्जन्म लेकर पार्वती महादेव को जागृत करने के संकल्प के साथ तपस्या शुरू करती हैं। महादेव गहरे ध्यान और शोक में लीन रहते हैं, लेकिन पार्वती वर्षों तक कठिन तप और सेवा करती हैं। इस बीच, राक्षस तारकासुर (आमिर दलवी) का अत्याचार ब्रह्मांड को संकट में डाल देता है। कामद. ेव (करण चौधरी) प्रेमबाण से शिव का ध्यान भंग करने का प्रयास करते हैं, जिससे शिव प्रचंड क्रोध में कामदेव को भस्म कर देते हैं लेकिन पार्वती की अटूट भक्ति धीरे-धीरे शिव के दुख को पिघलाती है और उनके नियति-निर्धारित मिलन की राह बनाती है। यह एक ऐसा क्षण है, जो ब्रह्मांडीय संत. ुलन को पुन: स्थापित करता है और उस पुत्र के जन्म का मार्ग प्रशस्त करता है, जो तारकासुर का अंत करेगा।

## वेनेजुएला-ईरान के बाद क्यूबा पर हमला कर सकता है अमेरिका

**हवाना।** अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प ने ओवल आफिस में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि वह 'क्यूबा को अपने कब्जे में लेने' का इरादा रखते हैं। उन्होंने कहा कि किसी न किसी रूप में क्यूबा को लूंगा, चाहे मैं उसे आजाद करूं या अपने नियंत्रण में ले लूं। मैं उसके साथ कुछ भी कर सकता हूं। न्यूयार्क टाइम्स के मुताबिक ट्रम्प के इस बयान को काफी चौंकाने वाला माना जा रहा है।

अमेरिका के इतिहास में कई राष्ट्रपति क्यूबा के साथ तनावपूर्ण रिश्तों में रहे हैं, लेकिन किसी ने भी इस तरह खुलेतौर पर क्यूबा पर कब्जा करने की बात नहीं कही थी। इस साल ट्रम्प पहले ही वेनेजुएला और ईरान में सैन्य कार्रवाई कर चुके हैं। ऐसे में उनके बयान को सिर्फ मजाक या अचानक कही गई बात नहीं माना जा रहा, बल्कि इसे एक संभावित अगला कदम समझा जा रहा है। अमेरिका और क्यूबा के संबंध 65 साल से खराब चल रहे हैं। ट्रम्प ने इससे पहले एयर फोर्स वन में भी कहा

**■ ट्रम्प बोले: क्यूबा को हासिल करके रहूंगा 65 साल से दोनों देशों में विवाद**



था कि मैं क्यूबा को संभाल रहा हूं जल्द ही हम कोई डील करेंगे या जो करना होगा करेंगे। उन्होंने यह भी साफ किया कि उनकी प्राथमिकता पहले ईरान है, उसके बाद क्यूबा। असल में, अमेरिका पहले से ही क्यूबा पर दबाव बना रहा है। जनवरी से अमेरिका ने क्यूबा को हो रही तेल सप्लाई को लगभग रोक दिया है। दूसरे देशों को भी चेतावनी दी जा रही है कि वे क्यूबा को तेल न दें। हाल ही में अमे. रिकी कोस्ट गार्ड ने कोलंबिया से क्यूबा जा रहे एक तेल टैंकर को भी रोक लिया।

# अमेरिकी सेना ने ईरानी मिसाइल ठिकानों पर की बमबारी

### होर्मुज जलडमरूमध्य के निकट 5000 पाउंड के गहरे पैठ बनाने वाले कई बमों का किया उपयोग

**वाशिंगटन।** अमेरिका के सैन्य बलों ने ईरान के तट के पास होर्मुज जलडमरूमध्य के निकट स्थित ईरानी मिसाइल ठिकानों पर हमला किया है। अमेरिकी केन्द्रीय कमान ने मंगलवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर यह जानकारी दी।

कमान ने कहा कि कुछ घंटे पहले अमे. रिकी बलों ने होर्मुज जलडमरूमध्य के पास ईरान के तटवर्ती क्षेत्र में स्थित सुदृढ़ (हार्डन) ईरानी मिसाइल ठिकानों पर 5000 पाउंड के गहरे पैठ बनाने वाले कई बमों का सफलतापूर्वक उपयोग किया। कमान के अनुसार कि इन ठिकानों पर मौजूद ईरानी एंटी-शिप क्रूज मिसाइलें जलडमरूमध्य से गुजरने वाले अंतर्राष्ट्रीय जहाजों के लिए खतरा मानी जा रही थीं। इससे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने संवाददाताओं से कहा कि वाशिंगटन ईरान के खिलाफ अपने हमले समाप्त करने के लिए 'अभी तैयार नहीं' है और यह अभियान अब तीसरे सप्ताह में प्रवेश कर



**■ अमेरिका को 'किसी की मदद की आवश्यकता नहीं' है: ट्रम्प**

चुका है। ट्रम्प ने यह भी स्वीकार किया कि होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित आवाजाही के लिए संयुक्त एस्कॉर्ट मिशन का उनका प्रस्ताव अधिकांश नाटो देशों और अमेरिकी सहयोगियों ने अस्वीकार कर दिया है। उन्होंने इस पर निराशा जताते हुए कहा कि अमेरिका को 'किसी की मदद की आवश्यकता नहीं' है। उन्होंने कहा कि जापान, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण कोरिया ने भी इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद-बाकर गालिबाफ ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य 'युद्ध-पूर्व स्थिति में नहीं लौटेगा कि हालांकि उन्होंने इसके बारे में अधिक विवरण नहीं दिया। जेपी मॉर्गन की एक हालिया रिपोर्ट में विश्लेषकों ने चेतावनी दी है कि यदि होर्मुज जलडमरूमध्य पूरी तरह बंद हो जाता है तो पश्चिम एशिया के तेल उत्पादक देश अधिकतम 25 दिनों तक ही उत्पादन बनाए रख सकेंगे। सऊदी अरब, इराक, कतर, संयुक्त अरब अमीरात और स्वयं ईरान अपने कच्चे तेल के निर्यात के लिए इस संकरे मार्ग पर निर्भर हैं। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने पिछले सप्ताह अमेरिकी मीडिया से कहा था कि अमेरिका, इजरायल और उनके सहयोगियों के सिवाय अन्य के लिए जलडमरूमध्य अंतर्राष्ट्रीय जहाजों के लिए खुला है।

# पाकिस्तान को सस्ता तेल देने को तैयार: रूस

### रूसी राजदूत अल्बर्ट खोरेव ने कहा: वो खुद बात करे, पाक के पास सिर्फ 11 दिन का ऑयल रिजर्व

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में रूसी राजदूत अल्बर्ट खोरेव ने कहा है कि रूस पाकिस्तान को सस्ता तेल देने के लिए तैयार है। लेकिन अभी तक पाकिस्तान की तरफ से इस बारे में कोई आधिकारिक मांग नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि अगर पाकिस्तान खुद पहल करता है, तो रूस उसे कम कीमत पर तेल सप्लाई कर सकता है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, रूसी कच्चे तेल की कीमत करीब 70 से 76 डालर प्रति बैरण्ल है, जबकि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में यही कीमत 95 से 105 डालर प्रति बैरल के बीच है। वहीं, पाकिस्तान के पेट्रोलियम सचिव ने संसद की एक समिति को बताया कि देश के पास फिलहाल सिर्फ 11 दिन का कच्चा तेल बचा है। वहीं, पेट्रोल 321 पीकेआर (पाकिस्तानी रुपये) और डीजल 335 पीकेआर प्रति लीटर



मिल रहा है। पाकिस्तान को रोजाना लगभग 5 से 6 लाख बैरल कच्चे तेल (क्रूड आयल) की जरूरत पड़ती है। पाकिस्तान सरकार ईरान से बात कर रही है ताकि होर्मुज स्ट्रेट से तेल लाने की इजाजत मिल सके। अगर मंजूरी मिलती है, तो पाकिस्तान के चार जहाज इस रास्ते से तेल ला सकते हैं। साथ ही अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि 14 अप्रैल के बाद देश में गैस की भारी कमी हो सकती है, क्योंकि एलएनजी की सप्लाई भी प्रभावित हुई है। पाकिस्तान का करीब 70 प्रतिशत तेल मिडिल ईस्ट से आता है, लेकिन जंग के कारण शिपिंग रूट और सप्लाई चेन पर असर पड़ा है। तेल की कीमतें भी तेजी से बढ़ी हैं। डीजल की कीमत 88 डालर से बढ़कर 187 डालर और पेट्रोल 74 डालर से बढ़कर 130 डालर तक पहुंच गया है। पहले जहां तेल 4-5 दिन में पहुंच जाता था, अब रेड सी के रास्ते आने में करीब 12 दिन लग रहे हैं। अधिकारियों ने यह भी बताया कि कतर से आने वाली गैस सप्लाई लगभग बंद हो गई है। मार्च में आने वाले 8 एलएनजी कार्गो में से सिर्फ 2 ही पहुंचे, जबकि अप्रैल में भी आधे से ज्यादा कार्गो नहीं पहुंच सकते। ऐसे में गैस की सप्लाई घट सकती है और सरकार घरेलू इस्तेमाल के लिए गैस बचाने पर विचार कर रही है। हालात को संभालने के लिए पाकिस्तानी सरकार ने 23 अरब पाकिस्तानी रुपये की सब्सिडी देने का फैसला किया है, जो मोटरसाइकिल और रिक्शा चलाने वाले करीब 3 करोड़ लोगों को दी जाएगी। यह पैसा सरकार की बचत से दिया जाएगा, जो खर्च कम करने की पालिसी से आया है। सरकार रोजाना तेल के स्टाक पर नजर रख रही है। वित्त मंत्री ने कहा कि देश में अभी तेल की सप्लाई ठीक है और लोगों को बेवजह पेट्रोल जमा करने की जरूरत नहीं है।

